


# तरूण छत्तीसगढ़




e-Paper- tarunchhattisgarhkorba.com
कोरबा एवं रायपुर से एक साथ प्रकाशित डाक पंजीयन क्रमांक- जी2-112/सी.जी/बीएलपी/003/2024-2026
वर्ष 37 अंक 117 | कोरबा, सोमवार, दिनांक 26 जनवरी 2026 डाक 27 जनवरी 2026 | पृष्ठ : 8+8 मूल्य 2.00 रुपए

## कर्तव्य पथ पर दिखी भारत की ताकत, लड़ाकू विमानों की गगनभेदी गर्जना से गूंजा आकाश



**नईदिल्ली 26 जनवरी [एजेंसी]।**

आज भारत 77वां गणतंत्र दिवस मना रहा है। राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में आयोजित मुख्य समारोह में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने परेड की सलामी ली। यूरोपीय संघ की अध्यक्ष उर्सुला लॉन डेर लेयेन और यूरोपीय परिषद के अध्यक्ष एंटोनियो लुइस सैंटोस दा कोस्टा इस गौरवशाली लम्हे के साक्षी बने। देश के राज्यों में भी गणतंत्र दिवस के अवसर पर तिरंगा फहराया गया।

राष्ट्रपति के रवाना होने के बाद पीएम मोदी ने दर्शक दीघा के पास जाकर लोगों का अभिवादन किया। प्रधानमंत्री ने दर्शक दीर्घा के दोनों तरफ जाकर दर्शकों का अभिवादन किया। इसके बाद राष्ट्रगान के साथ कर्तव्य पथ परेड का समापन हुआ। इसके बाद राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, विदेशी मेहमानों यूरोपीय आयोग की अध्यक्ष उर्सुला वॉन डेर लेयेन और यूरोपीय परिषद के अध्यक्ष सैंटोस डा कोस्टा कर्तव्य पथ से रवाना हो गए। वायुसेना के विमानों ने कर्तव्य पथ पर उड़ान भरी। जिसमें सी-295, सी-130, एयरक्राफ्ट ने चंडीगढ़ से उड़ान भरी। साथ ही सुखोई लड़ाकू विमानों, राफेल लड़ाकू विमानों ने कर्तव्य पथ के ऊपर से गगनभेदी गर्जना के साथ उड़ान भरी। यूरोपीय आयोग की अध्यक्ष उर्सुला वॉन डेर लेयेन ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट करते हुए लिखा, भारत के गणतंत्र दिवस समारोह में शामिल होना सम्मान की बात है। एक सफल भारत दुनिया को और स्थिर, समृद्धि और सुरक्षित बनाएगा और हम सभी को इससे फायदा होगा।

सेना की डेयर डेविल टीम ने कर्तव्य पथ पर हैरतअंगेज करतब दिखाकर दर्शकों को मोहित कर दिया। जवानों ने भौतिकी के नियमों को धता बताते हुए गजब के संतुलन का प्रदर्शन किया। वंदे मातरम के 150 साल पूरे होने के अवसर पर कर्तव्य पथ पर एक विशेष प्रस्तुति दी गई, जिसमें पूरे भारत की सांस्कृतिक विविधता को एक सूत्र में पिरोकर पेश किया गया, जिसे देखकर सभी दर्शक अभिभूत हो गए। कर्तव्य पथ पर विद्युत मंत्रालय की झांकी भी निकाली गई। जिसमें स्मार्ट पावर, स्मार्ट होम को थीम बनाया गया। मध्य प्रदेश की झांकी में लोकमाता देवी अहिल्याबाई होल्कर को परिलक्षित किया गया। ओडिशा राज्य की झांकी की थीम परंपरा से प्रगति रहा, जिसमें महिला विकास और सेमीकंडक्टर चिप में विकास को भी दर्शाया गया। मणिपुर की झांकी में राज्य की जैविक खेती को दिखाया गया। राजस्थान की झांकी में दस्तकारी और राज्य की समृद्ध संस्कृति को दिखाया गया। केंद्रीय लोक निर्माण विभाग की झांकी की थीम वंदे मातरम के 150 साल पूरे होने पर रखी गई थी, जिसमें मातृभूमि के प्रति प्रेम को दर्शाया गया। सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय की झांकी में सूचना के क्षेत्र में देश के विकास को बखूबी परिलक्षित किया गया। संस्कृति मंत्रालय ने भी वंदे मातरम के 150 साल पूरे होने को अपनी झांकी में दिखाया।

## संविधान, लोकतंत्र और सुशासन के रास्ते विकसित छत्तीसगढ़ का निर्माण सरकार का संकल्प : सीएम विष्णुदेव साय



**बिलासपुर।** लोकतंत्र की मजबूती, संविधान की सर्वोच्चता और विकसित छत्तीसगढ़ के संकल्प के साथ आज 77वां गणतंत्र दिवस पूरे प्रदेश में हर्षोल्लास, देशभक्ति और गौरवपूर्ण वातावरण में मनाया गया। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने बिलासपुर के पुलिस परेड ग्राउंड में आयोजित गणतंत्र दिवस के मुख्य समारोह में राष्ट्रीय ध्वज फहराया और संयुक्त परेड की सलामी ली। उन्होंने शहीद सैनिकों एवं पुलिस जवानों के परिजनों को सम्मानित किया तथा छत्तीसगढ़ पुलिस बल को राज्य स्थापना की 25वीं वर्षगांठ का पदक देने की घोषणा की। मुख्यमंत्री साय ने इस मौके पर प्रदेशवासियों को गणतंत्र दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि भारत का संविधान हमारी लोकतांत्रिक आस्था, समानता और सामाजिक न्याय का मजबूत आधार है। छत्तीसगढ़ महतारी की सेवा, विकास और समृद्धि के लिए राज्य सरकार पूर्ण निष्ठा के साथ कार्य कर रही है। मुख्यमंत्री श्री साय ने अपने गणतंत्र दिवस संदेश में राज्य की उपलब्धियों, जनकल्याणकारी योजनाओं, नक्सल उन्मूलन की दिशा में हुई प्रगति, किसानों-श्रमिकों-महिलाओं के सशक्तीकरण, शिक्षा-स्वास्थ्य-औद्योगिक विकास और सुशासन की विस्तार से जानकारी दी।

### शुभकामनाएं



गणतंत्र दिवस पर सुधिपाठको, विज्ञापनदाताओं को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...

....... संपादक

### अवकाश सूचना

गणतंत्र दिस के उपलक्ष्य में दैनिक तरूण छत्तीसगढ़ कार्यालय में दिनांक 27 जनवरी 2026 को अवकाश रहेगा, अत: अगला संस्करण 28 जनवरी 2026 को प्रकाशित होगा।

व्यवस्थापक






























भारत के 77वें गणतंत्र दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं



**सहायक संचालन रेशम विभाग**
**कोरबा एवं समस्त पंचगण**

---

भारत के 77वें गणतंत्र दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं

**दीपक कंवर**
प्राधिकृत अधिकारी

**दुलीचंद धीवर**
प्रभारी

*एवं समस्त स्टाफ*

**आदिम जाति सेवा सहकारी समिति**
**तिलकेजा पंजीयन क्र.300 शाखा-कोरबा**

---

भारत के 77वें गणतंत्र दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं

कार्यपालन अभियंता
समस्त अधिकारी एवं कर्मचारी
**ग्रामीण यांत्रिकी सेवा**
**संभाग कोरबा**

---

भारत के 77वें गणतंत्र दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं

**लक्ष्मीनारायण जायसवाल**
प्राधिकृत अधिकारी

**विजेंद्र गोस्वामी**
प्रबंधक

*एवं समस्त पदाधिकारी-स्टाफ*

**आदिम जाति सेवा सहकारी समिति**
**करतला जिला-कोरबा (छ.ग.)**

---

भारत के 77वें गणतंत्र दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं

समस्त अधिकारी एवं कर्मचारी
**महिला एवं बालविकास विभाग**
**कोरबा (छ.ग.)**

---

भारत के 77वें गणतंत्र दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं

**लक्ष्मीनारायण जायसवाल**
**प्राधिकृत अधिकारी**
**रंजीत कंवर** - प्रबंधक
*एवं समस्त पदाधिकारी-स्टाफ*

**आदिवासी सेवा सहकारी समिति**
**चिकनीपाली जिला-कोरबा (छ.ग.)**

---

भारत के 77वें गणतंत्र दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं

समस्त अधिकारी एवं कर्मचारी
**कृषि विभाग कोरबा**
**जिला-कोरबा (छ.ग.)**

---

भारत के 77वें गणतंत्र दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं

**शत्रुहन सिंह कंवर**
**अध्यक्ष**
**रंजीत कंवर** - प्रबंधक
*एवं समस्त पदाधिकारी-स्टाफ*

**आदिवासी सेवा सहकारी समिति**
**तुमान जिला-कोरबा (छ.ग.)**

---

भारत के 77वें गणतंत्र दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं

**प्राधिकृत अधिकारी एवं प्रबंधक**

**आदिवासी सेवा सहकारी समिति**
**कोरकोमा जिला-कोरबा (छ.ग.)**

---

भारत के 77वें गणतंत्र दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं

**समस्त अधिकारी एवं कर्मचारी**
**वन विकास निगम कोरबा**
**जिला-कोरबा (छ.ग.)**

---

भारत के 77वें गणतंत्र दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं

**मृत्युंजय शर्मा**
वन परिक्षेत्र अधिकारी
एवं समस्त स्टाफ कोरबा
वन मण्डल-कोरबा

---

भारत के 77वें गणतंत्र दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं

**दिनेश कुमार कुर्रे**
वन परिक्षेत्र अधिकारी चैतमा
एवं समस्त स्टाफ
वन मण्डल-कटघोरा

---

भारत के 77वें गणतंत्र दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं

**श्री बंजारे**
वन परिक्षेत्र अधिकारी पाली
एवं समस्त स्टाफ
वन मण्डल-कटघोरा

---

भारत के 77वें गणतंत्र दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं

**समस्त अधिकारी कर्मचारी एवं ठेकेदारगण**

**हसदेव ताप विद्युतगृह कोरबा-पश्चिम**
**जिला-कोरबा (छ.ग.)**

---

भारत के 77वें गणतंत्र दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं

**नरेंद्र सरकार**
एस.डी.ओ.
एवं समस्त स्टाफ
आर.ई.एस. करतला

---

भारत के 77वें गणतंत्र दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं

**जयंत सरकार**
वन परिक्षेत्र अधिकारी
एवं समस्त स्टाफ
बालकोनगर, कोरबा (छ.ग.)

# शासकीय मिनीमाता कन्या महाविद्यालय में जिला स्तरीय राष्ट्रीय मतदाता दिवस आयोजित

## नुक्कड़ नाटक व सांस्कृतिक कार्यक्रमों से फैलाई गई मतदाता जागरूकता

### मतदान से मजबूत होगा लोकतंत्र : कलेक्टर कुणाल दुदावत



**कोरबा ।** भारत निर्वाचन आयोग एवं मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी छत्तीसगढ़ के निर्देशानुसार जिले में 25 जनवरी को 16 वां राष्ट्रीय मतदाता दिवस गरिमामय एवं उत्साहपूर्ण वातावरण में मनाया गया। जिला स्तरीय आयोजन शासकीय मिनीमाता कन्या महाविद्यालय, कोरबा में सम्पन्न हुआ। इस वर्ष कार्यक्रम की थीम 'मेरा भारत, मेरा वोट' रही, जिसके माध्यम से लोकतांत्रिक मूल्यों को सुदृढ़ करने एवं मतदाता सहभागिता बढ़ाने का संदेश दिया गया।

कार्यक्रम में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री कुणाल दुदावत तथा पुलिस अधीक्षक श्री सिद्धार्थ तिवारी विशेष रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम के पूर्व कलेक्टर एवं एसपी द्वारा महाविद्यालय की छात्राओं द्वारा निर्वाचन एवं विशेष गहन पुनरीक्षण विषय पर बनाई गई रंगोली एवं मेंहदी कलाकृतियों का अवलोकन किया गया तथा छात्राओं के रचनात्मक प्रयासों की सराहना की गई। इस अवसर पर एसआईआर अंतर्गत मतदाता जागरूकता कार्यक्रम के वाहन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया।

मुख्य कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलन एवं सरस्वती वंदना के साथ किया गया। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री कुणाल दुदावत ने अपने संबोधन में कहा कि भारत विश्व का सबसे बड़ा लोकतांत्रिक देश है, जहां प्रत्येक नागरिक को संविधान द्वारा मतदान का अधिकार प्राप्त है। यह अधिकार लोकतंत्र की आत्मा है और इसकी सशक्तता नागरिकों की सक्रिय भागीदारी पर निर्भर करती है। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र केवल मतदान तक सीमित नहीं है, बल्कि यह जागरूकता, सहभागिता और जिम्मेदार नागरिक बनने की निरंतर प्रक्रिया है।

कलेक्टर श्री दुदावत ने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा संचालित विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान का मुख्य उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि कोई भी पात्र नागरिक मतदाता सूची से वंचित न रहे। इसके तहत बीएलओ घर-घर जाकर कार्य कर रहे हैं, जो एक महत्वपूर्ण और सराहनीय दायित्व है। उन्होंने युवाओं से आह्वान किया कि 18 वर्ष की आयु पूर्ण करते ही वे स्वयं पहल कर मतदाता सूची में अपना नाम जुड़वाएं, ताकि किसी भी समय होने वाले चुनाव में वे निर्भीक होकर अपने मताधिकार का प्रयोग कर सकें। उन्होंने कहा कि जितना अधिक मतदान प्रतिशत होगा, उतना ही हमारा लोकतंत्र मजबूत होगा। एसआईआर प्रक्रिया के दौरान किसी भी प्रकार की समस्या होने पर नागरिकों से निर्वाचन कार्यालय अथवा संबंधित बीएलओ से संपर्क करने की अपील की।पुलिस अधीक्षक श्री सिद्धार्थ तिवारी ने अपने संबोधन में कहा कि राष्ट्रीय मतदाता दिवस नागरिकों को उनके अधिकारों एवं कर्तव्यों की याद दिलाने का महत्वपूर्ण अवसर है। उन्होंने कहा कि मतदान का अधिकार केवल संवैधानिक अधिकार नहीं, बल्कि एक महत्वपूर्ण जिम्मेदारी भी है, जिसका प्रयोग सोच-समझकर एवं निष्पक्ष रूप से किया जाना चाहिए। उन्होंने छात्राओं से एक जागरूक, अनुशासित और जिम्मेदार नागरिक बनने का आह्वान करते हुए कहा कि शिक्षा के साथ-साथ नागरिक दायित्वों की समझ भी उतनी ही आवश्यक है। जब विद्यार्थी इस संस्थान से शिक्षा प्राप्त कर आगे बढ़ें, तो उनके आचरण एवं जिम्मेदार व्यवहार से माता-पिता, विद्यालय और समाज सभी को गर्व हो। एसपी श्री तिवारी ने शांतिपूर्ण एवं निष्पक्ष निर्वाचन की आवश्यकता पर बल देते हुए कहा कि लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा और कानून व्यवस्था बनाए रखना हम सभी की साझा जिम्मेदारी है। उन्होंने युवाओं से लोकतांत्रिक प्रक्रियाओं में सकारात्मक सहभागिता निभाने का आह्वान किया।इस अवसर पर निगम आयुक्त श्री आशुतोष पाण्डेय, सहायक कलेक्टर श्री क्षितिज गुरभेले एवं जिला पंचायत सीईओ श्री दिनेश कुमार नाग ने नवीन मतदाताओं को शुभकामनाएं देते हुए मतदान के महत्व, निर्वाचन प्रक्रिया एवं नागरिक जिम्मेदारियों पर प्रकाश डाला।

कार्यक्रम के दौरान उपस्थित जनसमूह को लोकतांत्रिक परंपराओं के संरक्षण एवं शांतिपूर्ण निर्वाचन संपन्न कराने की शपथ दिलाई गई। मतदाता जागरूकता के उद्देश्य से सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं नुक्कड़ नाटक का मंचन किया गया, जिसके माध्यम से विशेष गहन पुनरीक्षण एसआईआर अभियान, मतदान के अधिकार एवं जागरूकता संबंधी संदेश प्रभावी रूप से प्रस्तुत किए गए।

कार्यक्रम में नवीन मतदाताओं को एनवीडी कैप एवं बैच पहनाकर सम्मानित किया गया। साथ ही निर्वाचन कार्य में पूरी लगन एवं उत्कृष्ट कार्य करने वाले कर्मचारियों एवं बीएलओ को कलेक्टर द्वारा सम्मानित किया गया, जिनमें श्रीमती बसंती कंवर, कमला साहू, माधुरी चंद्रा, अवध बिहारी जायसवाल एवं उमा देवी मरावी शामिल हैं।इस अवसर पर संयुक्त कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती माधुरी सोम ठाकुर, एसडीएम कोरबा श्री सरोज महिलांगे, कन्या महाविद्यालय की प्राचार्य श्रीमती रेणु बाला शर्मा, जिला स्तरीय अधिकारी-कर्मचारी, बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं एवं आम नागरिक उपस्थित रहे।



## जिले में राष्ट्रीय मतदाता दिवस का गरिमामय आयोजन

**कोरबा ।** भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार आज जिले भर में 'राष्ट्रीय मतदाता दिवस' अत्यंत उत्साह और उमंग के साथ मनाया गया। इस अवसर पर जिले के समस्त विकासखंडों, तहसीलों, संकुलों सहित शासकीय एवं अशासकीय महाविद्यालयों, विद्यालयों, मतदान केंद्रों और सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन कर नागरिकों को लोकतांत्रिक मूल्यों के प्रति जागरूक किया गया। सभी शासकीय कार्यालयों और शैक्षणिक संस्थानों में उपस्थित अधिकारियों, कर्मचारियों और विद्यार्थियों को लोकतंत्र के प्रति निष्ठा की सामूहिक शपथ दिलाई गई। शपथ के माध्यम से सभी ने निर्भीक होकर, धर्म, वर्ग, जाति, समुदाय, भाषा अथवा अन्य किसी भी प्रलोभन से प्रभावित हुए बिना सभी निर्वाचनों में अपने मताधिकार का प्रयोग करने का संकल्प लिया।

मतदाता जागरूकता अभियान (स्वीप) के अंतर्गत जिले के विभिन्न संस्थानों में रचनात्मक प्रतियोगिताओं का आयोजन भी किया गया। छात्र-छात्राओं ने आकर्षक रंगोली, प्रेरणादायक नारा लेखन और पोस्टर मेकिंग के माध्यम से मतदान की महत्ता को प्रदर्शित किया। इन गतिविधियों के माध्यम से नए और युवा मतदाताओं को निर्वाचन प्रक्रिया से जुड़ने के लिए प्रोत्साहित किया गया।

इसी कड़ी में भैंसमा स्थित स्व. प्यारे लाल कंवर शासकीय महाविद्यालय, शासकीय नवीन महाविद्यालय पाली, स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट हिंदी माध्यम विद्यालय लाफा, डी.ए.वी. पब्लिक स्कूल कुसमुंडा और केंद्रीय विद्यालय कुसमुंडा सहित जिले के सभी शैक्षणिक संस्थानों में छात्र-छात्राओं की सक्रिय भागीदारी रही। साथ ही सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों में भी कार्यरत कार्मिकों ने लोकतंत्र की मजबूती के लिए कार्य करने की प्रतिबद्धता दोहराई। जिला प्रशासन द्वारा इन आयोजनों के सफल संपादन के साथ ही शत-प्रतिशत मतदान सुनिश्चित करने का संदेश जन-जन तक पहुँचाया गया।

## रासेयो लाफा ने पराक्रम दिवस पर निकाली रैली



**पाली।** स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट हिंदी माध्यम विद्यालय लाफा की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई ने पराक्रम दिवस मनाया। कार्यक्रम प्राचार्य जीपी बंजारे के संरक्षण, कार्यक्रम अधिकारी महावीर प्रसाद चंद्रा की अगुवाई में हुआ। शिक्षकों व छात्र-छात्राओं की उपस्थिति में ज्ञान की देवी मां सरस्वती, नेताजी सुभाष चंद्र बोस के तैल चित्र पर पूजा-अर्चना, दीप प्रज्वलन, पुष्प अर्पित कर किया। दुबट्टा चौक में पराक्रम दिवस पर रैली निकालकर सामूहिक राष्ट्रगीत वंदे मातरम का गायन किया। इस दौरान स्मिता सिंह ने सरस्वती पूजन के वैज्ञानिक पहलुओं का जिक्र करते हुए जाति, धर्म से ऊपर उठकर प्रत्येक नागरिक को पूजन करने की समझाइश दी। कार्यक्रम अधिकारी ने सुभाष चंद्र बोस के सफरनामा को बताया। समापन पूर्व राष्ट्रीय सेवा योजना की ओर से सभी को प्रसाद वितरण किया गया। इस दौरान व्याख्याता एसएल कुर्रे, महावीर प्रसाद चंद्रा, उमाशंकर श्रीवास, वीर सिंह आदि मौजूद रहे।

# कैबिनेट मंत्री ने साढ़े 47 करोड रूपये के महत्वपूर्ण विकास कार्यों को कराया प्रारंभ

## महापौर श्रीमती संजूदेवी राजपूत सहित जनप्रतिनिधियों की रही गरिमामयी उपस्थिति

**कोरबा ।** छत्तीसगढ़ प्रदेश के उद्योग, वाणिज्य, श्रम, आबकारी व सार्वजनिक उपक्रम मंत्री सह कोरबा नगर विधायक लखनलाल देवांगन ने महापौर श्रीमती संजूदेवी राजपूत सहित अन्य जनप्रतिनिधियों की गरिमामयी उपस्थिति में सड़क निर्माण, कालेज व स्कूल भवन निर्माण आदि से जुड़े साढ़े 47 करोड़ रूपये के महत्वपूर्ण विकास कार्यो को नारियल तोड़कर प्रारंभ कराया तथा पूरी गुणवत्ता के साथ कार्य कर समयसीमा में कार्यो को पूरा करने के निर्देश अधिकारियों व निर्माण एजेंसियों को दिए।

कैबिनेट मंत्री श्री देवांगन ने नारियल तोड़कर 29 करोड़ 80 लाख रूपये की लागत से झगरहा कोरकोमा पसरखेद चचिया मार्ग निर्माण, 07 करोड़ 22 लाख रूपये की लागत से सक्ती से कोरबा मार्ग के बीच 3.40 किलोमीटर मार्ग का उन्नयन कार्य, 01 करोड़ 87 लाख रूपये की लागत से रिंग रोड मुख्य मार्ग से डिंगापुर पहुंच मार्ग का निर्माण, 01 करोड़ 58 लाख रूपये की लागत से मुड़ापार से दादर भालुसटका होते हुए रिसदी बायपास तक 2 लेन निर्माण कार्य, 04 करोड़ 65 लाख रूपये की लागत से शासकीय नवीन महाविद्यालय रामपुर जिला कोरबा का भवन निर्माण कार्य, 01 करोड़ 21 लाख रूपये की लागत से पी.डब्ल्यू.डी. रामपुर के हायर सेकेण्डरी स्कूल भवन का निर्माण कार्य तथा 01 करोड़ 21 लाख रूपये की लागत से शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मदनपुर का भवन निर्माण कार्य आदि कार्य शामिल हैं। उल्लेखनीय है कि प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के करकमलों से इन महत्वपूर्ण विकास कार्यो का भूमिपूजन संपन्न कराया गया था, कैबिनेट मंत्री श्री देवांगन ने नारियल तोड़ कर इन कार्यो को प्रारंभ कराया तथा अधिकारियों व निर्माण एजेंसियों को कड़े निर्देश दिए कि कार्य के दौरान गुणवत्ता पर विशेष ध्यान रखें तथा यह अंतिम रूप से सुनिश्चित करें कि कार्य पूरी गुणवत्ता के साथ किए गए हैं। इस अवसर पर दिए गए अपने उद्बोधन में कैबिनेट मंत्री लखनलाल देवांगन ने कहा कि देश के पूर्व प्रधानमंत्री अटलबिहारी बाजपेयी के द्वारा हम सबको छत्तीसगढ़ राज्य की सौगात दी गई थी, अब छत्तीसगढ़ को संवारने, इसे सम्पूर्ण रूप से विकसित करने का कार्य हमारी सरकार के द्वारा किया जा रहा है, उन्होने आगे कहा कि डॉ. रमन सिंह जब छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री बने, तो विकास के क्षेत्र में हमारा क्षेत्र काफी पिछड़ा हुआ था, अपने 15 वर्षो के कार्यकाल में उन्होने विकास के सभी क्षेत्रों में ऐतिहासिक रूप से कार्य किया तथा राज्य के विकास पुरूष की छबि बनाई।

उन्होने आगे कहा कि हम सौभाग्यशाली हैं कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का लगातार आशीर्वाद प्रदेश के विकास को मिल रहा है, वहीं मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय एवं उपमुख्यमंत्री व नगरीय प्रशासन मंत्री अरूण साव का लगातार सहयोग, मार्गदर्शन कोरबा के विकास के लिए प्राप्त हो रहा है, जिसके परिणाम स्वरूप सम्पूर्ण छत्तीसगढ़ राज्य के साथ-साथ कोरबा का भी सर्वांगीण विकास हो रहा है। केवल जिला खनिज न्यास मद से ही कोरबा जिले के 04 विधानसभा क्षेत्रों में 3000 करोड़ रूपये के विकास कार्य स्वीकृत किए गए हैं, आगे आने वाले समय में कोरबा जिले की सभी सड़कों व प्रमुख मार्गो का कायाकल्प होगा तथा नागरिकों की विकास से जुड़ी अन्य समस्याएं भी शीघ्र दूर होंगी। इस अवसर पर महापौर श्रीमती संजूदेवी राजपूत ने अपने उद्बोधन में कहा कि दलगल राजनीति से ऊपर उठकर केवल जनता जनार्दन की इच्छा व मांग के अनुरूप निगम के सभी वार्डो में बिना किसी भेदभाव के समान रूप से विकास कार्य हों, यह हमारा प्रमुख लक्ष्य है तथा इस दिशा में तेजी के साथ कार्य हो रहा है। उन्होने कहा कि कैबिनेट मंत्री लखनलाल देवांगन ने अपने महापौर कार्यकाल में कोरबा के विकास पुरूष की छबि बनाई थी, उनके द्वारा किए गए कार्यो को तथा उनके कार्यकाल को हम सब आज भी याद करते हैं, मुझे खुशी है कि श्री देवांगन अब छत्तीसगढ़ के पांच महत्वपूर्ण विभागों के मंत्री हैं तथा उनका पूरा आशीर्वाद, सहयोग व मार्गदर्शन कोरबा के विकास के लिए निरंतर प्राप्त हो रहा है, विकास कार्यो हेतु उनके द्वारा लगातार फण्ड की व्यवस्था कराई जा रही है, मुझे विश्वास है कि आगे आने वाले समय में हम कोरबा को समस्याविहीन शहर बनाने में कामयाब होंगे। इस अवसर पर वरिष्ठ पार्षद नरेन्द्र देवांगन, एम.आई.सी. सदस्य ममता यादव, अजय गोंड़, पार्षद लक्ष्मण श्रीवास, प्रताप सिंह कंवर, जिला पंचायत सदस्य रेणुका राठिया, मण्डल अध्यक्ष राजेश राठौर, महामंत्री अजय विश्वकर्मा, प्रकाश अग्रवाल, राजेन्द्र अग्रवाल, प्रफुल्ल तिवारी, दीपनारायण सोनी, नरेन्द्र पाटनवार, संजीव शर्मा, शिव चंदेल, लक्ष्य चतुर्वेदी, बलराम विश्वकर्मा, विजय राठौर, प्रीति स्वर्णकार, विभा शुक्ला, वर्षा सोनी, माधवी अग्रवाल, जय कुमार लहरे, पीडब्ल्यूडी के एस.डी.ओ. राकेश दुबे, रमा मिर्री, तुलसी सूर्यवंशी, पूजा खाण्डे, राजमोहनी भगत आदि सहित नागरिकगण उपस्थित थे।



## शाखा प्रबंधक सहित बैंक कर्मियों के बच्चे सम्मानित

**कोरबा ।** प्रधान कार्यालय में छत्तीसगढ़ जिला सहकारी केंद्रीय बैंक कर्मचारी संघ बिलासपुर ने कर्मचारियों के प्रतिभावान बच्चों, उत्कृष्ट कार्य करने वाले कर्मियों के लिए सम्मान समारोह आयोजित किया। इनमें कोरबा ब्रांच की शाखा प्रबंधक सरिता पाठक, कटघोरा के शाखा प्रबंधक मणिशंकर मिश्रा, पोड़ी-उपरोड़ा के शाखा प्रबंधक रोहित राठौर, बालको के सहायक लेखापाल शैलेष मसीह, एनटीपीसी ब्रांच की प्रभारी प्रबंधक नेहा पांडेय के पुत्र रुद्राक्ष पांडेय, पर्यवेक्षक ज्ञान सोनी के पुत्र अनुभव व अक्षांश सोनी, पेखन चंद्राकर के पुत्र भावेश चंद्राकर, पायल चंद्राकर, पीहू चंद्राकर को पिछली कक्षा में अच्छे अंक अर्जित करने प्रशस्ति-पत्र व नकद पुरस्कार प्रदान किया।

इस दौरान मुख्य अतिथि रहे जिला सहकारी केंद्रीय बैंक मर्यादित बिलासपुर के अध्यक्ष रजनीश सिंह, उपाध्यक्ष रजनी साहू, जिला सहकारी केंद्रीय बैंक मर्यादित बिलासपुर के मुख्य कार्यपालन अधिकारी प्रभात मिश्रा व नोडल अधिकारी बिलासपुर आशीष दुबे ने बच्चों और कर्मियों को सम्मानित किया। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से छत्तीसगढ़ जिला सहकारी केंद्रीय बैंक कर्मचारी संघ बिलासपुर के अध्यक्ष भागवत यादव, विशेष आमंत्रित सदस्य शशांक शेखर दुबे, संघ के संरक्षक व कोरबा के नोडल अधिकारी सुशील जोशी, संतोष ठाकुर, अन्य पदाधिकारी, विभिन्न शाखाओं के अधिकारी-कर्मचारी परिवार समेत बड़ी संख्या में शामिल हुए।



## गेवरा स्पोटिंग बना विजेता

कोरबा। 25 जनवरी को मन्दयंती स्पोर्ट्स सोसायटी कोरबा द्वारा आयोजित अखिल भारतीय ड्यूज बॉल क्रिकेट प्रतियोगिता का फाइनल मैच गेवरा स्पोटिंग विरुद्ध कृष्णा इलेवन कोरबा के मध्य खेला गा।

जिसमें गेवरा स्पोटिंग विजय रहा मैच के मुख्य अतिथि राजेश गुप्ता जीएम कोरबा एरिया व पूर्व राजस्व मंत्री जयसिंह अग्रवाल विशिष्ट अतिथि नूतन राजपूत सभापति नगर निगम कोरबा, मुकेश राठौर अध्यक्ष जिला कांग्रेस कमेटी कोरबा (शहर), शैलेंद्र सिंह , सुशील गर्ग, नौशाद खान ,एमबी पटेल , मोहन सिंह प्रधान , बी.बी साहू , राजेंद्र तिवारी द्वद्द, सुखसागर निर्मलकर , सुभाष राठौर , दुष्यंत शर्मा सपना चौहान , पुष्पा पात्रे , लक्ष्मी महंत , शशि अग्रवाल उपस्थित रहे।फाइनल मैच के अंपायर इजराइल खान , बलवीर सिंह सोढ़ी , स्कोरर नमन निराला , कमेंटेटर भुनेश्वर कश्यप रहे।इस अवसर पर विकास सिंह अध्यक्ष मन्दयंति स्पोर्ट्स सोसायटी,सुनील शर्मा ,अशोक लोध , महेंद्र सिंह , राजेंद्र पटेरिया ,अनिल प्रजापति ,मनोज ठाकुर ,अंकित वर्मा , एडी जोशी , अभिषेक गुप्ता,पवन विश्वकर्मा, बृजभूषण प्रसाद, राकेश पंकज,अमित सिंह,सुनील निर्मलकर, अश्वनी पटेल, सुजीत बर्मन, कमलेश गर्ग, विवेक श्रीवास, बालेंद्र सिंह, भरत मिश्रा, नितेश यादव,राजेश यादव, आकाश प्रजापति,गोपाल महंत, रूपेश महंत व भारी संख्या में दर्शकगण व खेलप्रेमी उपस्थित रहें।

## श्रीवास सामाजिक कल्याण समिति के अध्यक्ष बने शत्रुघ्न



**कोरबा।** शनिवार को श्रीवास (नाई) सामाजिक कल्याण समिति का विधि पूर्वक चुनाव हुआ। समाज के सभी सदस्यों ने इसमें सहभागिता ली। सभी पदों पर समाज ने निर्विरोध निर्वाचन किया। इसमें अध्यक्ष शत्रुघ्न लाल श्रीवास, उपाध्यक्ष कृष्ण कुमार श्रीवास, महासचिव लीलाधर श्रीवास, कोषाध्यक्ष रिखीराम श्रीवास, संयुक्त सचिव रमेश श्रीवास मनोनीत किए गए। कार्यकारिणी सदस्य पवन श्रीवास व तुलेश श्रीवास बने। संगठन सचिव राजेश्वर श्रीवास, व्यवस्थापक अखिलेश श्रीवास बनाए गए। विशिष्ट प्रकोष्ठ में मंत्री व्यावसायिक प्रकोष्ठ संतोष श्रीवास, सदस्य (व्यावसायिक) सुशील, राजेन्द्र श्रीवास, लक्ष्मीनारायण श्रीवास, जगदीश श्रीवास, लक्ष्मीनारायण श्रीवास, मंत्री महिला प्रकोष्ठ व सदस्य के पद पर महिला मंत्री कल्याणी श्रीवास, सदस्य शारदा श्रीवास, अन्नपूर्णा श्रीवास, सुमन श्रीवास, सुषमा श्रीवास, बसंती श्रीवास बनाए गए।

## बैग लेस-डे : बच्चों ने मंदिर, चर्च और गुरुद्वारे का किया भ्रमण



**गेवरा दीपका।** गेवरा दीपका शनिवार को स्कूलों में बैग लेस-डे घोषित है। इस दिन गवर्नमेंट प्राइमरी व मिडिल स्कूल चैनपुर बसाहट के छात्रों को सर्वधर्म संभाव की भावना विकसित करने शैक्षणिक भ्रमण कराया गया। भ्रमण में शामिल छात्रों को माता कर्मा मंदिर का दर्शन कराया। यहां से ईसाई धर्म कि जानकारी के लिए चर्च का भ्रमण कराया।गुरुद्वारा में गुरुनानक जी के आदर्श को बताते हुए गुरुद्वारा का भ्रमण कराया। यहां से नेहरू शताब्दी हॉस्पिटल में छात्रों को भ्रमण कराकर स्वास्थ्य सुविधाओं की जानकारी दी। इसके बाद वैष्णो मंदिर में माता वैष्णो देवी के दर्शन कराकर उनके बारे में जानकारी दी। स्टेडियम में होने वाले आयोजन खेलकूदों और स्वतंत्रता दिवस व गणतंत्र दिवस के कार्यक्रम की जानकारी देने के बाद राधा कृष्ण मंदिर में भगवान कृष्ण राधा जी और जगन्नाथ स्वामी जी के दर्शन कराकर वहां के गार्डन में बच्चों का मनोरंजन कराया। माता काली के दर्शन के लिए कालीबाड़ी ले जाया गया। साईं मंदिर में दर्शन-पूजन के बाद फिर वापस माता कर्मा मंदिर में ले जाया गया, जहां पिकनिक स्वरूप भोजन कराया। कार्यक्रम में प्रधान पाठक अनिल कौशिक, प्रेम शंकर तिवारी, सालोमी गुहा, दिव्या तिवारी, स्वर्णलता कौशिक, शाला प्रबंध समिति की अध्यक्ष लोकेश्वरी बाई, स्व-सहायता समूह से सीताबाई, कनक कश्यप व पवन कुमार भट्ट का सहयोग रहा। भ्रमण में शामिल स्कूल के छात्र-छात्राएं।

# अपराधियों और अवैध गतिविधियों के खिलाफ कार्रवाई, 22 वारंटी गिरफ्तार

**कोरबा ।** जिले में कानून-व्यवस्था सुदृढ़ बनाए रखने के साथ ही अपराधों पर प्रभावी नियंत्रण व अवैध गतिविधियों पर रोक लगाने एसपी सिद्धार्थ तिवारी ने सख्त निर्देश जारी किया है। इसके पालन में एएसपी कोरबा लखन पटले व एएसपी कटघोरा नीतिश ठाकुर के मार्गदर्शन में जिले में सभी अनुभागीय अधिकारियों व थाना-चौकी प्रभारियों द्वारा त्वरित व सख्त कार्रवाई के लिए अभियान चलाया जा रहा है।इसी कड़ी में रविवार को पुलिस ने 26 वारंटियों की गिरफ्तारी की है, जिसमें 4 स्थाई वारंटी शामिल हैं। उक्त सभी वारंटी लंबे समय से फरार चल रहे थे। वहीं अवैध महुआ शराब बनाने, रखने और बेचने वालों के खिलाफ भी कार्रवाई की जा रही है। ऐसे मामले में 10 प्रकरण बनाया गया है, जिसमें कुल 117.7 लीटर महुआ शराब जब्त करने के साथ ही 10 आरोपियों की गिरफ्तारी की गई है।शहर में महुआ शराब बेचती महिला गिरफ्तार सिटी कोतवाली अंतर्गत इमलीडुग्गू के धनुवार पारा निवासी महिला गनेशी बाई उरांव (55) बाड़ी में अवैध रूप से महुआ शराब रखकर बेच रही थी। उसके यहां नशेड़ियों की आवाजाही लगी रहती थी, जिस कारण क्षेत्र के लोग परेशान थे। लोगों की सूचना पर रविवार को सिटी कोतवाली टीआई एमबी पटेल के नेतृत्व में पुलिस टीम ने वहां छापा मारा, जहां 15 लीटर के जरिकेन में 10 लीटर महुआ शराब और बिक्री रकम 110 रुपए जब्त कर आबकारी अधिनियम की कार्रवाई कर कोर्ट में पेश किया। यहां से न्यायिक रिमांड पर उसे जेल भेज दिया है।

## गणतंत्र दिवस के अवसर पर सर्वमंगला पुलिस चौकी बनी आकर्षण का केंद्र

**कोरबा ।** कोरबा अंचल सर्वमंगला पुलिस चौकी को 26 जनवरी गणतंत्र दिवस के अवसर पर सजा गणतंत्र दिवस की तैयारी पूर्ण कर ली गयी है, हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी धूमधाम से गणतंत्र दिवस मनाया जा रहा है। इसी कड़ी में गणतंत्र दिवस को और यादगार बनाने के लिए सर्वमंगला चौकी प्रभारी द्वारा विशेष इंतेजाम किए गए हैं। हर वर्ष पूरे जिले में सर्वमंगला चौकी का नजारा अलग से दिखाई देता है। इस वर्ष भी सर्वमंगला चौकी को झालर लाइट गुब्बारे व पाल लाइट से सजाया गया है, जो दुल्हन की तरह दिख रही है। कुछ विशेष त्यौहार हो या फिर कोई विशेष अभियान सर्वमंगला चौकी प्रभारी द्वारा त्यौहार या अभियान को यादगार बनाने के लिए लगातार प्रयास किये जाते हैं।सर्वमंगला पुलिस द्वारा भी इस पर्व को यादगार बनाने के लिए कई दिनों से कड़ी मशक्कत की जा रही है, देर शाम सर्वमंगला पुलिस चौकी को रंगीन झालर लाइट और गुब्बारों से सजाया गया है। जो राहगीरों के लिए एक बार फिर आकर्षण का केंद्र बन गया है, मुसाफिर सेल्फी लेने के लिए भी चौकी पहुंच रहे हैं, और तारीफ भी कर रहे हैं। हर वर्ष पूरे जिले में सर्वमंगला चौकी का नजारा अलग से दिखाई देता है। इस वर्ष भी सर्वमंगला चौकी को झालर लाइट गुब्बारे व पाल लाइट से सजाया गया है

## एकलव्य स्कूल में दाखिला लेने 7 फरवरी तक मौका

**कोरबा।** एकलव्य आवासीय स्कूल वर्ष 2026-27 के लिए कक्षा 6वीं में प्रवेश के लिए ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि 7 फरवरी तक है। भरे गए फॉर्म में त्रुटि सुधार की प्रक्रिया 8 से 10 फरवरी तक और प्रवेश परीक्षा की तिथि 1 मार्च निर्धारित है। नियमावली का अवलोकन व पंजीयन डब्ल्यू डब्ल्यू डब्ल्यू डाट एकलव्य डाट सीजी डाट एनआईसी डाट इन पर करें।

## हर शिक्षा सत्र में 12 महीने काम सुनिश्चित करने की मांग



**कवर्धा ।** छत्तीसगढ़ के शासकीय महाविद्यालयों में वर्षों से अध्यापन कार्य कर रहे अतिथि व्याख्याता पिछले 12 वर्षों से अपनी मांगों को लेकर संघर्षरत हैं। लेकिन अब तक उच्च शिक्षा विभाग ने उनकी समस्याओं पर कोई ठोस निर्णय नहीं लिया है। इससे नाराज अतिथि व्याख्याताओं ने एक बार फिर शासन-प्रशासन को ज्ञापन सौंपकर जॉब सुरक्षा और सेवा शर्तों में सुधार की मांग उठाई है।
प्रदेशभर के शासकीय महाविद्यालयों में अतिथि व्याख्याता शिक्षा व्यवस्था की रीढ़ बने हुए हैं। नियमित प्राध्यापकों की कमी के बीच यही अतिथि व्याख्याता शिक्षण, परीक्षा, मूल्यांकन और शैक्षणिक गतिविधियों का भार संभाल रहे हैं। इसके बावजूद अतिथि व्याख्याताओं के लिए कोई स्थायी नीति नहीं है। उन्हें केवल 10 से 11 महीने तक ही कार्य मिलता है। सत्र समाप्त होते ही उनकी सेवाएं स्वत: समाप्त कर दी जाती हैं और उन्हें बेरोजगारी का सामना करना पड़ता है। नई नियुक्ति के लिए उन्हें हर वर्ष अनिश्चित प्रतीक्षा करनी पड़ती है। कभी जुलाई, कभी अगस्त तो कभी दिसंबर में नियुक्ति दी जाती है। इससे उनकी आय और जीवन दोनों प्रभावित होते हैं।
भेदभाव के आरोप, मनमानी भी हो रही: अतिथि व्याख्याताओं का आरोप है कि कालखंड आधारित मानदेय व्यवस्था के कारण महाविद्यालयों में भेदभाव और मनमानी को बढ़ावा मिला है। किसी अतिथि व्याख्याता को दो कालखंड, किसी को 3 तो किसी को 4 कालखंड का मानदेय दिया जाता है। कहीं अतिरिक्त कार्य का भुगतान होता है तो कहीं नहीं।इसकी वजह से छात्रों के भविष्य पर भी खतरा बढ़ा अतिथि व्याख्याताओं का कहना है कि शिक्षा एक सतत प्रक्रिया है, जिसके लिए पूरे वर्ष शिक्षकों की आवश्यकता होती है। लेकिन वर्तमान व्यवस्था में अतिथि व्याख्याताओं की नियुक्ति केवल 10-11 महीने तक सीमित है। इससे विद्यार्थियों की पढ़ाई प्रभावित होती है। शिक्षा की गुणवत्ता पर भी सवाल खड़े हो रहे हैं। नियमित प्राध्यापकों की कमी है।मध्यप्रदेश और हरियाणा राज्य में बेहतर व्यवस्था अतिथि व्याख्याताओं ने उदाहरण देते हुए बताया कि मध्यप्रदेश और हरियाणा जैसे राज्यों में उनकी स्थिति छत्तीसगढ़ से बेहतर है। मध्यप्रदेश में अतिथि व्याख्याताओं को मासिक वेतन, सवैतनिक अवकाश, स्थानांतरण सुविधा, पीएससी परीक्षा में आरक्षण और निरंतर कार्यरत अतिथि व्याख्याताओं को सेवा से बाहर न करने की नीति लागू है।

## मोहतरा कला में अटल उद्यान आकर्षण का केंद्र




**कवर्धा।** ग्राम मोहतरा कला अब सिर्फ एक गांव नहीं, बल्कि हरियाली, सौंदर्य और सामाजिक समरसता का प्रतीक बन चुका है। गांव के हृदय में बने अटल उद्यान में रंग-बिरंगे फूल, छायादार वृक्ष और सुगंधित झाड़ियों ने पूरे इलाके को नया जीवन दे दिया है। कुंडा, दामापुर, कोलेगांव, भगतपुर, धनेली, पीपरमाटी, कंझेटा, कारीमाटी और कान्हाभैरा गांव से लोग इसे देखने आने लगे हैं।नवनिर्वाचित सरपंच वर्षा निलेश चंद्रवंशी के नेतृत्व में यह उद्यान सिर्फ हरे-भरे पौधों तक सीमित नहीं रहा। उनका कहना है कि हम चाहते थे कि उद्यान हर उम्र के लोगों के लिए प्रेरणा और शांति का केंद्र बने। बुजुर्ग छांव में बैठकर अनुभव साझा करें। युवा व बच्चे प्रकृति के महत्व को समझें और ग्रामीण समाज में एकता का अनुभव करें। उद्यान में हरियाली और पर्यावरण संरक्षण पर जोर दिया गया है। परिसर में स्थापित नर्सरी ने ग्रामीणों में पौधरोपण और हरियाली के प्रति जागरूकता बढ़ा दी है।
वाजपेयी जी के विचारों व मूल्यों को समर्पित है शाम के समय उद्यान का दृश्य और भी आकर्षक हो जाता है। मुख्य मार्ग पर लगी रोशनी और उद्यान की जगमगाहट आसपास के गांवों से आने वाले पर्यटकों को भी अपनी ओर खींचती है। बुजुर्ग बेंचों पर बैठकर बातें कर रहे हैं। वहीं बच्चे खेल-खेल में प्रकृति के करीब आ रहे हैं। विशेष रूप से यह उद्यान भारत रत्न व पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी के विचारों, मूल्यों और स्मृतियों को समर्पित है। यहां लगाई गई प्रतिमाएं और स्मृति स्थल आने वाली पीढ़ियों को उनके आदर्शों से जोड़ते हैं।

## प्रशासन सोया तो महिलाएं कर रहीं गश्त

**पंडरिया ।** जब व्यवस्था कमजोर पड़ती है, तब समाज को आगे आना पड़ता है। ग्राम सरईसेत में यही हुआ। वर्षों से गांव में चल रही शराबखोरी और अवैध बिक्री के खिलाफ अब ग्रामीणों ने निर्णायक लड़ाई शुरू कर दी है। महिलाओं के नेतृत्व में गठित नशा मुक्ति एवं ग्राम सुरक्षा समिति ने गांव की तस्वीर बदलने की शुरुआत कर दी है।
सरईसेत की महिलाएं अब सिर्फ घर की चौखट तक सीमित नहीं रहीं। उन्होंने गांव की सुरक्षा और सामाजिक अनुशासन की जिम्मेदारी अपने हाथ में ले ली है। समिति के तहत महिलाओं की टीम रोजाना शाम के समय मोहल्लों में गश्त कर रही है। सार्वजनिक स्थानों पर शराब पीने, बेचने या हुड़दंग करने वालों पर नजर रखी जा रही है। नियम तोड़ने वालों की सूचना सीधे पुलिस को दी जा रही है।
समिति गठन से पहले गांव में बड़ी बैठक बुलाई गई, जिसमें सैकड़ों पुरुष और महिलाएं शामिल हुए। पूर्व जिला पंचायत सदस्य ललित धुर्वे सहित गांव के लोगों ने इस पहल को समर्थन दिया। बैठक के बाद जागरूकता रैली निकाल कर लोगों को नशा के दुष्परिणाम बताए गए। सरईसेत की यह पहल यह साबित करती है कि बदलाव के लिए बड़े संसाधनों की नहीं, बल्कि मजबूत इच्छाशक्ति की जरूरत होती है। आज सरईसेत सिर्फ एक गांव नहीं, बल्कि नशा मुक्ति और सामाजिक जागरूकता का मॉडल बन रहा है।

### 218 करोड़ पर खर्च का हिसाब ही नहीं

**कवर्धा।** कबीरधाम शिक्षा विभाग में पिछले 4 वर्षों के भीतर 218 करोड़ रुपए से अधिक की वित्तीय गड़बड़ी सामने आई है। यह पूरा मामला विकासखंड शिक्षा अधिकारी (बीईओ) कार्यालय कवर्धा से जुड़ा हुआ है,।

# शादी का झांसा देकर दैहिक शोषण करने वाला आरोपी गिरफ्तार



**जनकपुर।** मकर संक्रांति का मेला घूमने आई नाबालिग को बहला फुसलाकर व शादी का झांसा देकर बलत्कार करने वाला आरोपी को जनकपुर पुलिस ने गिरफ्तार कर रिमांड में जेल भेज दिया। प्राप्त जानकारी के अनुसार एमसीबी जिले के जनकपुर थाना में नाबालिग पीड़िता की माँ उपस्थित होकर मौखिक रिपोर्ट दर्ज कराते हुए बताई कि 20 जनवरी 2026 को मेरी दो नाबालिग बेटियां घर से संक्रांति मेला देखने व घूमने को कहकर जनकपुर जाने के लिए निकली। लेकिन मेला से छोटी बहन वापस घर आ गई पर बड़ी बहन वापस नहीं आई। छोटी बेटी से पूछने पर बताई कि बड़ी बहन मेला में कहीं चली गई है। तब हम लोग पास पड़ोस व गांव में तथा अन्य गांव में नात रिश्तेदारी में पता करने के बावजूद भी जब गुम हुए अपहृत बालिका का कोई पता नहीं चला है। जनकपुर पुलिस ने पीड़िता की माँ के बयान पर थाना में रिपोर्ट दर्ज कर अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया। विवेचना कार्यवाही के दौरान प्रार्थिया का कथन, घटना स्थल का निरीक्षण और पीड़िता के माँ द्वारा पेश किया गया स्कूल सर्टिफिकेट की जब्ती कार्यवाही से अपराध सदर घटित होना पाए जाने से पीड़िता की पतासाजी की गई। पतासाजी के दौरान मुखबिर से प्राप्त सूचना पर दबिश देकर पेट्रोल पंप रोड जनकपुर से पीड़िता को बरामद किया और संदेही को भी पकड़ लिया। बरामद नाबालिग पीड़िता से महिला पुलिस अधिकारी द्वारा लिया गया कथन से यह तथ्य सामने आया कि पीड़िता को आरोपी बहला फुसलाकर व शादी का झांसा देकर जनकपुर मेला से मोटरसाइकिल में बैठाकर जंगल में ले जाकर जबरन शारीरिक संबंध बनाकर बलात्कार किया है। पीड़िता की बताए कथन अनुसार जनकपुर पुलिस ने विभिन्न धाराओं के तहत कार्यवाही करते हुए तत्काल आरोपी सुमेर बैगा उर्फ संतलाल पिता सुमिरन बैगा उर्फ बबलू जाति बैगा उम्र 22 वर्ष निवासी ग्राम नौढ़िया को गिरफ्तार कर आरोपी का विधिवत इंट्रोगेशन पश्चात न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया। इस संपूर्ण कार्रवाही में थाना प्रभारी ओ.पी. दुबे, सहायक उपनिरीक्षक दिनेश चौहान, प्रधान आरक्षक संजय पांडे, संदीप महिला नवारीक्षक राजकुमारी, डीएसएफ विष्णु यादव, आरक्षक सूर्यपाल सिंह की अहम भूमिका रही।

### माघी पूर्णिमा पर लोक महोत्सव रात्रिकालीन नृत्य स्पर्धा होगी

**नवापारा ।** नवापारा (राजिम) 7 माघी पूर्णिमा पर नवापारा में छत्तीसगढ़ महोत्सव के तहत एक दिवसीय राज्य स्तरीय रात्रिकालीन नृत्य प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। यह कार्यक्रम 31 जनवरी शाम 6 बजे हरिहर हायर सेकेंडरी स्कूल, नवापारा में शुरू होगा। फैमिली सोशल फाउंडेशन नवापारा द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में सामूहिक, युगल और एकल नृत्य की प्रतियोगिताएं होंगी। आयोजक रमेश तिवारी ने बताया कि यह प्रतियोगिता स्थानीय कलाकारों को अपनी प्रतिभा दिखाने और निखारने का सुनहरा अवसर प्रदान करेगी।



प्रयागराज के त्रिवेणी संगम में माघी स्नान कर वापस लौटने पर राहुल का शिव मंदिर शारदाविहार में पुजारी लोकेश शास्त्री ने अभिनंदन किया।

## हनुमान मंदिर सारागांव में सुंदरकांड पाठ कल

**देवरी-सारागांव ।** नगर के कुंआ बाजार चौक स्थित हनुमानजी के मंदिर में सुंदरकांड पाठ के आयोजन को पांच वर्ष पूर्ण होने पर विशेष सुंदरकांड पाठ का आयोजन किया जाएगा। हनुमान मंदिर सुंदरकांड पाठ के संरक्षक सह संचालक सहसराम कर्ष ने बताया कि श्रीराम भक्त मारुति नंदन हनुमान जी महाराज दक्षिण मुखी हनुमान मंदिर सांस्कृतिक रंगमंच बाजार चौक में विगत पांच वर्षों से प्रत्येक शनिवार को नियमित रूप से सुंदरकांड पाठ का आयोजन किया जा रहा है।
25 जनवरी शनिवार को इस आयोजन के पांच वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में विशेष सुंदरकांड पाठ किया जाएगा। सुबह 10 बजे से सुंदरकांड पाठ का शुभारंभ होगा, जिसका समापन शाम 7 बजे होगा। इस दौरान मंदिर परिसर में भजन-कीर्तन का कार्यक्रम भी आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम के समापन के बाद श्रद्धालुओं को महाप्रसाद का वितरण किया जाएगा।

### सरस्वती शिशु मंदिर में विद्यारंभ संस्कार हुआ



**जयरामनगर।** सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में वसंत पंचमी व विद्यारंभ संस्कार कार्यक्रम हुआ। प्रहलाद शिक्षण समिति के अध्यक्ष हेमलाल ताम्रकार, व्यवस्थापक संजीव शर्मा, प्राचार्य देवेंद्र कुमार विश्वकर्मा, आचार्य शारदा राठौर अतिथि रहे। जितेंद्र सोनी ने बताया कि 45 लोगों ने मां सरस्वती की पूजा की। पंडित ने यज्ञ-हवन कराया। बच्चों का पट्टी पूजन कर विद्यारंभ संस्कार कराया गया। शोभा यादव, चंद्र बंजारे, विद्यासागर तंबोली, सुशील साहू, मोहन चंद्र केवट मौजूद रहे।

## एसआईआर होने के बाद अब पहली बार उपचुनाव में वोटर्स लिस्ट का होगा उपयोग



**कवर्धा ।** स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन (एसआईआर) के तहत चल रहे सत्यापन के बाद 21 फरवरी को वोटर्स लिस्ट का अंतिम प्रकाशन होगा। प्रदेश में एसआईआर होने के बाद पहली बार पंचायत उपचुनाव में इसी वोटर्स लिस्ट का उपयोग होने वाला है। वर्तमान में पंचायत उपचुनाव की तैयारी शुरू हो गई है। इसे लेकर छग राज्य निर्वाचन कार्यालय में निकाय व त्रिस्तरीय पंचायत के रिक्त पदों की पूर्ति के लिए बैठक हुई।
इस बैठक में निर्देश दिए गए हैं कि एसआईआर कार्रवाई पूर्ण होने के बाद अद्यतन वोटर्स लिस्ट प्राप्त किया जाए व प्राथमिकता के आधार पर उपचुनाव के लिए वोटर्स लिस्ट तैयार की जाए। यानि, एसआईआर बाद जारी की गई वोटर्स लिस्ट का उपयोग इस चुनाव में होगा। यह चुनाव मार्च-अप्रैल माह में संभावित है। इस संबंध में अपर कलेक्टर नरेन्द्र पैकरा ने बताया कि दिसंबर 2025 तक की स्थिति में कबीरधाम जिले के सात ग्राम पंचायत में सरपंच व 10 ग्राम पंचायतों में पंचों के पद रिक्त हैं। इन रिक्त पदों को लेकर उपचुनाव होंगे। इस चुनाव में लगभग 5 हजार वोटर्स अपने मताधिकार का उपयोग करेंगे। स्थानीय निर्वाचन से मिली जानकारी अनुसार जिले में सिर्फ सरपंच व पंच के पद रिक्त है। जिन जगह में पद रिक्त है वहां किसी कारण से संबंधित प्रतिनिधि ने अपना त्यागपत्र व कुछेक जगह में जनप्रतिनिधि मृत हो चुके है। यहीं कारण है कि यहां उपचुनाव कराए जा रहे है। वहीं, जिला पंचायत कबीरधाम में एक भी सदस्य के पद रिक्त नहीं है। इसके अलावा जिले के चारों जनपद कवर्धा, पंडरिया, बोड़ला व सहसपुर लोहारा में भी एक भी जनपद सदस्य व किसी भी निकाय में एक भी पार्षद के पद रिक्त नहीं है। इस कारण फिलहाल जिपं व जपं सदस्य, पार्षद के लिए उपचुनाव नहीं होंगे।
6कवर्धा : यहां सिर्फ तीन ग्राम पंचायतों में पंच के चुनाव होंगे, जिसमें सोनबरसा, भागुटोला व बानो हैं। 6बोड़ला : यहां सरपंच के तीन पद व पंच के एक पद पर चुनाव होंगे, जिसमें सरपंच लिए ग्राम पंचायत बोक्करखार, लाटा व समनापुर शामिल है। पंच पद के लिए अंधरीकछार में चुनाव होंगे। 6पंडरिया : पंच के लिए ग्राम पंचायत सोमनापुर नया, भरेवापुरन, सेन्हाभाठा, पोलमी व खाम्ही शामिल है। सरपंच पद के लिए ग्राम पंचायत नेऊर, डोंगरिया खुर्द व चारभाठा खुर्द शामिल है। 6सहसपुर लोहारा : ग्राम पंचायत उड़िया खुर्द में एक पंच व ग्राम पंचायत दानी घटोली में सरपंच पद के चुनाव होंगे। दानी घटोली ग्राम पंचायत में सरपंच ने त्यागपत्र दे दिया था। इस कारण यहां पद रिक्त है।

# केजेदाह में कांग्रेस की जन-चौपाल गरीबों के हक की रक्षा का संकल्प



**सहसपुर।** लोहारा ग्राम पंचायत केजेदाह में गुरुवार को मनरेगा बचाओ अभियान के तहत जन-चौपाल आयोजित की गई। कार्यक्रम में शामिल ग्रामीण, मजदूरों व कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने एक स्वर में मनरेगा बचाने का संकल्प लिया।कार्यक्रम में बानो सेक्टर प्रभारी व प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सचिव जगमोहन साहू और सेक्टर अध्यक्ष सुरेश पटेल प्रमुख रूप से उपस्थित थे। जन-चौपाल में संबोधन करते हुए जगमोहन साहू ने कहा कि मनरेगा केवल एक योजना नहीं है, बल्कि गरीब, मजदूर और ग्रामीण भारत के आत्म-सम्मान का आधार है। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार द्वारा मनरेगा का नाम बदलना और महात्मा गांधी का नाम हटाना जनता को भ्रमित करने और इस ऐतिहासिक योजना को कमजोर करने की रणनीति है। कांग्रेस पार्टी हर गांव और पंचायत में जाकर जनता को सच्चाई बताएगी सड़क से सदन तक संघर्ष करेगी।मनरेगा की अहमियत बताई: जन-चौपाल में वक्ताओं ने कहा कि मनरेगा जैसी जनकल्याणकारी योजना ग्रामीण बेरोजगारी रोकने, पलायन कम करने और गांवों की अर्थव्यवस्था मजबूत करने में अहम भूमिका निभाती है। इसे कमजोर करना सीधे गरीब परिवारों की रोजी- रोटी पर असर डालेगा, जिसे कांग्रेस किसी भी हाल में बर्दाश्त नहीं करेगी। कार्यक्रम में छबिलाल साहू, बूथ प्रभारी गोकुल साहू, द्वारिका यादव, हरिशचंद, पूर्व एल्डरमैन चंद्रशेखर नागराज आदि मौजूद रहे



### आंगनबाड़ी केंद्र इंदिरा आवास में गणतंत्र दिवस के अवसर पर ध्वजारोहण

**कोरबा।** गणतंत्र दिवस के पावन अवसर पर ग्राम पंचायत खरवानी के आश्रित पारा इंदिरावास में देशभक्ति का जबरदस्त नजारा देखने को मिला। ग्राम के पंचगण,आंगनबाड़ी कार्यकर्ता ,शिक्षक,आंगनबाड़ी के बच्चे एवं बड़ी संख्या में ग्रामीणों की उपस्थिति में पूरे सम्मान और गौरव के साथ तिरंगा फहराया गया। जैसे ही तिरंगा आसमान में लहराया, पूरा गांव भारत माता की जय और वंदे मातरम् के नारों से गूंज उठा। इस अवसर पर वक्ताओं ने कहा कि तिरंगा हमारी आन-बान-शान का प्रतीक है और इसकी गरिमा बनाए रखना हर नागरिक का कर्तव्य है। कार्यक्रम में बच्चों, युवाओं और बुजुर्गों की सहभागिता ने माहौल को और भी उत्साहपूर्ण बना दिया। राष्ट्रगान के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ, वहीं ग्रामीणों ने एकता, अखंडता और संविधान के मूल्यों पर चलने का संकल्प लिया।

## 5 डे वर्किंग की मांग: 27 तक बंद रहेंगे राष्ट्रीयकृत बैंक

**कवर्धा।** बैंक कर्मचारी और अधिकारी एक बार फिर आंदोलन के मूड में हैं। यूनाइटेड फोरम ऑफ बैंक यूनियंस (यूएफबीयू) ने 27 जनवरी को अखिल भारतीय बैंक हड़ताल का ऐलान कर दिया है। इस हड़ताल में राष्ट्रीयकृत बैंकों के कर्मचारी और अधिकारी शामिल होंगे। यूएफबीयू में बैंकिंग क्षेत्र की 9 प्रमुख यूनियन भी शामिल हो गए हैं। इन सभी का एक ही सुर है देश में 5-डे बैंकिंग सिस्टम लागू किया जाए।वैसे शनिवार से ही जिले के सभी बैंक बंद रहे, जो अब सीधे 28 जनवरी को खुलेंगे। क्योंकि 24 जनवरी चौथा शनिवार के कारण अवकाश था। इसी प्रकार 25 जनवरी रविवार साप्ताहिक अवकाश, 26 जनवरी को गणतंत्र दिवस राजपत्रित अवकाश व 27 जनवरी को देशव्यापी बैंक हड़ताल रहेंगे। इस हड़ताल का असर कबीरधाम जिले में भी दिखाई देगा। क्योंकि अब लगातार चार दिनों से बैंक बंद रहेंगे। बैंक यूनियंस ने सरकार पर वादाखिलाफी का आरोप लगाया है। लगातार चार दिन तक बैंक बंद होने से करोड़ों रुपए के व्यापार प्रभावित होंगे। वैसे कबीरधाम जिले में 85 बैंक शाखा है। जिसमें राष्ट्रीयकृत के अलावा निजी व सहकारी बैंक शामिल है। राष्ट्रीयकृत बैंक शाखा 50 से ज्यादा है। ये 27 तारीख तक बंद रहेंगे। ऐसे में लोगों को बैंकिंग संबंधित काम के लिए दिक्कत होगी। लीड बैंक मैनेजर सुधीर भट्ट ने बताया कि शनिवार से सोमवार तक शासकीय अवकाश है।

## साध्वी छवि प्रज्ञा की दीक्षा के 8 वर्ष पूरे हुए, कवर्धा में हुई अनुमोदन सभा

**कवर्धा।** जैन समाज की साध्वी छवि प्रज्ञा मसा के संयमी जीवन के 8 वर्ष पूर्ण होने पर जैन स्थानक भवन में अनुमोदन सभा का आयोजन किया गया। धर्मनगरी कवर्धा इस ऐतिहासिक और भावनात्मक क्षण का साक्षी बना। शासन प्रभाविका विदुषी महासती सुप्रतिभा म.सा. ठाणा- तीन की पावन उपस्थिति में आयोजित इस कार्यक्रम में श्रद्धा, भक्ति और गौरव का अद्भुत संगम देखने को मिला।कबीरधाम जिले के श्रीश्रीमाल परिवार की पुत्री छाया ने सांसारिक सुख- सुविधाओं को त्याग कर 25 जनवरी 2018 को इंदौर में आचार्य प्रवर रामलाल महाराज साहब के मुखारविंद से जैन भागवती दीक्षा ग्रहण की थी। दीक्षा के बाद उनका नामकरण महासती छवि प्रज्ञा म.सा. हुआ। आज वे संयम, तपस्या और साधना की जीवंत प्रतिमूर्ति के रूप में समाज के लिए प्रेरणा बन चुकी हैं। कार्यक्रम का संयोजन चैंबर्स ऑफ कॉमर्स के जिलाध्यक्ष दिनेश जैन ने किया।समता महिला मंडल कवर्धा द्वारा प्रस्तुत अभिनंदन गीत ने पूरे वातावरण को भक्तिमय बना दिया। वक्ताओं ने कहा कि साध्वी छवि प्रज्ञा का जीवन आज की युवा पीढ़ी के लिए त्याग, अनुशासन और आत्मसंयम का प्रेरणास्त्रोत है। उनका तपस्वी जीवन यह संदेश देता है कि आध्यात्मिक मार्ग ही जीवन को सार्थक बनाता है।प्रभावना वितरण से कार्यक्रम का समापन कार्यक्रम के अंत में वीर परिवार गुलाबचंद आकाश श्रीश्रीमाल की ओर से प्रभावना वितरण किया गया। पूरे आयोजन के दौरान जैन समाज के सैकड़ों श्रद्धालुओं की उपस्थिति रही। जैन श्री संघ कवर्धा अध्यक्ष नेमीचंद श्रीश्रीमाल, वर्धमान जैन स्थानकवासी संघ मंत्री गेंदमल मोदी, महिला मंडल अध्यक्ष चंद्रकांता श्रीश्रीमाल, साधुमार्गी महिला मंडल अध्यक्ष तारा श्रीश्रीमाल, धर्मनिष्ठ श्रावक विकास नाहर सहित अनेक कवर्धा के गणमान्य नागरिकों ने साध्वी छवि प्रज्ञा के संयमी जीवन की प्रशंसा की।

## राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा ने मुख्य समारोह में किया ध्वजारोहण



**कोरबा।** 77वें गणतंत्र दिवस के अवसर पर सीएसईबी फुटबॉल ग्राउंड में आयोजित गणतंत्र दिवस मुख्य समारोह में राजस्व मंत्री श्री टंक राम वर्मा ने ध्वजारोहण कर परेड की सलामी ली। मुख्यमंत्री के जनता के नाम संदेश का वाचन किया।इस अवसर पर महापौर नगर निगम कोरबा श्रीमती संजू देवी राजपूत कलेक्टर श्री कुणाल दुदावत, एसपी श्री सिद्धार्थ तिवारी , निगम आयुक्त श्री आशुतोष पाण्डेय, वनमण्डलाधिकारी कटघोरा श्री कुमार निशांत, डीएफओ कोरबा श्रीमती प्रेमलता यादव सहित अन्य विभागीय अधिकारी, जनप्रतिनिधि, गणमान्य नागरिक एवं बड़ी संख्या में आम नागरिक उपस्थित थे।

## मतदाता जागरूकता के लिए नुक्कड़ नाटक



कोरबा। गवर्नमेंट मनीमाता गर्ल्स कॉलेज कोरबा की छात्राओं ने मतदाता जागरूकता अभियान के तहत नुक्कड़ नाटक का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम का आयोजन कॉलेज के स्वीप नोडल अधिकारी विनोद कुमार साहू और सहायक नोडल अधिकारी कल्याणी ध्रुव के मार्गदर्शन में किया गया। नुक्कड़ नाटक में छात्राओं ने मतदान का महत्व बताया। उन्होंने समझाया कि मतदान क्यों जरूरी है और मतदान के लिए न्यूनतम उम्र क्या होनी चाहिए। कार्यक्रम में मोनिका मिंज, वर्षा सिंह तंवर, अनिमा तिर्की सहित अन्य प्राध्यापक आदि उपस्थित रहे।

## संविधान, लोकतंत्र और राष्ट्रसेवा का उत्सव: भाजपा जिलाध्यक्ष गोपाल मोदी ने फहराया तिरंगा

कोरबा। भारतीय गणतंत्र की 77वीं वर्षगांठ के पावन अवसर पर 26 जनवरी को भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यालय पं. दीनदयाल कुंज टीपी नगर कोरबा में देशभक्ति और उत्साह का माहौल देखने को मिला। भाजपा जिलाध्यक्ष गोपाल मोदी ने विधिवत तिरंगा फहराकर राष्ट्रीय ध्वज को सलामी दी। इस अवसर पर उपस्थित पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष श्री मोदी ने कहा कि गणतंत्र दिवस हमारे संविधान, लोकतांत्रिक मूल्यों और राष्ट्र की एकता-अखंडता का प्रतीक हैं। यह दिन हमें अपने कर्तव्यों की याद दिलाता है और राष्ट्र निर्माण में सक्रिय सहभागिता के लिए प्रेरित करता है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में भारत विश्व पटल पर गौरव के साथ आगे बढ़ रहा है और भाजपा का प्रत्येक कार्यकर्ता राष्ट्रसेवा को अपना सर्वोच्च कर्तव्य मानकर कार्य कर रहा है। कार्यक्रम के दौरान राष्ट्रगान के साथ वातावरण देशभक्ति के रंग में रंग गया। इस खास अवसर पर रायपुर संभाग के संगठन सह प्रभारी डॉ. राजीव सिंह, महापौर श्रीमती संजू देवी राजपूत, पूर्व महापौर जोगेश लांबा, अशोक चालवानी सहित बड़ी संख्या में भाजपा पदाधिकारी, मंडल अध्यक्ष, कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## हसदेव आरती परिसर में 31वां भगवती भंडारा 27 जनवरी को-सुबह 56 भोग

कोरबा। वार्षिक परंपरा के अंतर्गत शहर के हसदेव आरती स्थल पर मां भगवती का विशाल भंडारा 27 जनवरी को सुबह 11 बजे से आयोजित किया जा रहा है। आयोजन का यह 31वां वर्ष होगा। मां भगवती जागरण मंडल और अपना घर सेवा आश्रम इसका आयोजन कर रहे हैं। ऐसा पहली बार होगा जब आयोजन काफी विशाल स्वरूप में होगा। हस्तमती स्थल पर इसके लिए आयोजन समिति के द्वारा तैयारी शुरू कर दी गई है। कार्यक्रम में हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं के आने की संभावना को ध्यान में रखते हुए प्रबंध किए जा रहे हैं। आयोजन समिति में सैकड़ो की संख्या में सेवादार शामिल है, जो यहां पर अपना योगदान देंगे। बताया गया कि 27 जनवरी को सुबह 10:00 बजे मां भगवती सर्वमंगला को 56 भोग लगाने की संभावित योजना है, लेकिन इस संख्या में बढ़ोतरी के विकल्प को स्वतंत्र रखा गया है। वे अपनी श्रद्धा और रुचि से व्यंजन की व्यवस्था करेंगे और खुद इस अर्पित करेंगे। सुबह 11 से आम भंडारा की शुरुआत होगी। यह सिलसिला शाम तक जारी रहेगा। कार्यक्रम स्थल के नजदीक में ही भजन कीर्तन की प्रस्तुति भी होगी। स्थानि कलाकारों और भजन मंडलियों ने यहां पर कौशल दिखाना स्वीकार किया है। सामान्य व्यवस्थाओं के लिए भी लोग स्वस्फूर्त आगे आ रहे हैं। जानकारी दी गई की सूर्यास्त के पश्चात देवी की महा आरती सैकड़ो दीपकों के साथ की जाएगी। योजना के अंतर्गत न्यूनतम 151 दीप के साथ यह कार्यक्रम होगा। लेकिन श्रद्धालुओं की संख्या ज्यादा भी होती है तो वे सभी इस आयाम में भागीदार बन सकेंगे। इस आयोजन को लेकर क्षेत्र में काफी उत्साह है और सैकड़ो लोग हर स्तर पर अपनी भागीदारी को लेकर समिति के संपर्क में है। समिति की ओर से नगर और आसपास के लोगों से आग्रह किया गया है कि वह इस महाभंडारा और देवी की महाआरती में अपनी उपस्थिति जरूर सुनिश्चित करें।

# बर्खास्त जवान ने किया खुदकुशी का प्रयास,नगर सैनिकों में आक्रोश

### होमगार्ड के जिला सेनानी लंबे समय से विवाद में, नए मामले ने किया पेरशान

**कोरबा।** कोरबा से इस वक्त की बड़ी खबर निकलकर सामने आ रही है जहां नगर सेना के एक जवान ने बर्खास्तगी से आहत हो कर आत्महत्या की कोशिश की है।

प्रारम्भिक जानकारी के मुताबिक उसने कलेक्टर परिसर में जहर सेवन किया। गंभीर हालत में उसे मेडिकल कॉलेज हॉस्पिटल में कराया गया दाखिल कराया गया है जहां उसका इलाज जारी है। घटना की जानकारी होते ही पुलिस वं प्रशासन के अफसर मौके पर पहुंचे। घटना के बाद हॉस्पिटल में नगर सैनिकों की भीड़ लगी है।पीड़ित नगर सैनिक संतोष पटेल से सुसाइड नोट बरामद किए जाने की खबर है।बताया जा रहा है कि नगर सेना जे डिविजनल कमांडेड और कोरबा कमांडेंट पर प्रताड़ना का आरोप लगाया गया है। कुछ दिन पहले जिला सेनानी के खिलाफ महिला सैनिकों ने विशाखा समिति में शिकायत भी की है। बता दें कि इससे पहले राजनांदगांव के एक नगर सैनिक ने भी आत्मघाती कदम उठाया है।



## जिले में 800 युवा आपदा मित्रों को दिया जाएगा विशेष प्रशिक्षण

कोरबा । केंद्र सरकार की महत्वाकांक्षी 'युवा आपदा मित्र योजना' के अंतर्गत जिला प्रशासन कोरबा द्वारा इस वर्ष बड़े पैमाने पर युवाओं को प्रशिक्षित करने की कार्ययोजना तैयार की गई है। जिले की औद्योगिक संवेदनशीलता और स्थानीय भौगोलिक परिस्थितियों के कारण होने वाली दुर्घटनाओं, जैसे सर्पदंश, डूबने की घटनाओं और सड़क दुर्घटनाओं को देखते हुए केंद्र शासन ने इस वर्ष प्रशिक्षित होने वाले आपदा मित्रों की संख्या बढ़ाकर 800 कर दी है।

उल्लेखनीय है कि छत्तीसगढ़ राज्य से इस योजना के क्रियान्वयन हेतु केवल चार जिलों कोरबा, रायपुर, सुकमा और राजनांदगांव का चयन किया गया है।कलेक्टर एवं जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के निर्देशानुसार, वर्ष 2026 के लिए विभिन्न स्वयंसेवी संगठनों से कुल 800 स्वयंसेवकों को तैयार किया जाएगा। इसमें एन.सी.सी. से 350, एन.एस.एस. से 150, एन.वाई.के.एस. से 150 तथा भारत स्काउट्स एवं गाइड्स से 150 युवाओं का चयन कर उन्हें आपदा प्रबंधन के गुर सिखाए जाएंगे। प्रशिक्षण हेतु इच्छुक उम्मीदवारों के लिए न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता सातवीं उत्तीर्ण और आयु 18 से 40 वर्ष के बीच निर्धारित की गई है। आवेदक का कोरबा जिले का निवासी होना और आपदा के समय प्रशासन के साथ मिलकर निःस्वार्थ भाव से कार्य करने हेतु तत्पर होना अनिवार्य है। पूर्व में जिले के विभिन्न ग्रामों से प्रशिक्षित 300 आपदा मित्रों की भांति, इस वर्ष भी सफल प्रशिक्षण के उपरांत युवाओं को शासन द्वारा प्रमाणपत्र प्रदान किया जाएगा। इसके साथ ही उन्हें 16 आवश्यक सामग्रियों वाली विशेष 'डिजास्टर किट' दी जाएगी, जिसमें लाइफ जैकेट, टॉर्च, पॉकेट नाइफ, फर्स्ट एड बॉक्स, सेफ्टी हेलमेट, गमबुट और आपदा मित्र अंकित टी-शर्ट जैसी वस्तुएं शामिल होंगी। इस किट का उद्देश्य न केवल आपदा के समय जनता की सहायता करना है, बल्कि आम नागरिकों में प्रशिक्षित आपदा मित्रों के प्रति जागरूकता और पहचान सुनिश्चित करना भी है।योजना की तैयारियों और इसकी प्रासंगिकता को लेकर विगत दिवस जिला कार्यालय के सभाकक्ष में महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन संस्थान, नई दिल्ली के अनुसंधान सहायक सत्यम राज की अध्यक्षता में आयोजित इस बैठक में प्रशिक्षित युवाओं के कार्यों की समीक्षा की गई। बैठक में यह जानकारी साझा की गई कि ये आपदा मित्र स्थानीय स्तर पर त्वरित सहयोग प्रदान करते हैं और बड़ी घटनाओं की स्थिति में उच्च अधिकारियों से मार्गदर्शन प्राप्त कर खोज एवं बचाव कार्यों को प्रभावी ढंग से अंजाम देते हैं। जिले में प्रशिक्षण की संभावित तिथि 27 फरवरी 2026 निर्धारित की गई है, जिसके लिए प्रशासनिक तैयारियां पूर्ण की जा रही हैं।

## पीएम सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना के प्रभावी संचालन हेतु कलेक्टर ने ली समीक्षा बैठक

### योजना के क्रियान्वयन में गम्भीरता से प्रगति लाने हेतु किया निर्देशित

**कोरबा ।** प्रधानमंत्री सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना के जिले में प्रभावी एवं गुणवत्तापूर्ण क्रियान्वयन हेतु कलेक्टर कुणाल दुदावत ने विद्युत विभाग के अधिकारियों एवं अधिकृत वेंडर्स की समीक्षा बैठक ली। बैठक में योजना की जमीनी प्रगति की विस्तार से समीक्षा करते हुए कलेक्टर ने इसे सरकार की महत्वाकांक्षी योजना बताते हुए मिशन मोड में कार्य करने के निर्देश दिए।

कलेक्टर दुदावत ने कहा कि पीएम सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना से आमजन को आर्थिक राहत के साथ स्वच्छ ऊर्जा का लाभ मिलेगा, इस हेतु सभी संबंधित अधिकारी, कर्मचारी, बैंकर्स एवं वेंडर्स आपसी समन्वय से कार्य कर योजना को सफल बनाएं।

कलेक्टर ने जिले में योजना के निर्धारित लक्ष्यापूर्ति हेतु सभी आवश्यक तैयारियाँ समय पर सुनिश्चित करने तथा कार्यप्रणाली में प्रोफेशनल अप्रोच बढ़ाते हुए तेजी से प्रगति लाने के निर्देश दिए। उन्होंने जिले के शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों के अधिक से अधिक नागरिकों को योजना के लाभों से अवगत



कराते हुए योजना से जोड़ने हेतु निर्देशित किया। इस हेतु वार्डवार शेड्यूल निर्धारित कर शिविर आयोजित करने तथा जनप्रतिनिधियों के सहयोग से आमजन को योजना से प्रोत्साहित करने के निर्देश दिए। उन्होंने बैठक में उपस्थित वेंडर्स को प्लांट स्टालेशन में प्रगति लाने हेतु पर्याप्त सामग्री की उपलब्धता सुनिश्चित करने, मटेरियल डंपिंग बढ़ाने एवं फील्ड इंजीनियरों की संख्या में वृद्धि करने के निर्देश दिए ।

कलेक्टर ने शासकीय भवनों जैसे स्कूल, आंगनबाड़ी केंद्र, स्वास्थ्य केंद्र, आश्रम छात्रावास एवं जल जीवन मिशन से संबंधित कार्यों में पीएम सूर्यघर योजना अंतर्गत सोलर प्लांट स्थापना के आवेदनों पर प्राथमिकता से कार्यवाही करने को कहा। साथ ही विभागीय अभियंताओं को लंबित आवेदनों की प्रत्येक चरण में नियमित समीक्षा करने, अनावश्यक विलंब रोकने तथा अधीनस्थ अभियंताओ को स्पष्ट लक्ष्य निर्धारित कर प्लांट इंस्टालेशन में तेजी लाने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने अभियंताओ को निर्देशित किया कि किसी भी क्षेत्र में ट्रांसफार्मर खराब होने की स्थिति में तत्काल सुधारात्मक कार्यवाही की जाए। बैठक में बैंकर्स एवं वेंडर्स से जुड़ी समस्याओं पर भी चर्चा की गई तथा उनके समाधान के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। इस अवसर पर कार्यपालन अभियंता कोरबा शहरी विद्युत विभाग आर एल वर्मा, कार्यपालन अभियंता कोरबा ग्रामीण शत्रुघन सिन्हा, कार्यपालन अभियंता कटघोरा ग्रामीण संभाग अंशु वासने सहित विभाग के उप अभियंता, कनिष्ठ अभियंता एवं अधिकृत वेंडर्स उपस्थित थे।

## रात में ठंड तो दिन में गर्मी,अगले दो दिन चढ़ेगा पारा

**कोरबा ।** जिले में मौसम शुष्क बना हुआ है। रात में हल्की ठंड लग रही है और दिन में गर्मी लगने लगी है। मौसम विभाग के अनुसार अगले दो दिन में तापमान 2 से 3 डिग्री बढ़ेगा और ठंड कम होगी। रविवार को अधिकतम तापमान 30 डिग्री और न्यूनतम तापमान 11 डिग्री के करीब रहा। मैदानी क्षेत्रों में रात के समय कड़ाके की ठंड पड़ रही है

। शहर में हल्की ठंड है। मौसम विभाग के अनुसार अगले एक सप्ताह तक अधिकतम तापमान 30 से 33 डिग्री और न्यूनतम तापमान 12 से 15 डिग्री के बीच पहुंच सकता है। इससे ठंड से राहत मिलेगी। दूसरी और मंगलवार से बदली छाने की संभावना है। फिलहाल हल्के बादल छाने से भी दिन में गर्मी लग रही है। अभी मौसम में अधिक बदलाव होने के आसार नहीं हैं।

## अपराधियों और अवैध गतिविधियों के खिलाफ कार्रवाई, 22 वारंटी गिरफ्तार

कोरबा। जिले में कानून-व्यवस्था सुदृढ़ बनाए रखने के साथ ही अपराधों पर प्रभावी नियंत्रण व अवैध गतिविधियों पर रोक लगाने एसपी सिद्धार्थ तिवारी ने सख्त निर्देश जारी किया है। इसके पालन में एएसपी कोरबा लखन पटले व एएसपी कटघोरा नीतिश ठाकुर के मार्गदर्शन में जिले में सभी अनुभागीय अधिकारियों व थाना-चौकी प्रभारियों द्वारा त्वरित व सख्त कार्रवाई के लिए अभियान चलाया जा रहा है।

इसी कड़ी में रविवार को पुलिस ने 26 वारंटियों की गिरफ्तारी की है, जिसमें 4 स्थाई वारंटी शामिल हैं। उक्त सभी वारंटी लंबे समय से फरार चल रहे थे। वहीं अवैध महुआ शराब बनाने, रखने और बेचने वालों के खिलाफ भी कार्रवाई की जा रही है। ऐसे मामले में 10 प्रकरण बनाया गया है, जिसमें कुल 117.7 लीटर महुआ शराब जब्त करने के साथ ही 10 आरोपियों की गिरफ्तारी की गई है।शहर में महुआ शराब बेचती महिला गिरफ्तार सिटी कोतवाली अंतर्गत इमलीडुग्गू के धनुवार पारा निवासी महिला गनेशी बाई उरांव (55) बाड़ी में अवैध रूप से महुआ शराब रखकर बेच रही थी। उसके यहां नशेड़ियों की आवाजाही लगी रहती थी, जिस कारण क्षेत्र के लोग परेशान थे। लोगों की सूचना पर रविवार को सिटी कोतवाली टीआई एमबी पटेल के नेतृत्व में पुलिस टीम ने वहां छापा मारा, जहां 15 लीटर के जरिकेन में 10 लीटर महुआ शराब और बिक्री रकम 110 रुपए जब्त कर आबकारी अधिनियम की कार्रवाई कर कोर्ट में पेश किया। यहां से न्यायिक रिमांड पर उसे जेल भेज दिया है।

## फेडरेशन के कैलेंडर का हुआ विमोचन

कोरबा। छत्तीसगढ़ कर्मचारी-अधिकारी फेडरेशन कोरबा द्वारा प्रकाशित नववर्ष 2026 के वार्षिक कैलेंडर का विमोचन उद्योग मंत्री लखनलाल देवांगन ने किया। कैलेंडर विमोचन कार्यक्रम फेडरेशन के जिला संयोजक जगदीश प्रसाद खरे, उप संयोजक तरुण सिंह राठौर व महासचिव ओमप्रकाश बघेल के नेतृत्व में हुआ। कार्यक्रम में फेडरेशन के प्रमुख पदाधिकारी तरुण प्रकाश वैष्णव, रामकपूर कुर्रे, लोकनाथ सेन, शंकर दयाल साव, एसके द्विवेदी, प्रभात शर्मा, नकुल सिंह राजवाड़े, टीआर कुर्रे, विनय कुमार झा, पीयूष निर्मलकर, नित्यानंद यादव, मानसिंह राठिया, पीपीएस राठौर, केडी पात्रे, ओमप्रकाश प्रधान, कीर्ति लहरे, विनोद सांडेय, अनिल रात्रे, दिनेश सिंह, सनत राठौर, राजेंद्र मिश्रा, दुरेश चौहान, विनय राय, तुमेश्वर राठौर व सुखीराम कश्यप उपस्थित रहे।

## छात्र-छात्राओं ने रैली निकालकर मतदान के लिए किया जागरूक

कोरबा । रविवार को राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर शासकीय प्राथमिक शाला बासीन के छात्र-छात्राओं ने मतदाता जागरूकता रैली निकाली। इस दौरान विद्यालय के प्रधान पाठक नोहर चन्द्रा ने बताया कि ग्राम पंचायत बासीन बीएलओ सूर्य प्रकाश सिंह ठाकुर, जो कि प्राथमिक शाला में सहायक शिक्षक के पद पर कार्यरत हैं, उनके नेतृत्व में विद्यालय के भारत स्काउट गाइड कब-बुलबुल छात्र-छात्राओं ने मतदाता जागरूकता रैली निकाली। रैली के माध्यम से सभी वोटरों को शत-प्रतिशत मतदान करने की अपील की गई।




## कोरबा जिले में सरल, सहज और पारदर्शी ढंग से धान खरीदी कार्य संचालित

### अब धान बेचने में नहीं डर, किसान है निश्चिंत: जगतपाल सिंह

कोरबा । मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के मार्गदर्शन में खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 के अंतर्गत कोरबा जिले में धान खरीदी का कार्य सुचारू रूप से जारी है। राज्य सरकार द्वारा लागू की गई सुगम, पारदर्शी एवं सर्वसुविधायुक्त धान खरीदी व्यवस्था से किसान संतुष्ट और प्रसन्न हैं। उपार्जन केंद्रों में किसानों को किसी प्रकार की असुविधा का सामना नहीं करना पड़ रहा है तथा उन्हें अपनी उपज का उचित मूल्य समय पर प्राप्त हो रहा है।कोरबा जिले के ग्राम जामबहार निवासी कृषक जगतपाल सिंह कंवर ने शासन की इस व्यवस्था की सराहना की है। लगभग 24 एकड़ भूमि पर खेती करने वाले कंवर ने इस वर्ष 230 क्विंटल धान का विक्रय सोनपुरी धान उपार्जन केंद्र में किया। उन्होंने बताया कि संपूर्ण प्रक्रिया प्रत्येक स्तर पर सरल, सुव्यवस्थित और बिना किसी अर्चन के पूरी हुई। बीते वर्ष भी उन्होंने लगभग 260 क्विंटल धान का विक्रय किया था।



कृषक कंवर ने बताया कि समिति से टोकन प्राप्त करने की प्रक्रिया भी अत्यंत आसान है। किसानों के लिए ऐसी व्यवस्था की गई है, जिससे उन्हें बार-बार भटकना नहीं पड़ता और सभी कार्य उपार्जन केंद्र पर ही सहजता से संपन्न हो जाती हैं। शासन द्वारा प्रदान किया जा रहा सर्वाधिक समर्थन मूल्य किसानों के लिए आर्थिक संबल बना है, जिससे उन्हें यह भरोसा मिलता है कि सरकार उनके साथ खड़ी है।

उन्होंने कहा कि पूर्व में धान विक्रय को लेकर मन में असमंजस और चिंता रहती थी, किंतु वर्तमान व्यवस्था में यह भय पूरी तरह समाप्त हो गया है। अब किसान समय पर धान विक्रय कर निश्चिंत होकर अपने घर लौट रहे हैं। इस सशक्त और भरोसेमंद व्यवस्था का श्रेय मुख्यमंत्री साय और छत्तीसगढ़ सरकार के नेतृत्व को जाता है, जिनकी पहल से किसानों को आज एक सुलभ, पारदर्शी और मजबूत धान खरीदी प्रणाली प्राप्त हुई है।

## जयंती पर नेताजी सुभाष चंद्र बोस को किया नमन

**बांकीमोंगरा।** बांकीमोंगरा 7 विश्व कवि रवींद्रनाथ टैगोर मंच बंगाली समाज अग्रदूत क्लब ने नेताजी सुभाषचंद्र बोस की जयंती कार्यक्रम मनाई। क्लब के पदाधिकारियों ने नमन किया और देशहित में नेताजी सुभाषचंद्र बोस के योगदान को याद किया। जयंती कार्यक्रम के मुख्य अतिथि नगर पालिका बांकीमोंगरा की अध्यक्ष सोनी विकास झा ने मां सरस्वती के तैल चित्र के समक्ष दीप प्रज्जलन किया। उन्होंने देश की आजादी में नेताजी के योगदान को याद किया। विशिष्ट अतिथि विकास झा, सतीश झा व पार्षद प्रमिला साथतोडे, क्लब के अध्यक्ष संजय विश्वास ने भी अपने विचार रखे। बच्चों व महिलाओं ने स्पर्धा में हिस्सा लिया।



## राष्ट्र निर्माण में युवा तय करें अपने भूमिका :अजय

कोरबा। आज शासकीय ग्राम्य भारती महाविद्यालय हरदी बाजार के राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई की ग्राम- उतरदा में आयोजित सात दिवसीय विशेष शिविर में मुख्य वक्ता के रूप में भारतीय जनता पार्टी के जिला मंत्री श्री अजय कुमार दुबे ने-राष्ट्र निर्माण में युवाओं की भूमिका विषय को स्वयं सेवकों के मध्य रखा। सर्वप्रथम मां सरस्वती की पूजा अर्चना कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया।

अपने उद्बोधन में श्री अजय दुबे ने कहा कि भारत में विश्व के सर्वाधिक युवा निवास करते हैं। ये युवा ही हमारे देश के भविष्य



हैं। अतः युवाओं को समस्त चुनौतियों हेतु तत्पर रहना है। चाहे वो आंतरिक हो या बाह्रय। प्रत्येक युवा को राष्ट्र निर्माण में अपनी अहम भूमिका तय करनी होगी। इसकी शुरुआत अपने घर, गांव,व समाज से करनी होगी। कार्यक्रम को सहायक प्राध्यापक डॉ अखिलेश पांडेय ने भी संबोधित करते हुए राष्ट्रीय सेवा योजना के उद्देश्य एवं कार्य पर प्रकाश डाला। अंत में कार्यक्रम प्रभारी डॉ कार्तिकेश्वर दुबे ने आभार व्यक्त किया। अजय कुमार दुबे एवं समुंद सिंह ने राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष पर आयोजित संपर्क अभियान के तहत सभी स्वयंसेवकों को भारत माता का चित्रण , साहित्य एवं पंच परिवर्तन का पत्रक प्रदान किया।

इस अवसर पर कार्यक्रम अधिकारी सहायक प्राध्यापक डॉ कार्तिकेश्वर दुबे, सहायक प्राध्यापक श्री अखिलेश पांडेय , सहायक प्राध्यापक एवं महिला प्रभारी श्रीमती अंजली कंवर एवं स्वयंसेवक बंधु श्री समुंद सिंह व चंद्रदेव नेताम उपस्थ्सित थे।

# 77 वें वर्ष में प्रवेश किया भारत गणराज्य ने

गणतन्त्र दिवस भारत गणराज्य का एक राष्ट्रीय पर्व है जो प्रति वर्ष 26 जनवरी को मनाया जाता है। इस वर्ष 2026 में भारत का 77वाँ गणतन्त्र दिवस मनाया जा रहा है।

एक स्वतन्त्र गणराज्य बनने और देश में कानून का राज स्थापित करने के लिए 26 नवम्बर 1949 को भारतीय संविधान सभा द्वारा अपनाया गया और 26 जनवरी 1950 को लागू किया गया था। इसे लागू करने के 26 जनवरी की तिथि को इसलिए चुना गया था क्योंकि 1930 में इसी दिन भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस ने भारत को पूर्ण स्वराज घोषित किया था।

इस दिन हर भारतीय अपने देश के लिए प्राण देने वाले अमर सपूतों को श्रद्धांजलि अर्पित करते हैं। गणतंत्र दिवस की पूर्व संध्या पर राष्ट्रपति राष्ट्र के नाम संदेश देते हैं। स्कूलों, कॉलेजों आदि मे कई कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं। भारत गणराज्य के राष्ट्रपति दिल्ली के कर्तव्य पथ पर भारतीय ध्वज फहराते हैं। राजधानी दिल्ली में बहुत सारे आकर्षक और मनमोहक कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं। दिल्ली को अच्छी तरह सजाया जाता है कर्त्तव्यपथ पर बड़ी धूम-धाम से परेड निकलती है जिसमें विभिन्न प्रदेशों और सरकारी विभागों की झांकियाँ होतीं हैं। देश के कोने कोने से लोग दिल्ली मे 26 जनवरी की परेड देखने आते हैं। भारतीय सेना अस्त्र-शस्त्रों का प्रदर्शन होता है। 26 जनवरी के दिन धूम-धाम से राष्ट्रपति की सवारी निकाली जाती है तथा बहुत से मनमोहक कार्यक्रम आयोजित किये जाते हैं।



देश के हर कोने मे जगह जगह ध्वजवन्दन होता है और कई तरह के कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं। विश्व भर में फैले हुए भारतीय मूल के लोग तथा भारत के दूतावास भी गणतंत्र दिवस को हर्षोल्लास के साथ मनातें हैं। भारत के हर कोने कोने में मनाया जाता है , और देश के प्रति एक नई उमंग देखने को मिलती है ।

गणतंत्र दिवस मनाने का मुख्य उद्देश्य यह है कि 26 जनवरी 1950 को पूरे 2 साल 11 महीने और 18 दिन लगा कर बनाया गया संविधान लागू किया गया था और हमारे देश भारत को पूर्ण गणतंत्र घोषित किया गया।

31 दिसम्बर सन् 1929 के दिसंबर में लाहौर में भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस का अधिवेशन पंडित जवाहरलाल नेहरू की अध्यक्षता में हुआ जिसमें भारत को ब्रिटिश साम्राज्य के अन्तर्गत डोमिनियन स्टेट बनाने के विचार का विरोध करते हुए भारत को %पूर्ण स्वराज्य% देने की मांग की गयी। इसी के साथ 26 जनवरी 1930 को भारत का स्वतन्त्रता दिवस के रूप में मनाने का निर्णय लिया गया। इसके बाद प्रतिवर्ष 26 जनवरी को द्वतन्त्रता दिवस के रूप में मनाया जाता रहा। 15 अगस्त 1947 में स्वतंत्रता प्राप्त होने तक 26 जनवरी स्वतंत्रता दिवस के रूप में मनाया जाता रहा। 26 जनवरी के इस ऐतिहासिक महत्व को ध्यान में रखते हुए इसी दिन को भारत का नव निर्मित संविधान लागू करने का निर्णय लिया गया।

भारत के स्वतंत्र हो जाने के बाद संविधान सभा की घोषणा हुई और इसने अपना कार्य 9 दिसम्बर 1946 से आरंभ कर दिया। संविधान सभा के सदस्य भारत के राज्यों की सभाओं के निर्वाचित सदस्यों के द्वारा चुने गए थे। डॉ0 भीमराव अम्बेडकर, जवाहरलाल नेहरू, डॉ राजेन्द्र प्रसाद, सरदार वल्लभ भाई पटेल, मौलाना अबुल कलाम आजाद आदि इस सभा के प्रमुख सदस्य थे। संविधान निर्माण में कुल 22 समितीयाँ थी जिसमें प्रारूप समिति (ड्राफ्टींग कमेटी) सबसे प्रमुख एवं महत्त्वपूर्ण समिति थी और इस समिति का कार्य संपूर्ण 'संविधान लिखना' या 'निर्माण करना' था। प्रारूप समिति के अध्यक्ष विधिवेत्ता डॉ0 भीमराव आंबेडकर थे। प्रारूप समिति ने और उसमें विशेष रूप से डॉ. आंबेडकर जी ने 2 वर्ष, 11 माह, 18 दिन में भारतीय संविधान का निर्माण किया और संविधान सभा के अध्यक्ष डॉ. राजेन्द्र प्रसाद को 26 नवम्बर 1949 को भारत का संविधान सुपूर्द किया, इसलिए 26 नवंबर दिवस को भारत में संविधान दिवस के रूप में प्रति वर्ष मनाया जाता है। संविधान सभा ने संविधान निर्माण के समय कुल 114 दिन बैठक की। इसकी बैठकों में प्रेस और जनता को भाग लेने की स्वतन्त्रता थी। अनेक सुधारों और बदलावों के बाद सभा के 284 सदस्यों ने 24 जनवरी 1950 को संविधान की दो हस्तलिखित कॉपियों पर हस्ताक्षर किये। इसके दो दिन बाद संविधान 26 जनवरी को यह देश भर में लागू हो गया। 26 जनवरी का महत्व बनाए रखने के लिए इसी दिन संविधान निर्मात्री सभा (कांस्टीट्यूएंट असेंबली) द्वारा स्वीकृत संविधान में भारत के गणतंत्र स्वरूप को मान्यता प्रदान की गई।

राजपथ पर प्रथम गणतंत्र समारोह में सम्मलित होने (घोड़े की बग्घी में) जाते देश प्रथम राष्ट्रपति राजेन्द्र प्रसाद।

26 जनवरी को गणतंत्र दिवस समारोह पर भारत के राष्ट्रपति द्वारा भारतीय राष्ट्र ध्वज को फहराया जाता हैं और इसके बाद सामूहिक रूप में खड़े होकर राष्ट्रगान गाया जाता है। फिर राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा को सलामी दी जाती है। गणतंत्र दिवस को पूरे देश में विशेष रूप से भारत की राजधानी दिल्ली में बहुत उत्साह के साथ मनाया जाता है। इस अवसर के महत्व को चिह्नित करने के लिए हर साल राजपथ पर एक भव्य परेड इंडिया गेट से राष्ट्रपति भवन (राष्ट्रपति के निवास) तक राजधानी नई दिल्ली में आयोजित की जाती है। इस भव्य परेड में भारतीय सेना के विभिन्न रेजिमेंट, वायुसेना, नौसेना आदि सभी भाग लेते हैं। इस समारोह में भाग लेने के लिए देश के सभी हिस्सों से राष्ट्रीय कडेट कोर व विभिन्न विद्यालयों से बच्चे आते हैं, समारोह में भाग लेना एक सम्मान की बात होती है। परेड प्रारंभ करते हुए प्रधानमंत्री राजपथ के एक छोर पर इंडिया गेट पर स्थित अमर जवान ज्योति (सैनिकों के लिए एक स्मारक) पर पुष्प माला अर्पित करते हैं। इसके बाद शहीद सैनिकों की स्मृति में दो मिनट मौन रखा जाता है। यह देश की संप्रभुता की रक्षा के लिए लड़े युद्ध व स्वतंत्रता आंदोलन में देश के लिए बलिदान देने वाले शहीदों के बलिदान का एक स्मारक है। इसके बाद प्रधानमंत्री, अन्य व्यक्तियों के साथ राजपथ पर स्थित मंच तक आते हैं, राष्ट्रपति बाद में अवसर के मुख्य अतिथि के साथ आते हैं।

परेड में विभिन्न राज्यों की प्रदर्शनी भी होती हैं, प्रदर्शनी में हर राज्य के लोगों की विशेषता, उनके लोक गीत व कला का दृश्यचित्र प्रस्तुत किया जाता है। हर प्रदर्शिनी भारत की विविधता व सांस्कृतिक समृद्धि प्रदर्शित करती है। परेड और जुलूस राष्ट्रीय टेलीविजन पर प्रसारित होता है और देश के हर कोने में करोड़ों दर्शकों के द्वारा देखा जाता है। 2014 में, भारत के 72वें गणतंत्र दिवस के अवसर पर, महाराष्ट्र सरकार के प्रोटोकॉल विभाग ने पहली बार मुंबई के मरीन ड्राईव पर परेड आयोजित की, जैसी हर वर्ष नई दिल्ली में राजपथ में होती है।

# नेताजी सुभाषचंद्र बोस के आव्हान पर युवा शक्ति एकजुट हुई देश के लिए

लम्बे इंतजार के बाद अच्छी बात हुई है कि देश के क्रांतिकारी आंदोलन के महानायक, कर्मयोद्धा नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती को केंद्र सरकार ने 'राष्ट्रीय पराक्रम दिवस' के रूप में मनाने की घोषणा करके देश के असंख्य लोगों की भावनाओं का सम्मान किया है। वास्तव में हमारी आजादी हमारे ऐसे ही वीरों के पराक्रम, शौर्य, समर्पण और साहस से मिली थी। यह सही है कि स्वतंत्रता संग्राम में महात्मा गांधी का योगदान महत्वपूर्ण था, परंतु नेताजी के योगदान को कमतर आंकना या उनके योगदान का विस्मृत करना, किसी भी दृष्टिकोण से उचित नहीं कहा जा सकता। भारत के स्वाधीनता संग्राम में आजाद हिंद फौज एवं नेताजी का सर्वाधिक योगदान रहा है, उनके योगदान की अमर कहानी अभी लिखी जानी शेष है और इसकी शुभ शुरुआत हो गयी है।

आजाद हिन्द सरकार के माध्यम से सुभाषचन्द्र बोस ने एक ऐसा भारत बनाने का वादा किया था, जिसमें सभी के पास समान अधिकार हों, सभी के पास समान अवसर हों। जो अपनी प्राचीन परम्पराओं से प्रेरणा लेगा और गौरवपूर्ण बनाने वाले सुखी और समृद्ध सशक्त भारत का निर्माण करेगा। यह करोड़ों भारतीयों का सपना था, किंतु सुभाष बाबू से भय खाने वाले अंग्रेजों और बाद में उसी लीक पर चलकर सत्ता और परिवारवाद को मजबूत करने वाले राजनीतिक दलों एवं सत्ताधारियों ने उस महानायक के योगदान एवं सपनों को कुचलने का षड्यंत्रपूर्वक प्रयत्न किया। नेताजी सुभाष चंद्र बोस ने जिस अमृत को अपने संघर्ष से बटोरो एवं सुरक्षित भारत की भावी पीढ़ियों के लिए रखा था, वह तो राजनीतिक स्वार्थों की भेंट चढ़ गया। उस अमृत पर तो कोरी राजनीतिक स्वार्थ की रोटियां सेकी गयी, अपने-अपने स्वार्थ सिद्ध किये गये, देश को भूला दिया गया, नेताजी के योगदान को भूला दिया गया।

यही कारण है कि वर्षों के कालखण्ड में राष्ट्र मजबूत होने की बजाय दिन-ब-दिन कमजोर होता गया। राष्ट्र कभी भी केवल व्यवस्था पक्ष से ही नहीं बनता, उसका सिद्धांत, चरित्र पक्ष एवं राष्ट्रीय भावना भी सशक्त होनी चाहिए।



किसी भी राष्ट्र की ऊंचाई वहां की इमारतों की ऊंचाई से नहीं मापी जाती बल्कि वहां के नागरिकों के चरित्र से मापी जाती है। उनके काम करने के तरीके से मापी जाती है, उनके बलिदानी स्वतंत्रता संग्रामियों की जीवंतता से आंकी जाती है।

सुभाष चन्द्र बोस भारत के स्वतन्त्रता संग्राम के अग्रणी तथा सबसे बड़े नेता थे। आपका जन्म 23 जनवरी 1897 को को ओड़िशा के कटक शहर में हिन्दू कायस्थ परिवार में हुआ था। उनके पिता का नाम जानकीनाथ बोस और माँ का नाम प्रभावती था। जानकीनाथ बोस कटक शहर के मशहूर वकील थे। पहले वे सरकारी वकील थे मगर बाद में उन्होंने निजी प्रैक्टिस शुरू कर दी थी। उन्होंने कटक की महापालिका में लम्बे समय तक काम किया था और वे बंगाल विधानसभा के सदस्य भी रहे थे। अंग्रेज़ सरकार ने उन्हें रायबहादुर का खिताब दिया था। प्रभावती देवी के पिता का नाम गंगानारायण दत्त था। दत्त परिवार को कोलकाता का एक कुलीन परिवार माना जाता था। प्रभावती और जानकीनाथ बोस की कुल मिलाकर 14 सन्तानें थी जिसमें 6 बेटियाँ और 8 बेटे थे। सुभाष उनकी नौवीं सन्तान और पाँचवें बेटे थे। अपने सभी भाइयों में से सुभाष को सबसे अधिक लगाव शरद चन्द्र से था।

सुभाषचन्द्र बोस आजीवन भारतीय स्वाधीनता संघर्ष के लिये युद्ध तथा सैन्य संगठन में रत रहते हुए भारत को आजादी दिलाने के प्रभावी एवं सार्थक प्रयत्न किये। सुभाष बाबू के जीवन पर स्वामी विवेकानंद, उनके गुरु स्वामी रामकृष्ण परमहंस तथा महर्षि अरविंद के गहन दर्शन और उच्च भावना का प्रभाव था। नेताजी ऋषि अरविंद की पत्रिका आर्य को बहुत ही लगाव से पढ़ते थे। पिताजी की इच्छा का निर्वाहन करते हुए उन्होनें उन दिनों की सर्वाधिक महत्वपूर्ण परीक्षा आईसीएस में बैठने के लिए कैम्ब्रिज विश्वविद्यालय में प्रवेश लिया तथा मात्र आठ माह में ही परीक्षा उत्तीर्ण कर ली किंतु राष्ट्रीय भाव एवं भारत को आजाद कराने के संकल्प के चलते उन्होंने आईसीएस की नौकरी का परित्याग करके एक अनोखा उदाहरण प्रस्तुत किया। तब तक आइसीएस के इतिहास में किसी भारतीय ने ऐसा नहीं किया था। युवा सुभाष ने 16 जुलाई 1921 को बम्बई में महात्मा गांधी से मिलने के बाद सम्पूर्ण देश में अंग्रेजों के खिलाफ चल रहे असहयोग आंदोलन में हिस्सा लिया। उस समय देश में गांधीजी के नेतृत्व में असहयोग की लहर थी तथा अंग्रेजी वस्त्रों का बहिष्कार, विधानसभा, अदालतों एवं शिक्षा संस्थाओं का बहिष्कार भी इसमें शामिल था।

सुभाषचन्द्र बोस ने द्वितीय विश्वयुद्ध के दौरान, अंग्रेज़ों के खिलाफ लड़ने के लिये, जापान के सहयोग से आज़ाद हिन्द फौज का गठन किया था। उनके द्वारा दिया गया जय हिंद का नारा भारत का राष्ट्रीय नारा बन गया है। 'तुम मुझे खून दो मैं तुम्हे आजादी दूँगा' का नारा देकर उन्होंने अंग्रेजों के खिलाफ हुंकार भरी। आजाद हिन्द सरकार ने वादा किया था 'बांटो और राज करो' की उस नीति को जड़ से उखाड़ फेंकने का, जिसकी वजह से भारत सदियों तक गुलाम रहा था। इसके लिये नेताजी ने 5 जुलाई 1943 को सिंगापुर के टाउन हाल के सामने 'सुप्रीम कमाण्डर' के रूप में आज़ाद हिंद फौज की सेना को सम्बोधित करते हुए 'दिल्ली चलो!' का नारा दिया और जापानी सेना के साथ मिलकर ब्रिटिश व कामनवेल्थ सेना से बर्मा सहित इंफाल और कोहिमा में एक साथ जमकर मोर्चा लिया। आजाद हिन्द फौज को छोड़कर विश्व-इतिहास में ऐसा कोई भी दृष्टांत या उदाहरण नहीं मिलता जहाँ तीस-पैंतीस हजार युद्धबन्दियों ने संगठित होकर अपने देश की आजादी के लिए ऐसा प्रबल संघर्ष छेड़ा हो।



## गणतंत्र दिवस पर हाथों को दें देशभक्ति और स्टाइल का खूबसूरत टच

अगर आप गणतंत्र दिवस पर कपड़ों या घर की सजावट से हटकर कुछ नया ट्राई करना चाहती हैं, तो तिरंगा नेल आर्ट एक शानदार विकल्प है। तिरंगे के रंगों से सजे नाखून न सिर्फ देशभक्ति की भावना दिखाते हैं, बल्कि हाथों की खूबसूरती भी बढ़ा देते हैं। ये डिज़ाइन ट्रेडिशनल और मॉडर्न दोनों लुक में खूब जंचते हैं। आप चाहें तो पार्लर में नेल आर्ट करवा सकती हैं या फिर ऑनलाइन रेडीमेड नेल्स मंगाकर घर पर ही लगा सकती हैं। ऑनलाइन नेल्स लगाना बेहद आसान होता है और 10-15 मिनट में ग्लू की मदद से इन्हें आसानी से लगाया जा सकता है। हर बजट और पसंद के हिसाब से कई डिज़ाइन उपलब्ध हैं।

**सिंपल तिरंगा नेल आर्ट-** मिनिमल लुक के लिए हर नाखून को अलग-अलग केसरिया, सफेद और हरे रंग में पेंट करें। यह डिज़ाइन सिंपल होते हुए भी बहुत क्लासी लगता है।

**अशोक चक्र नेल आर्ट-** सफेद नेल पॉलिश पर नीले रंग से अशोक चक्र बनवाएं। यह डिज़ाइन यूनिक और एलिगेंट लुक देता है।

**ग्लिटर तिरंगा नेल आर्ट-** तिरंगे के रंगों के साथ हल्का ग्लिटर जोड़ें। पार्टी या खास मौके के लिए यह डिज़ाइन बेहद आकर्षक लगता है।

**फ्लोरल तिरंगा नेल आर्ट-** तिरंगे रंगों से बने छोटे-छोटे फूल नाखूनों पर बनवाएं। यह डिज़ाइन थोड़ा महंगा हो सकता है, लेकिन हाथों को बेहद खूबसूरत लुक देता है।

**नेल आर्ट करने के फायदे**

हाथों की खूबसूरती बढ़ती है। देशभक्ति दिखाने का यूनिक तरीका। हर उम्र की महिलाओं के लिए परफेक्ट। ट्रेडिशनल और मॉडर्न दोनों आउटफिट्स के साथ मैच करता है।

**घर पर नेल आर्ट लगाने के आसान टिप्स**

नेल आर्ट से पहले नाखूनों को अच्छी तरह साफ करें और शेप दें। अच्छी क्वालिटी की नेल पॉलिश और ग्लू का इस्तेमाल करें।

## दिवंगत धर्मेंद्र को मिलेगा पद्म विभूषण सम्मान



दिग्गज एक्टर धर्मेंद्र को रविवार को मरणोपरांत पद्म विभूषण से सम्मानित करने की घोषणा की गई। यह सम्मान फिल्म इंडस्ट्री में उनके लंबे और अहम योगदान के लिए दिया जाएगा। बता दें कि धर्मेंद्र का निधन पिछले साल 24 नवंबर को 89 साल की उम्र में हुआ था। इस घोषणा के बाद उनकी पत्नी और एक्ट्रेस हेमा मालिनी ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट शेयर की। उन्होंने धर्मेंद्र की तस्वीर के साथ लिखा कि उन्हें गर्व है कि सरकार ने धरम जी के फिल्म इंडस्ट्री में दिए गए योगदान को पहचान दी है और उन्हें पद्म विभूषण से सम्मानित किया है।

**पूरा परिवार बहुत खुश-उत्साहित है- हेमा मालिनी**

वहीं, इंडिया टुडे से बात करते हुए हेमा मालिनी ने धर्मेंद्र को यह सम्मान मिलने पर कहा कि पूरा परिवार बहुत खुश और उत्साहित है। उन्होंने कहा, हम जरूर चाहते थे कि यह सम्मान उन्हें पहले मिला जाता, जब वह हमारे साथ इसे लेने के लिए मौजूद होते, लेकिन फिर भी हम खुश हैं। वह इस सम्मान के पूरी तरह हकदार थे। उन्होंने फिल्म इंडस्ट्री को बहुत कुछ दिया है।

हेमा मालिनी ने आगे कहा कि आज हर कोई चाहे उनके फैंस हों या फिल्म इंडस्ट्री के लोग धर्मेंद्र के बारे में अच्छी बातें कर रहा है। यह देखकर उनका दिल गर्व से भर जाता है। उन्होंने बताया कि सभी चाहते थे कि उन्हें यह सम्मान मिले। धर्मेंद्र ने कभी अवॉर्ड की परवाह नहीं की। जिंदा रहते हुए उन्हें लाइफटाइम अचीवमेंट अवॉर्ड के अलावा कोई फिल्मफेयर अवॉर्ड भी नहीं मिला। उन्होंने कहा कि यह वह सामान्य तौर पर बता रही हैं, लेकिन अलग-अलग जगहों से लोगों का जो प्यार और सम्मान उन्हें मिला, वह दिल को छू लेने वाला है।हेमा मालिनी ने यह भी कहा कि धर्मेंद्र सिर्फ एक अभिनेता नहीं, बल्कि सच्चे कलाकार थे। उन्होंने फिल्म इंडस्ट्री को बहुत कुछ दिया, अलग-अलग तरह के किरदार निभाए और कई युवाओं के लिए प्रेरणा बने। आर. माधवन को पद्म श्री से सम्मानित किया जाएगा वहीं, एक्टर आर. माधवन को पद्म श्री से सम्मानित किया जाएगा। सम्मान को लेकर माधवन ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट शेयर की, जिसमें उन्होंने कहा कि यह उनके जीवन का सबसे बड़ा सम्मान है और वह इसे पूरे सम्मान और विनम्रता के साथ स्वीकार करते हैं।अपने मैसेज में माधवन ने यह भी लिखा कि वह यह सम्मान अपने पूरे परिवार की तरफ से स्वीकार कर रहे हैं, जिनका साथ और भरोसा हमेशा उनकी सबसे बड़ी ताकत रहा है। उन्होंने यह भी कहा कि यह पहचान उन्हें उनके गुरु के आशीर्वाद, चाहने वालों की शुभकामनाओं और भगवान की कृपा से मिली है।माधवन ने आगे लिखा कि वह इस सम्मान को सिर्फ एक अवॉर्ड नहीं बल्कि एक जिम्मेदारी मानते हैं। उन्होंने कहा कि वह इस सम्मान को ईमानदारी, सच्चाई और इसके मूल्यों के साथ निभाने की कोशिश करेंगे। उन्होंने यह भी बताया कि उन्हें मिले प्यार और मैसेजों से वह बहुत इंप्रेस हैं और सभी को जवाब देने के लिए थोड़ा समय चाहते हैं।

## गर्दन चटकाने की आदत कहीं स्ट्रोक का खतरा तो नहीं? जानें कब बढ़ जाती है परेशानी



गर्दन में अकड़न या तनाव महसूस होते ही कई लोग उसे बिना सोचे-समझे चटका लेते हैं। गर्दन चटकाते ही आने वाली क्लिक की आवाज और तुरंत मिलने वाली राहत लोगों को यह आदत बार-बार दोहराने पर मजबूर कर देती है। लेकिन क्या यह आदत आगे चलकर किसी गंभीर खतरे, जैसे स्ट्रोक, का कारण बन सकती है? इसी सवाल पर डॉक्टर और फिजिशियन जरूरी जानकारी देते हैं।

एक्सपर्ट्स के अनुसार, गर्दन चटकाने पर जो आवाज आती है वह अपने आप में खतरनाक नहीं होती। यह आवाज जोड़ों के अंदर मौजूद साइनोवियल फ्लूइड में बनी गैस बबल्स के अचानक रिलीज होने से आती है। इसी वजह से गर्दन चटकाने के बाद कुछ समय के लिए हल्कापन और आराम महसूस होता है। हालांकि डॉक्टर यह भी स्पष्ट करते हैं कि समस्या आवाज से नहीं, बल्कि बार-बार और जोर लगाकर गर्दन चटकाने की आदत से शुरू होती है। जब कोई व्यक्ति अपनी गर्दन को उसकी सामान्य सीमा से ज्यादा झटके के साथ मोड़ता है, तो गर्दन को सहारा देने वाले लिगामेंट्स धीरे-धीरे ढीले पड़ सकते हैं। इससे सर्वाइकल स्पाइन की स्थिरता कम हो जाती है और गर्दन की अंदरूनी संरचनाएं ज्यादा संवेदनशील हो जाती हैं, खासकर वे रक्त नलिकाएं जो दिमाग तक खून पहुंचाती हैं।

सिर्फ सीने में नहीं, शरीर के इन हिस्सों में दर्द भी हो सकता है हार्ट अटैक का संकेत!

कैसे बढ़ सकता है स्ट्रोक का खतरा?

डॉक्टरों के मुताबिक, बहुत जोरदार या अचानक गर्दन मूवमेंट से वर्टिब्रल और कैरोटिड आर्टरी पर दबाव पड़ सकता है। कुछ दुर्लभ मामलों में इससे आर्टरी की अंदरूनी परत फट सकती है, जिसे सर्वाइकल आर्टरी डिसेक्शन कहा जाता है। इस स्थिति में वहां खून का थक्का बन सकता है और अगर यह थक्का दिमाग तक पहुंचकर ब्लड फ्लो रोक दे, तो स्ट्रोक का खतरा पैदा हो सकता है। हालांकि एक्सपर्ट्स यह भी साफ करते हैं कि ऐसे गंभीर मामले बहुत कम होते हैं। जो लोग कभी-कभार गर्दन चटकाते हैं, उनमें आमतौर पर स्ट्रोक जैसी समस्या नहीं होती। फिर भी मेडिकल साइंस में इस जोखिम का जिक्र किया गया है, इसलिए खुद से बार-बार और जोर लगाकर गर्दन चटकाने की सलाह नहीं दी जाती।

गर्दन की जकड़न से राहत पाने के सुरक्षित तरीके

अगर गर्दन में बार-बार जकड़न या दर्द महसूस होता है, तो डॉक्टर इन उपायों की सलाह देते हैं।

हल्की स्ट्रेचिंग और मोबिलिटी एक्सरसाइज करें

लंबे समय तक बैठते समय सही पोस्चर बनाए रखें

## 77वां गणतंत्र दिवस: कर्तव्य पथ पर भारत की आन-बान-शान, दुनिया देख रही देश की ताकत

भारत सोमवार को अपना 77वां गणतंत्र दिवस मना रहा है, क्योंकि राष्ट्र संविधान को अपनाने और अपनी समृद्ध सांस्कृतिक और सैन्य विरासत को प्रदर्शित करने के लिए एक साथ आया है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू नई दिल्ली में कर्तव्य पथ पर भव्य समारोह की अध्यक्षता करेंगी। यूरोपीय परिषद के अध्यक्ष, एंटोनियो कोस्टा, और यूरोपीय आयोग की अध्यक्ष, उर्सुला वॉन डेर लेयेन, इस महत्वपूर्ण अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे। इस साल, राष्ट्रपति भवन से राष्ट्रीय युद्ध स्मारक तक फैले कर्तव्य पथ को भारत की उल्लेखनीय यात्रा को प्रदर्शित करने के लिए विस्तार से सजाया गया है।

रक्षा मंत्रालय की विज्ञप्ति के अनुसार, समारोह में राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम की 150 साल की विरासत, देश की अभूतपूर्व विकासात्मक प्रगति, मजबूत सैन्य शक्ति, जीवंत सांस्कृतिक विविधता और जीवन के सभी क्षेत्रों के नागरिकों की सक्रिय भागीदारी का एक असाधारण मिश्रण होगा। समारोह सुबह 10:30 बजे शुरू होगा और लगभग 90 मिनट तक चलेगा। यह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के राष्ट्रीय युद्ध स्मारक के दौरे के साथ शुरू होगा, जहां वह पुष्पांजलि अर्पित करके शहीद नायकों



को श्रद्धांजलि देने में राष्ट्र का नेतृत्व करेंगे। इसके बाद, प्रधानमंत्री और अन्य गणमान्य व्यक्ति परेड देखने के लिए कर्तव्य पथ पर सलामी मंच की ओर जाएंगे।

भारत के राष्ट्रपति, यूरोपीय परिषद के अध्यक्ष और यूरोपीय आयोग के अध्यक्ष का पारंपरिक बग्गी में आगमन राष्ट्रपति के अंगरक्षक द्वारा किया जाएगा, जो भारतीय सेना की सबसे वरिष्ठ रेजिमेंट है। परंपरा के अनुसार, राष्ट्रीय ध्वज फहराया जाएगा, जिसके बाद 105 मिमी लाइट फील्ड गन का उपयोग करके 21 तोपों की सलामी के साथ राष्ट्रगान होगा, एक स्वदेशी रूप से विकसित तोपखाना हथियार प्रणाली। 21 तोपों की सलामी 172 फील्ड रेजिमेंट की 1721 सेरेमोनियल बैटरी द्वारा दी जाएगी। लगभग 100 सांस्कृतिक कलाकार %विविधता में एकता थीम पर परेड की शुरुआत करेंगे, जो संगीत वाद्ययंत्रों की एक भव्य प्रस्तुति होगी, जो राष्ट्र की एकता और समृद्ध सांस्कृतिक विविधता को प्रदर्शित करेगी। इसके बाद सर्वोच्च वीरता पुरस्कारों के गौरवशाली विजेता होंगे। इनमें परमवीर चक्र विजेता - सूबेदार मेजर (मानद कैप्टन) योगेंद्र सिंह यादव (सेवानिवृत्त) और सूबेदार मेजर संजय कुमार - और अशोक चक्र विजेता - मेजर जनरल सीए पिथावालिया (सेवानिवृत्त) और कर्नल डी श्रीराम कुमार शामिल हैं। परमवीर चक्र दुश्मन के सामने रक्षा बलों के सदस्यों द्वारा दिखाए गए बहादुरी, वीरता और आत्म-बलिदान के सबसे विशिष्ट कार्य के लिए दिया जाता है, जबकि अशोक चक्र दुश्मन के सामने के अलावा अन्य परिस्थितियों में किए गए वीरता, साहस और आत्म-बलिदान के समान कार्यों के लिए दिया जाता है।

समस्त जिलेवासियों को गणतंत्र दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं



**किशोर साव**
प्रबंधक
सेवा सहकारी समिति, सिवनी (नैला)

क्षेत्रवासियों को गणतंत्र दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं ....



**लेखराम कश्यप**
प्रबंधक
सेवा सहकारी समिति,कुटरा

समस्त जिलेवासियों को गणतंत्र दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं

**अमित कुमार साहू**
जिला नोडल अधिकारी
जिला सहकारी केंद्रीय बैंकमर्या. बिलासपुर

77वें गणतंत्र दिवस पर्व की लोकसभा क्षेत्र कोरबा के समस्त नागरिकों को हार्दिक शुभकामनाएं

**श्रीमती ज्योत्सना चरणदास महंत**
सांसद - कोरबा लोकसभा क्षेत्र
विनीत : समस्त कार्यकर्ता, कोरबा-कोरिया-एमसीबी



समस्त जिलेवासियों को गणतंत्र दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं

सहायक आयुक्त
**आबकारी**
जिला-जांजगीर-चांपा, छ.ग.

समस्त जिलेवासियों को गणतंत्र दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं



शुभेच्छु
**अशोक तिवारी**
प्रबंधक
सेवा सहकारी समिति, बोड़सरा

समस्त जिलेवासियों को गणतंत्र दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं

-: शुभेच्छु :-
**रश्मि गुप्ता**
शाखा प्रबंधक
जिला सहकारी केंद्रीय बैंक मर्या.
शाखा- अकलतरा, छ.ग.

समस्त जिलेवासियों को गणतंत्र दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं

**मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी**
जिला-जांजगीर-चांपा, छ.ग.



समस्त जिलेवासियों को गणतंत्र दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं

-: शुभेच्छु :-
**रमेश वैष्णव**
वरिष्ठ भाजपा नेता
जिला-जांजगीर चांपा (छ.ग.)

समस्त जिलेवासियों को गणतंत्र दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं

-: शुभेच्छु :-
**दलगंजन साय**
अनुविभागीय अधिकारी
लोक निर्माण विभाग
जिला-जांजगीर चांपा (छ.ग.)

समस्त जिलेवासियों को गणतंत्र दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं



**गोपेश्वर कहरा**
संयुत सचिव छ.ग. प्रदेश हॉकी संघ
एवं प्रदेश उपाध्यक्ष क्रीड़ा भारती छ.ग.

समस्त जिलेवासियों को गणतंत्र दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं

**बृजेश तिवारी**
प्रबंधक
सेवा सहकारी समिति खोखरा

समस्त जिलेवासियों को गणतंत्र दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं



**जिला परिवहन अधिकारी**
जिला- जांजगीर-चांपा

समस्त जिलेवासियों को गणतंत्र दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं

-: शुभेच्छु :-
**अनुविभागीय अधिकारी**
**जल संसाधन विभाग**
सिवनी (चांपा)
जिला - जांजगीर-चांपा (छ.ग.)

भारत गणराज्य के 77वें गणतंत्र दिवस की समस्त जिले वासियों को हार्दिक शुभकामनाएं

**आदिवासी सेवा सहकारी समिति व धान उपार्जन समिति**
- पाली
- लाफा
- पोड़ी
- निरधी
- चैतमा

शाखा पाली, जिला-कोरबा, छत्तीसगढ़

समस्त जिलेवासियों को गणतंत्र दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं

-: शुभेच्छु :-
**उपसंचालक**
**कृषि विभाग**
जिला-जांजगीर चांपा (छ.ग.)

भारत के 77 वें गणतंत्र दिवस पर समस्त क्षेत्रवासियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं....

HAPPY REPUBLIC DAY

महाप्रबंधक
जिला व्यापार एवं उद्योग विभाग
जांजगीर चांपा
जिला : जांजगीर चांपा छ.ग.

भारत के 77 वें गणतंत्र दिवस पर समस्त क्षेत्रवासियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं....

HAPPY REPUBLIC DAY

श्रम पदाधिकारी
श्रम विभाग
जांजगीर चांपा
जिला : जांजगीर चांपा छ.ग.

भारत के 77 वें गणतंत्र दिवस पर समस्त क्षेत्रवासियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं....

26 JANUARY
गणतंत्र दिवस

श्रीमती नम्रता तिवारी
उप महाप्रबंधक
बीज प्रक्रिया केंद्र खोखसा
जिला : जांजगीर चांपा छ.ग.

देशवासियों को गणतंत्र दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं ...

26 JANUARY
गणतंत्र दिवस

अधीक्षण यंत्री एवं स्टाफ
विद्युत विभाग जांजगीर
जिला जांजगीर चांपा छ.ग

समस्त जिलेवासियों को गणतंत्र दिवस की हार्दिक बधाई ...

HAPPY REPUBLIC DAY

मुख्य कार्यपालन अधिकारी
जनपद पंचायत, बलौदा
जिला: जांजगीर चांपा (छ.ग.)

समस्त प्रदेशवासियों को गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं ..

HAPPY REPUBLIC DAY

डॉ. महेंद्र सोनी - बीएमओ
अनूप मनहर - बीपीएम
एवं समस्त सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र स्टाफ, अकलतरा

समस्त जिलेवासियों को गणतंत्र दिवस की हार्दिक बधाई ...

HAPPY REPUBLIC DAY


एक देशभक्त
जिला जांजगीर चांपा छ.ग

भारत के 77 वें गणतंत्र दिवस पर समस्त क्षेत्रवासियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं....



राजकुमार साहू
सभापति -जिला पंचायत, जांजगीर चांपा छ.ग.

जिले एवं क्षेत्रवासियों को गणतंत्र दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं.




प्रकाश इण्डस्ट्रीज लि.
कोटाडबरी चाम्पा
स्पात आधारित संयंत्र, चाम्पा
जिला- जांजगीर-चांपा (छ.ग.)

देशवासियों को गणतंत्र दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं ...

26 JANUARY
गणतंत्र दिवस

-: शुभेच्छु :-
शंशाक सिंह
कार्यपालन अभियंता
हसदेव बांगो परियोजना संभाग, जांजगीर

भारत के 77 वें गणतंत्र दिवस पर समस्त क्षेत्रवासियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं....



राजेश्री
महंत रामसुंदर दास
महामंडलेश्वर
शिवरीनारायण एवं दुधाधारी मठ, रायपुर

समस्त जिलेवासियों को गणतंत्र दिवस की हार्दिक बधाई ...

HAPPY REPUBLIC DAY

आर.के.मरावी
तहसीलदार, जांजगीर
जिला : जांजगीर चांपा (छ.ग.)

समस्त जिलेवासियों को गणतंत्र दिवस की हार्दिक बधाई ...

HAPPY REPUBLIC DAY

विकासखण्ड चिकित्सा अधिकारी
बलौदा
जिला : जांजगीर चांपा

समस्त जिलेवासियों को गणतंत्र दिवस की हार्दिक बधाई ...

HAPPY REPUBLIC DAY

विकासखंड शिक्षा अधिकारी, बलौदा
जिला : जांजगीर चांपा (छ.ग.)

समस्त जिलेवासियों को गणतंत्र दिवस की हार्दिक बधाई ...

HAPPY REPUBLIC DAY

आर.के.मरावी
तहसीलदार, जांजगीर
जिला : जांजगीर चांपा (छ.ग.)


स्वामी कौशल किशोर मिश्र की ओर से प्रकाशक, मुद्रक सुभाष अग्रवाल द्वारा आकाश आफसेट प्रिंटर्स से मुद्रित कर तिलक मार्ग, ट्रासंपोर्ट नगर, कोरबा से प्रकाशित, संपादक सुभाष अग्रवाल फोन: 221149, मो. : 9425224167 आर.एन.आई. पंजी. नं. 50254/89, ई-मेल tarunpresskrb@gmail.com

समस्त जिलेवासियों को गणतंत्र दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
कार्यपालन अभियंता
जल संसाधन विभाग
संभाग जांजगीर
मुख्यालय चांपा
जिला- जांजगीर-चांपा(छ.ग.)

समस्त जिलेवासियों को गणतंत्र दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
अनुविभागीय अधिकारी
जल संसाधन विभाग
उप संभाग बिर्रा

समस्त जिलेवासियों को गणतंत्र दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
मुख्य कार्यपालन अधिकारी
जिला पंचायत
जिला- जांजगीर-चांपा(छ.ग.)

समस्त जिलेवासियों को गणतंत्र दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
मनेन्द्र शुक्ला
प्रबंधक
सेवा सहकारी समिति, बोड़सरा


समस्त जिलेवासियों को गणतंत्र दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
मयाराम राठौर
प्रबंधक
सेवा सहकारी समिति, सिवनी (नैला)

समस्त जिलेवासियों को गणतंत्र दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
कार्यपालन अभियंता
लोक निर्माण विभाग
संभाग चांपा
जिला- जांजगीर-चांपा(छ.ग.)

समस्त जिलेवासियों को गणतंत्र दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
जिला खनिज अधिकारी
जिला- जांजगीर-चांपा
छत्तीसगढ़

समस्त जिलेवासियों को गणतंत्र दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं

सौरभ सिंह
पूर्व विधायक अकलतरा छ.ग.

समस्त जिलेवासियों को गणतंत्र दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
जिला खाद्य अधिकारी
जिला- जांजगीर-चांपा
छत्तीसगढ़

समस्त जिलेवासियों को गणतंत्र दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं

महेन्द्र सिंह भाटिया

सतविंदर सिंह भाटिया (ट्विंकल)
समाज सेवी, चांपा छ.ग.

समस्त जिलेवासियों को गणतंत्र दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं

राजेश अग्रवाल
जिलाध्यक्ष
जिला कांग्रेस कमेटी जांजगीर चांपा

समस्त जिलेवासियों को गणतंत्र दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं

रविकुमार राठौर
प्रबंधक
आशीष राठौर
धान खरीदी प्रभारी
सेवा सहकारी समिति
महंत

समस्त जिलेवासियों को गणतंत्र दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
-: शुभेच्छु :-
अनुविभागीय अधिकारी
विद्युत एवं यांत्रिकी खण्ड
लोक निर्माण विभाग
जिला- जांजगीर चांपा (छ.ग.)

समस्त जिलेवासियों को गणतंत्र दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं

व्यास कश्यप
विधायक
जांजगीर चांपा विधानसभा क्षेत्र

समस्त जिलेवासियों को गणतंत्र दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
-: शुभेच्छु :-
अनुविभागीय अधिकारी
विद्युत एवं यांत्रिकी एण्ड सिंचाई विभाग, अनुविभाग-2
सिवनी (चांपा)
जिला - जांजगीर-चांपा (छ.ग.)

समस्त जिलेवासियों को गणतंत्र दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
-: शुभेच्छु :-
अनुविभागीय अधिकारी
ग्रामीण यांत्रिकी सेवा
जांजगीर (नवागढ़)

गणतंत्र दिवस
की आप सभी प्रदेशवासियों को
अशेष शुभकामनाएँ...
श्याम सुंदर अग्रवाल
अध्यक्ष नगर पालिका सक्ती

26 जनवरी गणतंत्र दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएँ...
उपपंजीयक कार्यालय
एवं समस्त स्टॉफ सक्ती

26 जनवरी गणतंत्र दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएँ...
प्रहलाद पाण्डेय
मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर पालिका परिषद सक्ती

26 जनवरी गणतंत्र दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएँ...
लोक स्वास्थ्य
यांत्रिकी विभाग
उप संभाग एवं
समस्त स्टाफ
सक्ती

26 जनवरी गणतंत्र दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएँ...
आबकारी विभाग
सक्ती

26 जनवरी गणतंत्र दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएँ...
ग्रामीण यांत्रिकी सेवा
एवं समस्त स्टॉफ उपसंभाग-सक्ती

26 जनवरी गणतंत्र दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएँ...
सहायक भूमि संरक्षण
एवं समस्त स्टाफ सक्ती

26 जनवरी गणतंत्र दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएँ...
विकास खण्ड शिक्षा
अधिकारी सक्ती

गणतंत्र दिवस की प्रदेशवासियों को
हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएँ...
राकेश राठौर अध्यक्ष, नगर कांग्रेस कमेटी सक्ती

26 जनवरी गणतंत्र दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएँ...
परियोजना अधिकारी
महिला एवं बाल विकास विभाग
विकासखण्ड-सक्ती

26 जनवरी गणतंत्र दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएँ...
वरिष्ठ कृषि
विकास अधिकारी
एवं समस्त स्टॉफ सक्ती

गणतंत्र दिवस की आप सभी को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएँ...
बिहान नर्सिंग होम
आयुष्मान कार्ड द्वारा निःशुल्क ईलाज की सुविधा
डॉ. एस.पी. राठिया
डॉ. विजय हांडे
एम्बुलेंस
सोनोग्राफी

गणतंत्र दिवस की प्रदेशवासियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएँ...
सक्ती जिले का सर्वश्रेष्ठ आवासीय परिसर
Aanya Dreams
घर बनाने का सपना करें साकार!
LIMITED PLOTS AVAILABE
BOOK YOURS TODAY!
Luxury
SPECIAL OFFER
BANK FINANCE AVAILABLE
प्रो. मनोज पटेल
+91 96444 88828

26 जनवरी गणतंत्र दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएँ...
दिगम्बर प्रसाद चौबे
अध्यक्ष, ब्लॉक कांग्रेस कमेटी सक्ती

26 जनवरी गणतंत्र दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएँ...
नटराज हॉटल
सक्ती
बेकरी आयटम। मिठाईयां। नाश्ता। केक

गणतंत्र दिवस की आप सभी को
हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएँ...
आयुष्मान कार्ड द्वारा ईलाज उपलब्ध
गोमती देवी हॉस्पिटल
स्त्री रोग विशेषज्ञ
हड्डी रोग विशेषज्ञ
शिशु रोग विशेषज्ञ
सर्जरी विशेषज्ञ
सोनोग्राफी | डायलिसिस | एक्स-रे
पैथोलॉजी | इमरजेंसी चिकित्सा
मो. 8830723027, 8962127302

26 जनवरी गणतंत्र दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएँ...
अंकित अग्रवाल
जिला आयुक्त स्काउट एण्ड गाईड

26 जनवरी गणतंत्र दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएँ...
INDIA
प्रबंधक, सचिव एवं समस्त स्टाफ
कृषि उपज मण्डी समिति, सक्ती
जिला सक्ती (छ.ग.)

26 जनवरी गणतंत्र दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएँ...
लोकनिर्माण विभाग
उप संभाग एवं समस्त स्टाफ सक्ती

26 जनवरी गणतंत्र दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएँ...
जवाहरलाल नेहरू
महाविद्यालय सक्ती
स्व. राजा सुरेन्द्र बहादुर सिंह
संस्थापक
शक्ति शिक्षण समिति सक्ती
डॉ. शालू पाहवा
प्राचार्य
ज.ला.ने. महाविद्यालय सक्ती

हर घर तिरंगा
हमने बनाया है,
हम ही संवारेंगे
क्षेत्रवासियों को
26 जनवरी गणतंत्र दिवस
की
हार्दिक शुभकामनाएं...
श्रीमती संयोगिता युद्धवीर सिंह जूदेव
रामकुमार गबेल
श्रीमती गीता गबेल
आर. के. स्टोन क्रेशर, जगदल्ली, आर. के. एग्रो, सक्ती

गणतंत्र दिवस की जिलेवासियों को
हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएँ...
श्रीमती नीतू राय
अध्यक्ष जनपद पंचायत सक्ती
विनीत
एक शुभचिंतक
ऋषि राय
समाज सेवक जिला-सक्ती

26 जनवरी गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएँ...
कार्यपालन अभियंता
मि.मा.बा.नहर संभाग
क्षेत्र क्र.-6 सक्ती

26 जनवरी गणतंत्र दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएँ...
श्रीमती कुमुदनी बाघ द्विवेदी
जिला शिक्षा अधिकारी
जिला सक्ती

26 जनवरी गणतंत्र दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएँ...
सारे जहाँ से अच्छा..
हिन्दुस्तान हमारा...
शैलेन्द्र तिवारी
शाखा प्रबंधक
जिला सहकारी बैंक, मर्या. सक्ती

गणतंत्र दिवस
की आप सभी प्रदेशवासियों को
अशेष शुभकामनाएँ...
26th JANUARY
Republic Day
संतोष सोनी (लाला)
पार्षद वार्ड नं. 16 न.पा.सक्ती
जिला प्रमुख तरुण छत्तीसगढ़

# 78 लाख के विकास कार्य कराये गए कुटरा के सरकारी स्कूल में

**जांजगीर।** जांजगीर जिले के कुटरा में राम सरकार शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल के वार्षिकोत्सव समारोह में शिक्षा क्षेत्र में हुए विकास कार्यों का लोकार्पण किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राघवेन्द्र पाण्डेय रहे। उन्होंने कहा कि शिक्षा की नींव केवल भवन खड़ा करना नहीं, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के उज्ज्वल भविष्य की आधारशिला रखना है। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य संदीप श्रीवास्तव ने की। विशिष्ट अतिथि के रूप में प्रधान पाठक ईंदिरा शुक्ला, सहकारी समिति अध्यक्ष राजू कश्यप, सरपंच रामधन कश्यप और शाला विकास समिति अध्यक्ष देवी निर्मलकर उपस्थित रहे।



इस अवसर पर हायर सेकेंडरी, पूर्व माध्यमिक और प्राथमिक स्कूल के लिए 78 लाख रुपए की लागत से निर्मित अतिरिक्त कक्षों का लोकार्पण किया गया। कार्यक्रम का संचालन शिक्षक देवेन्द्र साहु ने किया। विद्यार्थियों ने देशभक्ति से जुड़े रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किए। मुख्य अतिथि राघवेन्द्र पाण्डेय ने बताया कि वर्ष 2008 में हाईस्कूल की स्थापना तो हो गई थी, लेकिन कुटरा में विवाद और अतिक्रमण की स्थिति के कारण छह वर्षों तक भवन निर्माण नहीं हो सका। वर्ष 2014 में तत्कालीन सरपंच राजू कश्यप और ग्रामीणों के आग्रह पर स्कूल की नींव रखी गई।

इसके बाद ग्रामीणों ने सैकड़ों एकड़ शासकीय भूमि से स्वेच्छा से अतिक्रमण हटाया और शांति का मार्ग अपनाया। इसकी वजह से गांव में शिक्षा और विकास से जुड़ी कई संस्थाओं का रास्ता खुला। उन्होंने बताया कि कन्या छात्रावास के लिए पहले 1.40 करोड़ रुपए स्वीकृत हुए थे, लेकिन भूमि विवाद के कारण निर्माण नहीं हो पाया।अब शासन ने 2.75 करोड़ रुपए की नई स्वीकृति दी है। इस बार पंचायत और ग्रामीणों के सहयोग से भूमि उपलब्ध कराई गई है, जिससे निर्माण में कोई बाधा नहीं आएगी। कार्यक्रम में अनुराग तिवारी, अमृत कश्यप, विदुर कश्यप, छोटेलाल सूर्यवंशी, रामेश्वर कश्यप, मनमोहन कश्यप, गजानंद खरे, पवन दिनकर, प्रह्लाद कश्यप और देवी कश्यप सहित अनेक लोगों ने सक्रिय सहभागिता निभाई। कुटरा राम सरकार हायर सेकेंडरी स्कूल में उपस्थित जनप्रतिनिधि व शिक्षक।

# केंवट समाज ने मेधावी विद्यार्थियों को सम्मानित किया

**जांजगीर।** छत्तीसगढ़ केंवट निषाद समाज घोड़ाखुरी, पैधार, कोसा में धार्मिक और सामाजिक कार्यक्रम हुआ। इस अवसर पर भगवान रामचंद्र और गुहा निषाद राज की मूर्ति की विधिवत प्राण प्रतिष्ठा की गई। प्राण प्रतिष्ठा के बाद क्षेत्र में भक्तिमय वातावरण बना रहा। कार्यक्रम के दौरान समाज के 10वीं और 12वीं बोर्ड परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले टॉपर छात्र-छात्राओं और समाज के वरिष्ठ बुजुर्गों का सम्मान किया गया। इसके साथ ही रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किए गए, जिसमें समाज के लोगों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। कार्यक्रम में नगर पंचायत मल्हार की अध्यक्ष धनेश्वरी धनेश केवट, बिलासपुर संभाग अध्यक्ष धनेश केवट, बिलासपुर जिला अध्यक्ष हरप्रसाद, जांजगीर-चांपा जिला अध्यक्ष सूरज केवट, कोसा जनपद सदस्य और सरपंच प्रमिला सहित केवट निषाद समाज के आठ गांवों के अध्यक्ष, सचिव, कोषाध्यक्ष, उपाध्यक्ष और अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे।





## सुबह और शाम ठंड बरकरार, अगले 24 घंटे में न्यूनतम तापमान बढ़ने के आसार

**जांजगीर।** जिले में मौसम शुष्क बना हुआ है। मौसम विभाग की ताजा जानकारी के अनुसार अगले 24 घंटे में न्यूनतम तापमान में 1 से 3 डिग्री तक बढ़ोतरी हो सकती है। इसके बावजूद सुबह और शाम के समय ठंड का असर बना रहेगा। दिन के समय तापमान में विशेष बदलाव नहीं होगा और मौसम सामान्य रूप से शुष्क रहेगा। मौसम विभाग के अनुसार तापमान में यह हल्की बढ़ोतरी शुष्क मौसम का ही हिस्सा है। सुबह और शाम की ठंड से कुछ राहत मिलेगी।

# अयोध्या के राम मंदिर के प्रतिष्ठा दिवस पर निकाली रैली

**तुस्मा।** मुड़पार में अयोध्या स्थित राम जन्मभूमि मंदिर में रामलला की प्रतिमा की प्राण-प्रतिष्ठा की वर्षगांठ पर रैली निकाली गई। कार्यक्रम को लेकर गांव में उत्साह का माहौल रहा। रैली में ग्रामीण युवाओं के साथ जनप्रतिनिधि और वरिष्ठ नागरिक शामिल हुए। सुबह से ही गांव में धार्मिक वातावरण बना रहा। रैली की शुरुआत गांव के मुख्य चौक से हुई।

बाजे-गाजे के साथ प्रतिभागी नाचते-गाते हुए 'जय जय श्री राम' के नारे लगाते आगे बढ़े। भगवा झंडों, जयघोष और भक्ति गीतों से पूरा गांव क्षेत्र भक्तिमय हो गया। रैली गांव के अलग-अलग मार्गों से होकर प्रमुख स्थानों पर पहुंची, जहां ग्रामीणों ने पुष्पवर्षा कर स्वागत किया। रैली में शामिल युवाओं ने इसे सनातन संस्कृति और भारतीय आस्था का महत्वपूर्ण क्षण बताया। समापन के बाद प्रसाद वितरण किया गया और लोगों ने एक-दूसरे को शुभ अवसर की बधाई दी। कार्यक्रम में उपसरपंच अशोक कर्ष, बलदाऊ कश्यप, आभाष गोस्वामी, चंद्र कुमार कश्यप, बबलू राज, राकेश, प्रवीण पंकज, नंदकिशोर, जगदीश पटेल, नितेश गोस्वामी और लाला कश्यप मौजूद रहे।



## पंचायत भवन का ताला टूटा पीडीएस का चावल चोरी

**जांजगीर।** चंद्रपुर थाना क्षेत्र के ग्राम डोमनपुर में शासकीय उचित मूल्य दुकान से पीडीएस चावल चोरी का मामला सामने आया है। दुकान संचालक नोवेल कुमार बरेठ ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई है। उन्होंने बताया कि वे पिछले चार माह से वितरक के रूप में कार्यरत हैं। यह दुकान सखी सहेली महिला स्व सहायता समूह द्वारा संचालित है। 8 जनवरी को दुकान में 147 क्विंटल चावल आया था। दिसंबर 2025 के वितरण के बाद 161 कट्टा चावल शेष था, जिसे पंचायत भवन के कमरे में रखा गया था। 21-22 जनवरी की रात अज्ञात चोरों ने ताला तोड़कर लगभग 61 कट्टा चावल चोरी कर लिया। पुलिस जांच में जुटी है।



# लोगों की सुविधा के लिए मंगल भवन बनेंगे 3 गांव में

**जांजगीर।** जांजगीर-चांपा विधानसभा क्षेत्र के विकास को लेकर विधायक ब्यास कश्यप के सतत प्रयास एक बार फिर रंग लाए हैं। छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण एवं अन्य पिछड़ा वर्ग विकास प्राधिकरण मद के तहत ग्राम पंचायत अमोरा में सामुदायिक भवन निर्माण के लिए 10 लाख रुपए, ग्राम पंचायत सेमरा में सामुदायिक भवन निर्माण के लिए 10 लाख रुपए और ग्राम पंचायत कुथुर में छतदार चबूतरा निर्माण के लिए 10 लाख रुपए की राशि मंजूर की गई है। इस स्वीकृति से संबंधित गांवों के लोगों को सामाजिक, सांस्कृतिक और सामुदायिक गतिविधियों के लिए स्थायी सुविधा मिलेगी।

सामुदायिक भवन बनने से बैठकों, प्रशिक्षण कार्यक्रमों, सामाजिक आयोजनों, विवाह और अन्य कार्यक्रमों के लिए उपयुक्त स्थान उपलब्ध होगा। विधायक ब्यास कश्यप ने कहा कि सामुदायिक भवन केवल एक संरचना नहीं, बल्कि सामाजिक एकता और विकास का केंद्र होता है।



समाज के सर्वांगीण विकास के लिए बुनियादी सुविधाओं का सुदृढ़ होना जरूरी है। क्षेत्र की जरूरतों को ध्यान में रखते हुए यह स्वीकृति दिलाई गई है। सामुदायिक भवन निर्माण की स्वीकृति पर स्थानीय लोगों और जनप्रतिनिधियों ने विधायक ब्यास कश्यप के प्रति आभार व्यक्त करते हुए इसे क्षेत्र के लिए महत्वपूर्ण सौगात बताया है।

# गीतांजली पब्लिक हाई स्कूल में वार्षिकोत्सव संपन्न






**सक्ती।** गीतांजली पब्लिक हाई स्कूल सक्ती में 22 वाँ वार्षिक उत्सव का आयोजन 23 जनवरी को किया गया । कार्यक्रम की शुरुआत बसंत पंचमी के अवसर विद्यादायिनी माँ सरस्वती अवाम भारत माता के चित्र पर माल्यार्पण पूजन एवं दीप प्रज्वलन के साथ हुआ । विद्यालय की (संचालिका) श्रीमती मंजू पाण्डेय एवं प्राचार्य कु. पूजा यादव ने विद्यालय के शिक्षक शिक्षिकाओं के साथ मंचासिन अतिथियों डॉ. संतोष पटेल(जिला सहायक चिकित्सा अधिकारी), श्री श्याम सुंदर अग्रवाल(नगरपालिका अध्यक्ष शक्ति) , श्री संतोष सोनी(पार्षद वार्ड न.16 शक्ति) , श्री सुमित शर्मा (नवभारत जिला प्रमुख शक्ति)को बैच पहनाकर पुष्पगुच्छ देकर एवं स्मृति चिह्न भेंट कर अभिनंदन किया गया ।

विद्यालय परिवार की ओर से बोर्ड कक्षाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र (प्रथम स्थान) अविनाश सिदार 96.3त्न , (द्वितीय स्थान) तनिषा देवांगन 84त्न एवं(तृतीय स्थान) श्रेया देवांगन 80.16 प्रतिशत अंक प्राप्त करने को मेडल देकर सम्मानित किया गया । श्री सुरेन्द्र पाण्डेय जी द्वारा विद्यालय के स्थापना से अभी तक की विकास यात्रा के बारे में बतलाया गया एवं इसके लिए पालकों के सहयोग के लिए धन्यवाद दिया गया । कार्यक्रम के मुख्य अतिथि श्याम सुंदर अग्रवाल ने इस अवसर पर कहा की छात्रों को शिक्षा के साथ साथ मानसिक , शारीरिक एवं भौतिक के साथ -साथ सभी प्रकार के ज्ञान की आवश्यकता है। छात्रों को पढ़ाई के ज्ञान के साथ-साथ सभी प्रकार के ज्ञान की आवश्यकता है। विशिष्ट अतिथि डॉ. संतोष पटेल द्वारा विद्यालय के छात्रों को पढ़ाई के साथ अपने स्वास्थ्य पर ध्यान देने को कहा , छात्रों को संतुलित आहार के बारें में बताया गया जिसमे प्रतिदिन कार्बोहाइड्रेट्स , वसा , प्रोटीन एवं विटामिन को संतुलित मात्रा में लेने को कहा गया। यहाँ के छात्रों को डॉक्टर , इंजीनियर, कलेक्टर, एवं उच्च पदों पर जाए। श्री सुमित शर्मा ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों को स्कूल , शिक्षकों एवं पालकों की मेहनत का परिणाम बताया । वार्षिकोत्सव बच्चों की मेहनत उनके संस्कार एवं उनकी प्रतिभा का उत्सव है। अपने संस्कार कभी ना छोड़े सफलता एक दिन जरूर आपकी कदम चूमेगी। पार्षद श्री संतोष सोनी ने भाग लेने वाले छात्रों को बधाई दी एवं नहीं लेने वाले छात्रों को कहा की उन्हें भी भाग लेना चाहिए एवं अपनी प्रतिभा दिखानी चाहिए। सांस्कृतिक कार्यक्रम के प्रारंभ में कक्षा 7 एवं 10 वी के छात्राओं द्वारा माँ सरस्वती की वंदना करते हुए माँ शारदे के गाने पर मनमोहक एवं आकर्षक नृत्य किया। इसके पश्चात स्कूल के छात्र-छात्राओं ने देशभक्ति गीत संदेशे आते है , झारा-झारा नेवता , चंदा चमके चम चम , माँ भवानी , मुझे माफ करना , सुवा नृत्य , गरबा डांस , कॉमेडी डांस , सुवा नृत्य कॉमेडी , नाटक , बस्तर डांस , नाटक , झाँसी की रानी , राउत नाचा गाने पर आकर्षक एवं मनमोहक प्रस्तुति दी। विद्यालय के बच्चों की मनमोहक प्रस्तुतियाँ ने सभी का दिल जीत लिया। आज के सांस्कृतिक कार्यक्रम का संचालन शिक्षक मनोहर लाल यादव एवं विशाल मौर्य द्वारा किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में विद्यालय के शिक्षक- शिक्षिकाओं शिव कुमार साहू , साबिया ख़ान , कु. पूजा यादव , रोशनी देवांगन , राकेश सिदार , रवीना सिदार , पूनम तिवारी , निर्मला महंत , रमा साहू , भुनेश्वरी पटेल, प्रमिला पटेल , नेहा नामदेव , दिव्या देवांगन , चोला श्री यादव , अजय यादव का योगदान सराहनीय था। कार्यक्रम के अंत में श्रीमती मंजू पाण्डेय द्वारा आभार प्रदर्शन किया गया।

# काफी समय से स्ट्रीट लाईट काम नहीं कर रही नहरिया बाबा मंदिर क्षेत्र में

**जांजगीर।** जांजगीर नगर के आस्था के प्रमुख केंद्र नहरिया बाबा मंदिर जाने वाले मुख्य मार्ग की स्ट्रीट लाइटें कई दिनों से बंद पड़ी हैं। इससे श्रद्धालुओं और स्थानीय लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। शाम होते ही पूरा मार्ग अंधेरे में डूब जाता है, जिससे आवागमन जोखिम भरा हो गया है। बुजुर्गों, महिलाओं और बच्चों को इस रास्ते से गुजरने में असुरक्षा महसूस हो रही है।

नहरिया बाबा मंदिर में प्रतिदिन दूर-दराज से बड़ी संख्या में श्रद्धालु दर्शन के लिए आते हैं। मंगलवार, शनिवार और विशेष धार्मिक अवसरों पर भक्तों की भीड़ और बढ़ जाती है। ऐसे में स्ट्रीट लाइट बंद रहने से दुर्घटना की आशंका बढ़ गई है। अंधेरे के कारण दोपहिया वाहन चालकों को सड़क के गड्ढे और किनारे खड़े मवेशी दिखाई नहीं देते, जिससे हादसे हो सकते हैं।

मार्ग पर दुकान लगाने वाले दुकानदारों को भी अंधेरे में ही व्यापार करना पड़ रहा है। स्थानीय लोगों ने प्रशासन से मांग की है कि जल्द से जल्द खराब स्ट्रीट लाइटों की मरम्मत कराई जाए या नई लाइटें लगाई जाएं, ताकि श्रद्धालु सुरक्षित रूप से मंदिर तक पहुंच सकें और मार्ग पर सुचारू आवागमन हो सके।



मंदिर के पास बंद पड़ी स्ट्रीट लाइट।

## तिरंगे के रंगों में चमक रहा 4.21 करोड़ रुपए की लागत से बना नया तहसील कार्यालय

**जांजगीर।** गणतंत्र दिवस के मौके पर जांजगीर जिले में सरकारी कार्यालयों को तिरंगे रंगों से सजाकर रोशन किया गया। इसी कड़ी में जिले के नए तहसील कार्यालय को भी विशेष रूप से सजाया गया। कार्यालय की बाहरी दीवारों पर केसरिया, सफेद और हरे रंग की लाइटिंग की गई, जिससे पूरा परिसर रात में जगमगाता नजर आया।

गणतंत्र दिवस के इस अवसर पर सरकारी भवनों को रंग-बिरंगी रोशनी से सजाना देशभक्ति की भावना को और मजबूत करता है। जांजगीर के नए तहसील कार्यालय की तिरंगे रंगों वाली लाइटिंग स्थानीय लोगों के बीच खास आकर्षण का केंद्र बनी रही। उल्लेखनीय है कि वर्ष 2025 में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने सुशासन तिहार के दौरान आकस्मिक दौरे पर जांजगीर पहुंचकर नए तहसील कार्यालय भवन का लोकार्पण किया था। यह भवन 4 करोड़ 21 लाख रुपए की लागत से तैयार किया गया है। 142 साल पुराने अंग्रेजी शासनकाल के तहसील भवन की जगह अब अत्याधुनिक सुविधाओं से युक्त नया भवन बनकर तैयार है।

## हादसे का खतरा: सड़क की चौड़ाई बढ़ाने के बाद बिजली के खंभे हटाना भूले अफसर

**जांजगीर।** शहर की आबादी में हर वर्ष लगातार वृद्धि हो रही है। इसी क्रम में नहर के उस पार और आसपास के क्षेत्रों में अब सघन आबादी बस चुकी है। इन क्षेत्रों को शहर से जोड़ने के लिए पहले नहर पार एक पतली डामर सड़क का निर्माण किया गया था। बढ़ती आबादी और वाहनों की संख्या को देखते हुए लगभग एक वर्ष पहले सड़क की चौड़ाई बढ़ाने की आवश्यकता महसूस की गई।

इसके तहत सड़क के एक हिस्से को सीसी रोड बनाकर चौड़ा किया गया, जिससे यातायात पहले की तुलना में काफी सुगम हो गया। हालांकि सड़क चौड़ीकरण के दौरान गंभीर लापरवाही सामने आई है। जहां सड़क का विस्तार किया गया है, वहां आज भी 11 केवी लाइनों के खंभे कई स्थानों पर किनारे खड़े हैं। इससे न केवल यातायात बाधित हो रहा है, बल्कि हर समय दुर्घटना की आशंका बनी रहती है। सड़क की चौड़ाई बढ़ाने के लिए डीएमएफ से निर्माण कराया गया। राशि खर्च करने की जल्दबाजी में बिजली के खंभे हटाने की पूर्व योजना बनाए बिना नगर पालिका द्वारा लगाए गए पैवर ब्लॉक हटाकर सीसी रोड बना दी गई।

अब इस मार्ग पर दिन-रात वाहनों की आवाजाही हो रही है, लेकिन जोखिम बना हुआ है। इस मार्ग पर दो स्थानों पर ट्रांसफार्मर का पुराना सेटअप सड़क के बेहद पास स्थित है। यहां बिजली के तार अक्सर लटकते रहते हैं, जिससे हर समय हादसे की आशंका बनी रहती है। ट्रांसफार्मर के कारण दो बड़े वाहन एक साथ नहीं निकल पाते, जिससे जाम की स्थिति बनती है।इसके अलावा इस मार्ग पर 10 से अधिक स्थानों पर बिजली के पोल सीधे सीसी रोड से जुड़े हुए हैं, जो वाहन चालकों के लिए बड़ी परेशानी बन रहे हैं। नहर पार सड़क प्रसिद्ध नहरिया बाबा हनुमान मंदिर, इनकम टैक्स ऑफिस और निजी अस्पतालों के लिए पहुंच मार्ग है। पोल शिफ्ट नहीं होने से सड़क की पूरी चौड़ाई यातायात के उपयोग में नहीं आ पा रही है। बीटीआई चौक से लेकर नहरिया बाबा मंदिर मार्ग तक कई स्थानों पर यही स्थिति देखने को मिलती है। चौड़ी सीसी सड़क से लोगों को सुविधा तो मिली है, लेकिन निर्माण कार्य के दौरान बरती गई लापरवाही के प्रमाण आज भी साफ नजर आते हैं।खंभों को शिफ्ट करने की कोई योजना नहीं- जेई ट्टबिजली विभाग के जेई सौरभ कश्यप ने बताया कि खंभों को लेकर सर्वे किया गया था, लेकिन खंभों को रास्ते से शिफ्ट करने के लिए कोई योजना नहीं है।

# 6 माह पहले बनी पानी टंकी, शुरू नहीं हुई सप्लाई



**तुस्मा।** पानी टंकी तुस्मा7 ग्राम पंचायत तुस्मा के बाजार चौक में पेयजल समस्या दूर करने के लिए बनाई गई नई पानी टंकी का कोई लाभ नहीं मिल रहा है। लाखों रुपए की लागत से बनी यह पानी टंकी छह माह से तैयार खड़ी है, लेकिन अब तक इससे पानी की सप्लाई शुरू नहीं हो पाई है।

ग्राम पंचायत तुस्मा के बाजार चौक और आसपास के मोहल्लों में लंबे समय से पेयजल की गंभीर समस्या है। गर्मी के मौसम में हालात और भी खराब हो जाते हैं। इस समस्या को देखते हुए संबंधित विभाग ने पानी टंकी का निर्माण कराया था। उम्मीद थी कि टंकी चालू होने से नियमित और शुद्ध पेयजल मिलेगा, लेकिन छह माह बीतने के बाद भी सप्लाई शुरू नहीं होने से निराशा है। पानी टंकी होने के बावजूद उन्हें पुराने जल स्रोतों पर निर्भर रहना पड़ रहा है। यदि समय रहते टंकी चालू नहीं की गई, तो आने वाले दिनों में पेयजल संकट और गहराने की आशंका है।

## अनमोल वचन......

**कहीं न कहीं हमने यह मानना बंद कर दिया कि हम कुछ भी कर सकते हैं।**

## सब कुछ डॉनल्ड ट्रंप पर निर्भर

ग्रीनलैंड मामले में हकीकत यह है कि सब कुछ डॉनल्ड ट्रंप पर निर्भर है। अगर उनके अमेरिका फर्स्ट की सोच में अपने सहयोगी देशों को निगलना भी शामिल है, तो फिर उन्हें कैसे रोका जाएगा, यह साफ नहीं है। ग्रीनलैंड को अमेरिका में मिलाने के डॉनल्ड ट्रंप के जुनून से यूरोप में गुस्सा तो फैला है, लेकिन एक किस्म की लाचारी का अहसास भी वहां है। यूरोपीय नेता जानते हैं कि ट्रंप अपने इरादे पर अड़े रहे, तो उन्हें रोकना आसान नहीं होगा। इसलिए आठ यूरोपीय देशों के नेताओं के डेनमार्क से एकजुटता जताने और यूरोप-अमेरिका के संबंधों पर खराब असर की चेतावनी देने का व्यावहारिक मतलब कम ही है। ग्रीनलैंड मुद्दे पर अमेरिका का विरोध कर रहे देशों के ऊपर 10 फीसदी टैरिफ लगाने के ट्रंप के एलान के बाद जारी साझा बयान में इन नेताओं ने उपरोक्त बातें कही हैं। उधर यूरोपियन यूनियन की विदेश नीति प्रमुख काया केलास ने चीन और रूस का खतरा दिखाते हुए ट्रंप प्रशासन का विवेक जगाने की कोशिश की है। बहरहाल, सवाल यही है कि ट्रंप ने अपना रुख नहीं बदला, तो यूरोप क्या करेगा। दूसरे विश्व युद्ध के बाद अमेरिका ने अपनी खास योजना- मार्शल प्लान- के तहत यूरोप को ढाला। नतीजतन, उसकी सुरक्षा के सूत्र हमेशा अमेरिका के हाथ में रहे। आज भी पूरे यूरोप में लगभग 76,000 अमेरिकी सैनिक तैनात हैं। यूरोप के 80 प्रतिशत तक हथियार अमेरिकी कंपनियां सप्लाई करती हैं। जिस नॉर्थ अटलांटिक ट्रीटी ऑर्गनाइजेशन (नाटो) के भरोसे यूरोप के देश सुरक्षित रहते आए हैं, उनका निर्विवाद नेता अमेरिका है। 1990 के दशक के बाद यूरोप की वित्तीय व्यवस्था भी अभिन्न रूप से अमेरिका से जुड़ गई। तब अमेरिकी मंशा से अलग निर्णय लेने की यूरोप की रणनीतिक स्वतंत्रता और सिकुड़ गई। इस दौर में अमेरिका का पिछलग्गू बन कर यूरोप ने अपना नैतिक बल और भी गंवा दिया।

मसलन, ताजा प्रकरणों को ही देखें, तो एक संप्रभु देश- वेनेजुएला- के राष्ट्रपति के अपहरण पर अगर-मगर भरा रुख अपनाने के बाद ग्रीनलैंड मुद्दे पर यूरोपीय नेता जब डेनमार्क की संप्रभुता का समर्थन करते हैं, तो बाकी दुनिया को उनकी बातें विडंबनाभरी नजर आती हैं। इसीलिए हकीकत यह है कि सब कुछ ट्रंप पर निर्भर है। अगर उनके अमेरिका फर्स्ट की सोच में अपने सहयोगी देशों को निगलना भी शामिल है, तो फिर उन्हें कैसे रोका जाएगा, यह साफ नहीं है।

## राशिफल

**मेष राशि :** आज का दिन आपके लिए उत्तम रहने वाला है। आज पारिवारिक काम को पूरा करने में आपको घर के सभी सदस्यों का सहयोग प्राप्त होगा। सहपाठी अपनी कुछ पर्सनल बातें आपसे शेयर कर सकता है। आप दोस्त की मदद के लिये हमेशा तैयार रहेंगे। इस राशि के छात्रों के लिए आज का दिन अच्छा रहेगा। आप किसी विषय पर शिक्षकों से चर्चा करेंगे। सेहत के लिहाज से दिन ज्यादा अच्छा रहेगा।

**वृष राशिः** आज आपका दिन मिली-जुली प्रतिक्रिया देने वाला रहेगा। शुरुआत में आपको लगेगा कि आपके काम पूरे हो रहे हैं, लेकिन शाम होते-होते काम रुक सकता है। आज जरूरी काम करने से पहले घर के बड़ों या किसी अनुभवी व्यक्ति से राय जरूर ले लें। माता-पिता के आशीर्वाद से आज सभी बाधाओं को दूर करने में आप सक्षम रहेंगे। आपके दिमाग में खुद-ब-खुद नये-नये आइडियाज़ आते रहेंगे।

**मिथुन राशिः** आज आपका दिन ठीक-ठाक रहेगा। जो छात्र बारहवीं के बाद कॉलेज में एडमिशन लेने की सोच रहे हैं उनके लिये आज का दिन अच्छा है। साथ ही जो छात्र विदेश में हॉयर एजुकेशन के लिये जाना चाहते हैं, वे किसी से इस बारे में राय ले सकते हैं। आज रुपये पैसों की लेन-देन में आपको थोड़ी सावधानी रखने की जरूरत है। किसी को पैसे उधार देने से पहले अच्छे से जांच-पड़ताल कर लें।

**कर्क राशिः** आज आपको कुछ जरूरी कामों में दोस्तों की मदद मिलेगी। कई दिनों से अटका हुआ पैसा आपको वापस मिल सकता है, आर्थिक क्षेत्र में स्थिरता बनी रहेगी। इस राशि के स्टूडेंट्स के लिए आज का दिन उत्तम है, पहले दी गई किसी प्रतियोगी परीक्षा में सफलता मिलेगी। परिवार में सुखद वातावरण का माहौल रहेगा। दाम्पत्य रिश्ते में भी भरपूर मधुरता रहेगी।

**सिंह राशिः** आज आपका दिन बेहतर रहेगा। किसी बड़े व्यक्ति से आपकी मुलाकात हो सकती है। आने वाले समय में वह आपके लिये बहुत ही उपयोगी साबित होगा। जो लोग टूर एंड ट्रैवल के बिजनेस से जुडे हैं, उनके लिये दिन अच्छा रहने वाला है। बिजनेस से जुड़े लोगों को कुछ बड़े प्रोजेक्ट मिल सकते हैं।

**कन्या राशिः**आज आपका दिन थोड़ा अच्छा रहेगा। आपको मन मुताबिक फल मिलेंगे। अगर आप अपने बिजनेस को किसी दूसरी जगह पर शिफ्ट करना चाह रहे हैं, तो एक बार जगह अच्छे से देख लें। नौकरी करने वाली महिलाओं के लिये भी दिन बढ़िया रहेगा, बॉस और अन्य सहयोगियों के साथ आपके रिश्ते बेहतर रहेंगे।

**तुला राशिः** आज आपका दिन बहुत ही अच्छा रहने वाला है। आज आपके कार्य जरूर सफल रहेंगे। जो लोग लंबे समय से अपनी कन्या के लिये वर की तलाश कर रहे हैं, उनकी तलाश आज पूरी हो सकती है। कन्या के लिये आपको सुयोग्य वर मिलने के योग हैं। कोर्ट-कचहरी के मामलों में भी आपको अच्छी खबर मिल सकती है।

**वृश्चिक राशिः** आज आपका दिन बढ़िया रहने वाला है। आज आपके मन में नये-नये विचार आयेंगे, जिन्हें आप अपनी दिनचर्या में उतारने में कामयाब रहेंगे। जो लोग राजनीति से जुड़े हैं, उनके लिये दिन बहुत-सी तरक्की दिलाने वाला रहेगा।

**धनु राशिः** आज आपका दिन अच्छा बीतेगा। कला और साहित्य से जुड़े लोगों को आज प्रसिद्धि मिलेगी । आपको किसी बड़े ग्रुप से जुड़ने का मौका मिलेगा। आज ज्यादा से ज्यादा समय आप अपने घर वालों के साथ बितायेंगे। आप सबके साथ कहीं घूमने जाने का प्लॅान भी बना सकते हैं। आज धार्मिक कार्यों में आपकी रुचि बढ़ेगी।

**मकर राशिः** आज का दिन आपके अनुकूल रहने वाला है। आज ऑफिस में आपके काम की तारीफ होगी, जिससे आपका मन प्रसन्न रहेगा। परिवार में सबके साथ बेहतर रिश्ते बने रहेंगे। घरेलू कार्यों में आपकी रूचि बढ़ेगी। आज जिन विद्यार्थियों का कंप्यूटर साइंस का एग्जाम है, उनकी सफलता सुनिश्चित होगी।

**कुंभ राशि :** आज आपका दिन अच्छा रहेगा। आज घर और बाहर हर जगह आपकी तारीफ़ होगी, आपके अच्छे व्यवहार से प्रभावित होगा। आज समाज से जुड़े कार्यों को करने के लिये दिन उत्तम है। आप किसी एनजीओ की शुरुआत या किसी सामजिक संगठन से जुड़ सकते हैं। आपके जूनियर भी आपसे काम सिखना चाहेंगे।

**मीन राशि :**आज आपका दिन शानदार रहने वाला है। किसी सरकारी परीक्षा की तैयारी करने वाले छात्रों को पहले से ज्यादा मेहनत करनी पड़ेगी। आज स्वास्थ्य पर ध्यान देने की भी जरूरत है। किसी भी तरह की लापरवाही करने से आपको बचना चाहिए। जो लोग थोक विक्रेता है, उनको आज विशेष लाभ होगा।

# नीतीश कुमार को भारत रत्न देने की चर्चा

//अजीत द्विवेदी//

**बिहार और झारखंड दोनों जगह इन दिनों भारत रत्न की चर्चा बहुत हो रही है। रोचक बात यह है कि देश के सर्वोच्च नागरिक सम्मान की चर्चा राजनीतिक कारणों से हो रही है। कुछ साल पहले तक भारत रत्न सम्मान को राजनीति से परे देखा जाता था। लेकिन अब यह राजनीति को प्रभावित करने वाला एक माध्यम बन गया है। 2024 के लोकसभा चुनाव से पहले चौधरी चरण सिंह और कर्पूरी ठाकुर को भारत रत्न देने की घोषणा हुई। इसके बाद चौधरी चरण सिंह के पोते जयंत चौधरी ने अपनी पार्टी राष्ट्रीय लोकदल का तालमेल एनडीए के साथ किया और उधर कर्पूरी ठाकुर की राजनीतिक विरासत को आगे बढ़ा रहे नीतीश कुमार फिर से एनडीए में लौटे। अब एक बार फिर नीतीश कुमार को भारत रत्न देने की चर्चा है और इस चर्चा के साथ ही यह भी जुड़ा हुआ है कि उसके बाद उनकी लंबी राजनीतिक पारी का अंत हो जाएगा।**

उधर झारखंड की स्थापना में सबसे बड़ी भूमिका निभाने वाले शिबू सोरेन को भारत रत्न देने की चर्चा है और उसके साथ यह राजनीति जुड़ी है कि उसके बाद हेमंत सोरेन अपनी पार्टी को एनडीए में शामिल कराएंगे। राज्य में जेएमएम और भाजपा की साझा सरकार बनेगी। पता नहीं ऐसा होगा या नहीं लेकिन जेएमएम और भाजपा की साझा सरकार बनने की संभावना को बहुत मजबूत तर्कों से न्यायसंगत ठहराने का प्रयास हो रहा है। भारतीय जनता पार्टी के नेता, हिंदुत्व व राष्ट्रवाद समर्थक न्यूज चैनल और सोशल मीडिया में राइटविंग का इकोसिस्टम इस नैरेटिव को बहुत प्रचारित कर रहा है, जिससे लग रहा है कि भाजपा को अपनी प्रासंगिकता बचाने और आदिवासी राजनीति की खोई हुई जमीन को वापस हासिल करने के लिए जेएमएम के साथ जाने की बड़ी जरुरत महसूस हो रही है।

बहरहाल, कुछ दिन पहले पटना में जनता दल यू के मुख्यालय में नीतीश कुमार को भारत रत्न की मांग करने वाले होर्डिंग्स लगे। लेकिन जैसे ही मीडिया में इसकी खबर आई वैसे ही आनन फानन में होर्डिंग्स हटा दी गईं। पिछले दिनों पार्टी के बड़े नेता केसी त्यागी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को चिट्ठी लिखी और उसमें नीतीश कुमार को समाजवादी राजनीति का बचा हुआ 'अनमोल रत्न' बताते हुए उनको भारत रत्न देने की मांग की। यह चिट्ठी सामने आते ही जनता दल यू के नेता केसी त्यागी पर टूट पड़े। कहा गया कि उनकी मांग से पार्टी का कोई संबंध नहीं है। अच्छी बात है कोई संबंध नहीं है तो लेकिन इसके लिए क्या उनको पार्टी से निकाल दिया जाएगा या पार्टी की ओर से यह कहा जाएगा कि उनका पार्टी से कोई लेना देना नहीं है?

क्या नीतीश कुमार के लिए भारत रत्न की मांग करके केसी त्यागी ने उनकी गरिमा गिराने वाला काम किया है। ऐसा कतई नहीं है। लेकिन जिस तरह से जनता दल यू के नेताओं ने प्रतिक्रिया दी है वह उनकी घबराहट और चिंता दिखाती है। ऐसा लग रहा है कि जनता दल यू नेता इस आशंका में जी रहे हैं कि किसी भी समय भाजपा कोई दांव चल सकती है और नीतीश कुमार को मुख्यमंत्री पद से हटा कर अपना मुख्यमंत्री बना सकती है। नीतीश की पार्टी के नेताओं में भय का यह स्थायी भाव हो गया है। वे भारत रत्न की मांग को भी इसी भय की दृष्टि से देख रहे हैं।

लेकिन सवाल है कि क्या भारत रत्न मिलने का मतलब संन्यास लेना होता है? अगर किसी को अपने क्षेत्र की महान उपलब्धियों के लिए भारत रत्न मिले तो क्या उससे यह उम्मीद की जानी चाहिए कि वह उस काम को छोड़ देगा, जिसके लिए उसे भारत रत्न मिला है?

अगर कोई ऐसा सोचता है तो देश के सर्वोच्च नागरिक सम्मान की इससे बुरी व्याख्या कुछ नहीं हो सकती है। भारत में पंडित जवाहरलाल नेहरू की मिसाल है, जिनको तत्कालीन राष्ट्रपति डॉक्टर राजेंद्र प्रसाद ने अपनी पहल पर 1955 में भारत रत्न से सम्मानित किया और उसके बाद नेहरू अगले नौ साल तक, अपनी मृत्यु के दिन तक भारत के प्रधानमंत्री बने रहे थे। अगर भारत रत्न पाकर पंडित नेहरू प्रधानमंत्री बने रह सकते हैं तो भारत रत्न पाकर नीतीश कुमार मुख्यमंत्री क्यों नहीं बने रह सकते हैं! इस तरह की अनगिनत मिसालें हैं। भारत रत्न से सम्मानित होने के बाद सचिन तेंदुलकर ने क्रिकेट नहीं छोड़ दिया या लता मंगेशकर ने गाना नहीं छोड़ दिया था। जिस क्षेत्र में असाधारण कार्य के लिए किसी व्यक्ति को सर्वोच्च सम्मान मिलता है उससे उम्मीद की जानी चाहिए कि वह उस कार्य को आगे जारी रखे। जैसे किसी को साहित्य का सर्वोच्च सम्मान यानी नोबल या बुकर मिलता है तो उससे उम्मीद की जाती है कि वह और श्रेष्ठ साहित्य की रचना करे। यह बात दूसरे क्षेत्र के नोबल पुरस्कार के बारे में भी कही जा सकती है। आखिरी नोबल मिलने के बाद अपना काम जारी रखा तभी मैडम क्यूरी को दूसरी बार नोबल मिला। सो, भारत रत्न मिलना राजनीति से संन्यास की शर्त नहीं है।

तभी सवाल है कि जनता दल यू के नेता इतने आशंकित क्यों हैं? जैसे ही कोई नीतीश कुमार को भारत रत्न देने की बात करता है वैसे ही जदयू नेता अतिवादी प्रतिक्रिया क्यों देने लगते हैं? असल में उनके इस भय या अतिवादी प्रतिक्रिया की जड़ें कहीं और हैं। इसकी बारीकी पर ध्यान देने की जरुरत है। भाजपा ने इस बार बिहार विधानसभा चुनाव से पहले यह ऐलान नहीं किया था कि अगर एनडीए चुनाव जीतेगी तो नीतीश कुमार मुख्यमंत्री होंगे। उसने बार बार कहा कि नीतीश कुमार के नेतृत्व में चुनाव लड़ा जाएगा। बाद के दिनों में यह भी कहा गया कि सीएम पद की वैकेंसी नहीं है। लेकिन नीतीश को सीएम का चेहरा घोषित नहीं करने का भाजपा ने जो फैसला किया उसका सीधा मतलब था कि मुख्यमंत्री का फैसला विधायकों की संख्या से होगा।

अभी संख्या ऐसी है कि दोनों में से कोई पार्टी अकेले दम पर सरकार नहीं बना सकती है। भाजपा अगर चिराग पासवान, जीतन राम मांझी और उपेंद्र कुशवाहा को जोड़ ले तब भी उसकी संख्या 117 ही पहुंचती है, जो बहुमत के जादुई आंकड़े 122 से कम है। ऐसे ही अगर नीतीश कुमार पहले की तरह पाला बदलें तो महागठबंधन के साथ मिल कर उनकी संख्या 120 पहुंचती है। इसमें ओवैसी की पार्टी और बसपा को जोड़ने पर आंकड़ा 125 पहुंचता है। लेकिन जाहिर है कि इसमें बहुत जोड़ तोड़ करने की जरुरत होगी और अब नीतीश कुमार व लालू प्रसाद दोनों इस स्थिति में नहीं हैं कि ऐसा कर सकें। दूसरी चुनौती यह है कि अगर ऐसा कोई प्रयास होगा तो अब भाजपा अब चुपचाप तमाशा नहीं देखेगी।

जनता दल यू की असली चिंता यही है कि भाजपा अब अकेले 89 सीट वाली पार्टी है और तीन छोटी सहयोगी पार्टियां लोजपा (आर), हम और रालोमो के 28 विधायक उसके साथ जा सकते हैं। असल में इस बार विधानसभा की जो तस्वीर बनी है वह पहले से काफी अलग है। नीतीश कुमार 85 सीट जीत कर भी उतने मजबूत नहीं हैं, जितने 43 सीट जीत कर थे। इस अंकगणित की वजह से जदयू आशंकित है। हालांकि अभी तक भाजपा ने ऐसा कोई संकेत नहीं दिया है कि वह नीतीश को हटा कर अपना मुख्यमंत्री बनाना चाहती है लेकिन ऐसा भी नहीं है कि उसकी ऐसी चाहत नहीं है। तभी हर छोटी बड़ी बात पर जदयू के नेता डर जा रहे हैं और उसके पीछे साजिश देखने लग जा रहे हैं। उनको साहस के साथ सामने आना चाहिए और नीतीश कुमार के लिए भारत रत्न की मांग करनी चाहिए। उनको यह संदेश देना चाहिए कि नीतीश भारत रत्न के हकदार हैं और बिहार का मुख्यमंत्री बने रहने के भी हकदार हैं क्योंकि बिहार की जनता ने 202 का बहुमत उनके लिए दिया है।

# बोर्ड ऑफ पीस - ट्रंप का नया ट्रंप-कार्ड

//डॉ. सुधीर सक्सेना//

**संयुक्त राज्य अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने बोर्ड ऑफ पीस की शक्ल में अपना ट्रंप-कार्ड यानि तुरूप का पत्ता चल दिया है। बोर्ड ऑफ पीस यानि पीस क्लब को शांति का नोबेल पुरस्कार नहीं मिलने से खफा ट्रंप का अपनी महत्वाकांक्षाओं की पूर्ति का उपक्रम माना जा रहा है। उन्होंने पैंसठ देशों के राष्टाध्यक्षों को इससे जुड़ने का न्यौता भेजा है और इसका सदस्यता शुल्क होगा एक अरब डॉलर। ट्रंप इस क्लब के चेयरमैन हैं और इसकी कार्यकारिणी में उनके दामाद जोरड कुश्नर और ब्रिटेन के पूर्व प्रधानमंत्री टोनी ब्लेयर समेत अनेक राजनयिक और धन्नासेठ शामिल हैं। गौरतलब है कि यूएसए के दूसरी बार निर्वाचित राष्ट्रपति ट्रंप ने स्वयं को वेनेजुएला का राष्ट्रपति घोषित करने के साथ ही ग्रीनलैंड पर दावा ठोंक रखा है और वह कनाडा को अमेरिकी राज्य के तौर पर देखने का सपना पाले हुये हैं।**

बोर्ड ऑफ पीस की स्थापना की गाथा गत वर्ष युद्ध जर्जर गाजा में शांति-स्थापना की पहल से होती है। अक्टूबर, सन 2023 से प्रारंभ युद्ध में इस्रायली कार्रवाई से फलस्तीन को बड़े पैमाने पर तबाही का सामना करना पड़ा। अगस्त-सितंबर में ट्रंप ने टोनी ब्लेयर के सहयोग से गाजा में आंतरिक प्रशासन और आर्थिक बहाली की योजना प्रस्तुत की। प्रस्ताव को इस्रायल और हमास ने कुबूल कर लिया। 12 अक्टूबर को ब्लेयर फलस्तीन के उपराष्ट्रपति हुसैन अल शेख से जोर्डन में मिले। वार्ता सफल रही और उसी शाम ट्रंप ने गाजा-युद्ध के खात्मे और बोर्ड ऑफ पीस के गठन का ऐलान कर दिया। गाजा में युद्ध विराम एक बड़ी घटना थी, लिहाजा संयुक्त राष्ट संघ की सुरक्षा परिषद ने प्रस्ताव क्रमांक 2803 के जरिये इसका स्वागत किया। जश्न के तौर पर 13 अक्टूबर, 25 को मिस्त्र में शर्म-अल-शेख में बैठक हुई। इसी क्रम में हमास के प्रवक्ता हाजेम कासिम की शीघ्र टेक्नालाजिकल कमेटी के गठन का बयान सामने आया। ट्रंप का अभियान बाला-बाला चलता रहा और अंततः 14 जनवरी को ट्रंप ने विभिन्न राष्ट्राध्यक्षों को बोर्ड ऑफ पीस से जुड़ने का दावतनामा भेज दिया। अगले ही दिन उन्होंने दंभोक्ति की कि बोर्ड ऑफ पीस दुनिया में कभी भी और कहीं भी गठित किसी भी संगठन से अधिक प्रतिष्ठापूर्ण उपक्रम है। उन्होंने कहा कि इसका मकसद होगा संकटग्रस्त इलाकों में शांति स्थापना, भरोसेमंद और वैध-प्रशासन की बहाली तथा स्थायित्व को बढ़ावा। सहज समझा जा सकता है कि ट्रंप संयुक्त राष्ट्र संघ के समांतर एक पृथक वैश्विक संगठन की इमारत की ईंटे चिन रहे हैं। बोर्ड आफ पीस की कार्यकारिणी से इस संभावना को बल मिलता है कि ट्रंप इसे निजी क्लब के तौर पर चलाना चाहते हैं। उनका यह उपक्रम शांति स्थापना से अधिक अपनी ताकत और दबदबा बढ़ाने का हथकंडा अधिक लगता है। तो क्या वे यूएनओ को दरकिनार करना चाहते हैं। उन्होंने चेहरे चुन लिये है। इनमें उनके मित्र है, मंत्री हैं और सलाहकार हैं। वह अकारण नहीं है कि इसे उनके अहंकार या दंभ से जोड़कर देखा जा रहा है। मध्यपूर्व में यूएनओ के समन्वयक रहे निकोलाई म्लादेनोव इसके डायरेक्टर जनरल होंगे। कार्यकारिणी के अन्य सदस्य हैं अमेरिका के सेक्रेट्री ऑफ स्टेट मार्को रूबियो, मध्यपूर्व में विशेष दूत स्टीव विटकोफ दामाद कुशनर, ब्रिटन के पूर्व पीएम टोनी ब्लेअर, अपोलो ग्लोबल मैनेजमेंट के मार्क रोवान, राजनीतिक सलाहकार रॉबर्ट गैब्रिएल और वर्ल्ड बैंक के भारतीय मूल के अध्यक्ष अजयपाल सिंह बंगा। ट्रंप के न्यौते पर अलग-अलग प्रतिक्रियाएँ सामने आई हैं। कनाडा के पीएम मार्क कार्नी ने शिरकत की तस्दीक की हैं, वहीं तुर्किये के राष्ट्रपति एर्दोगान की प्रतिक्रिया की प्रतीक्षा है। अल्बानिया के पीएम एदी रामा ने भी आमंत्रण स्वीकार कर लिया है और इसे विश्व मंच पर अल्बानिया की बढ़ती प्रतिष्ठा का द्योतक बताया है। अजरबैजान ने जहां इंकार कर दिया है, वहीं फ्रांस के इमैनुएल मैक्रों ने ट्रंप को ठेंगा दिखा दिया है। बड़ी संख्या में मुस्लिम और यहूदी आबादी के अलावा समता, स्वतंत्रता और भ्रातृत्व में फ्रांसीसी निष्ठा जग जाहिर है। अमेरिका का स्टेचू ऑफ लिबर्टी फ्रांस का ही उपहार है। दूसरे योरोपियन यूनियन का हिमायती फ्रांस अमेरिका का पिछ लग्गू नहीं बनना चाहता। मैक्रों के इंकार से क्षुब्ध ट्रंप का नजला फ्रेंच वाइन और शैंपेन पर गिरा है और उन्होंने इन पर टैरिफ दो सौ फीसद बढ़ा दिया है।

# विकास के नाम पर सिर्फ बढ़ता प्रदूषण

एक पुरानी कहावत है, 'खाया पिया कुछ नहीं गिलास फोड़ा बारह आना।' प्रदूषण के मामले में वही हाल भारत का है। लंदन से लेकर बीजिंग तक दुनिया भर के देशों की राजधानियों और दूसरे शहरों में एक समय प्रदूषण का साया रहा लेकिन वह इसलिए रहा क्योंकि उन देशों और शहरों में औद्योगिक विकास हो रहा था। लंदन में प्रदूषण का संकट पहली औद्योगिक क्रांति के बाई प्रोडक्ट की तरह आया। बाद में इन शहरों ने प्रदूषण दूर भी कर लिया। लेकिन भारत में कोई औद्योगिकीरण नहीं हुआ लेकिन प्रदूषण चौतरफा फैल गया। अगर उद्योग धंधे लगते, औद्योगिक विकास हो रहा होता, चीन की तरह भारत दुनिया की फैक्टरी बन रहा होता, लोगों की आमदनी बढ़ रही होती और उसी अनुपात में बुनियादी सुविधाओं का विकास हो रहा होता तो हवा के प्रदूषण को समझा जा सकता था। माना जाता है कि देश विकास कर रहा है इसलिए प्रदूषण की समस्या बढ़ रही है। और तब यकीन भी होता कि एक दिन भारत प्रदूषण की समस्या से निजात पा जाएगा।लेकिन भारत में प्रदूषण की समस्या विकास का बाई प्रोडक्ट नहीं है, बल्कि अव्यवस्था का मुख्य उत्पाद है। भारत में अगर ठीक से सफाई हो जाए तो प्रदूषण की समस्या 20 फीसदी कम हो जाएगी। इसके लिए सड़कों पर सफाई और कचरा उठाने का बंदोबस्त करना होगा। लेकिन वह भी नहीं हो पाता है। स्थानीय प्राधिकरण सफाई नहीं करा पाता है और उलटे अनियमित निर्माण की अनुमति देता है, जिसकी कोई निगरानी नहीं होती है। देश में योजनाबद्ध तरीके से बसे शहरों की गिनती की जाए तो संख्या दो अंकों में नहीं पहुंचेगी। बाकी ऐसे ही गांवों, कस्बों में या सड़कों के किनारे शहर उग आए हैं या शहर फैल कर गांवों और कस्बों तक पहुंच गए हैं, जहां शहर की कोई व्यवस्था नहीं है। चारों तरफ बेतरतीब तरीके से निर्माण हो रहा है। नदियों और तालाबों को भर कर मकान और दुकान बनाए जा रहे हैं। इसी तरह बेहिसाब गाड़ियों के रजिस्ट्रेशन हो रहे हैं। शहरों में फैली गंदगी और गाड़ियों का धुआं प्रदूषण का मुख्य कारण है। पिछले दिनों केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने स्वीकार किया कि देश के प्रदूषण में बड़ा योगदान गाड़ियों का है। लेकिन वे क्या कर सकते हैं? सरकार इलेक्ट्रिक गाड़ियों पर सब्सिडी दे रही है लेकिन पेट्रोल व डीजल की गाड़ियां ज्यादा सस्ती हैं तो लोग उसे खरीद रहे हैं। दोनों तरह की गाड़ियों की संख्या बढ़ती जा रही है।

गाड़ियों के चलने के लिए सड़क नहीं है और न ट्रैफिक मैनेजमेंट का कोई उपाय है। हर साल सर्दियों में कहा जाता है कि अगर ट्रैफिक रेगुलेट कर दिया जाए और जाम लगना कम हो जाए तो प्रदूषण में कितनी कमी आ सकती है। लेकिन हर साल सर्दियों के साथ जाम भी बढ़ता जाता है और प्रदूषण भी बढ़ता जाता है। राजधानी दिल्ली या वित्तीय राजधानी मुंबई की बात समझ में भी आती है लेकिन बिहार के बेगूसराय या मुजफ्फरपुर में प्रदूषण का कोई कारण नहीं है। ये शहर हर साल देश के सबसे प्रदूषित शहरों में जगह पाते हैं। सरकार टियर टू और टियर थ्री के शहरों का विकास करने की बात करती है लेकिन विकास के नाम पर सिर्फ ट्रैफिक बढ़ता है और प्रदूषण बढ़ता है। बिहार में बिना उद्योग लगे हर शहर में औसत वायु गुणवत्ता सूचकांक यानी एक्यूआई तीन सौ से ऊपर रहता है। सरकार मान चुकी है कि इस समस्या का कोई समाधान नहीं है। और लोग भी सर्दियों के बाद भूल जाते हैं।

## तस्वीरों की दुनिया



गणतंत्र दिवस की पूर्व संध्या पर आगरा में ताजमहल पर महिलाएं भारतीय राष्ट्रीय ध्वज लेकर जश्न मना रही हैं।



नई दिल्ली में गणतंत्र दिवस समारोह से पहले इंडिया गेट के पास कर्तव्य पथ पर सुरक्षाकर्मियों को तैनात किया गया है।



कश्मीर के श्रीनगर में भारत के गणतंत्र दिवस से पहले सुरक्षा के कड़े इंतज़ामों के तहत, जम्मू और कश्मीर स्पेशल ऑपरेशन ग्रुप के जवान घर-घर तलाशी अभियान के दौरान स्थानीय लोगों से पूछताछ कर रहे हैं।



टीवीके प्रमुख विजय, बीच में, तमिलनाडु के चेंगलपट्टू जिले के मामल्लापुरम में रा%य और जिला-स्तरीय कार्यकारी कैडर परामर्श बैठक के दौरान इशारा करते हुए।



मनाली के पास भारी बर्फबारी के कारण हाईवे और सड़कें जाम हो गईं, जिससे गाड़ियां ट्रैफिक जाम में फंस गईं और टूरिस्ट फंस गए।




कोलकाता में आदिवासी और अल्पसंख्यक समुदायों के सदस्यों ने संविधान की सुरक्षा की मांग को लेकर एक रैली में हिस्सा लिया।

# अमेरिकी मध्यस्थता से हुआ था बांग्लादेश में सत्ता परिवर्तन, ऑडियो लीक से बवाल



ढाका, 26 जनवरी [एजेंसी]।

मुस्लिम बहुल बांग्लादेश में शेख हसीना सरकार के पतन के महीनों बाद एक लीक हुई राजनयिक रिकार्डिंग ने दक्षिण एशियाई राजनीति में हलचल मचा दी है। इस ऑडियो लीक ने उन दावों को नई हवा दी है जिनमें हसीना सरकार के तख्तापलट के पीछे अमेरिका की भूमिका होने की बात कही गई थी। स्ट्रैटन्यूज ग्लोबल द्वारा जारी इस ऑडियो क्लिप ने वाशिंगटन को उन आरोपों के केंद्र में लाकर खड़ा कर दिया है, जिन्हें अवामी लीग लंबे समय से उठाती रही है। विदेशी हस्तक्षेप और खुली साजिश के आरोप इस लीक हुई रिकार्डिंग में कथित तौर पर एक वरिष्ठ अमेरिकी राजनयिक को बांग्लादेश की इस्लामिक राजनीतिक ताकतों के साथ जुड़ने और शेख हसीना के बाद के दौर में देश की दिशा का आकलन करने के बारे में चर्चा करते सुना जा सकता है।अवामी लीग के नेताओं के लिए यह ऑडियो एक बड़े राजनीतिक हथियार के रूप में उभरा है। पूर्व शिक्षा मंत्री मोहिबुल हसन चौधरी ने इस पर तीखी प्रतिक्रिया देते हुए इसे एक खुली साजिश करार दिया है। बांग्लादेश की संप्रभुता के साथ समझौता किया गया चौधरी का तर्क है कि यह ऑडियो इस बात की पुष्टि करता है कि अगस्त 2024 का तख्तापलट पूरी तरह से या ऑर्गेनिक आंदोलन नहीं था, बल्कि इसके पीछे बाहरी शक्तियों का प्रबंधन था।अवामी लीग का कहना है कि यह रिकॉर्डिंग यह साबित करने के लिए पर्याप्त है कि बांग्लादेश की संप्रभुता के साथ समझौता किया गया और पोस्ट-इलेक्शन मैनेजमेंट के नाम पर एक चुनी हुई सरकार को अस्थिर किया गया। लोकतांत्रिक वैधता व समावेशी चुनाव पर सवाल इस विवाद के बीच अवामी लीग ने मुहम्मद यूनुस के नेतृत्व वाली अंतरिम सरकार की वैधता पर भी सवाल उठाए हैं।

मोहिबुल हसन चौधरी ने हाल ही में एक कार्यक्रम में चेतावनी दी कि यदि अवामी लीग जैसी बड़ी राजनीतिक शक्ति को चुनावों से बाहर रखा जाता है, तो यह देश के एक बड़े मतदाता वर्ग को मताधिकार से वंचित करने जैसा होगा। उनके अनुसार, ऐसी स्थिति में बनने वाली कोई भी सरकार जनता के वास्तविक जनादेश के बिना अवैध मानी जाएगी। पाकिस्तान से बढ़ते संबंधों का आरोप अवामी लीग के पूर्व सांसद बहाउद्दीन नसीम ने बांग्लादेश में पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी आईएसआई की मौजूदगी और अंतरिम प्रशासन पर देश में विदेशी प्रभाव को बढ़ने देने का आरोप लगाया है।उन्होंने दावा किया कि पाकिस्तान की सैन्य खुफिया एजेंसी से जुड़े वरिष्ठ अधिकारियों ने हाल ही में बांग्लादेश का दौरा किया था। आईएसआई का दूसरा सबसे बड़ा अधिकारी ढाका आया था। पाकिस्तानी सेना के जनरल अक्सर ढाका आते-जाते रहते हैं।

# तिरंगे के रंग में रंगी दिल्ली, आज कर्तव्य पथ पर दिखेगी विकसित भारत की तस्वीर



नईदिल्ली, 26 जनवरी [एजेंसी]।

देश के 77 वें गणतंत्र दिवस की पूर्व संध्या पर दिल्ली पूरी तरह से उत्सव के रंग में सराबोर नजर आई। लुटियंस दिल्ली की सड़कों से लेकर पुरानी दिल्ली की गलियों तक तिरंगे झंडे और दूधिया रोशनी से सजी दिखाई दी।रायसीना हिल्स पर स्थित राष्ट्रपति भवन, संसद भवन और नार्थ-साउथ ब्लाक दूधिया रोशनी और तिरंगे के रंगों से नहाए हुए हैं। जो नए भारत के आत्मविश्वास को प्रदर्शित कर रहे हैं। वहीं, युवा कर्तव्य पथ होने वाले परेड देखने के लिए बहुत उत्साहित नजर आए। सोमवार को कर्तव्य पथ पर आयोजित होने वाली परेड इस बार कई मायनों में ऐतिहासिक और युवाओं के लिए आकर्षण का केंद्र होगी। इस वर्ष की झांकी वंदे मातरम के 150 गौरवशाली वर्ष और विकसित भारत की थीम पर आधारित है। ऐसे में एक ओर जहां भारतीय सेना के स्वदेशी आधुनिक हथियार और शक्तिशाली टैंकों का गर्जन सीमाओं की अभेद्य सुरक्षा का भरोसा दिलाएगा। वहीं, दूसरी ओर विभिन्न राज्यों की रंगारंग झांकियां भारत की विविधतापूर्ण संस्कृति और सतरंगी विरासत के दर्शन कराएंगी । गणतंत्र दिवस के उल्लास को दोगुना करने के लिए लाल किले के प्रांगण में भारत पर्व की तैयारियां भी अपने अंतिम चरण में हैं। यहां देश से आए लोक कलाकार अपनी कला का जादू बिखेरेंगे। साथ ही पर्यटक विभिन्न राज्यों के लजीज व्यंजनों का स्वाद चख सकेंगे। विशेष बात यह है कि लाल किला परिसर में उन राज्यों की झांकियों को भी प्रदर्शित किया गया है, जो मुख्य परेड का हिस्सा नहीं बन सकी हैं।इस वर्ष गणतंत्र दिवस समारोह में नारी शक्ति का दबदबा देखने को मिलेगा। कर्तव्य पथ पर जब महिला सैन्य दस्ते कदमताल करेंगे, तो उनकी लयबद्ध चाल और अनुशासन और स्कूली बच्चों के बैंड और 5 हजार नृत्य कलाकार सामूहिक नृत्य की प्रस्तुति दर्शकों को मंत्रमुग्ध करेगी।

## जेएनयू ने पीएचडी के अंतिम वर्ष के छात्रों को दी बड़ी राहत, मई 2026 तक हॉस्टल सुविधा रहेगी जारी



नईदिल्ली, 26 जनवरी [एजेंसी]।

जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय (जेएनयू) ने अंतिम चरण में शोध कर रहे पीएचडी छात्रों को बड़ी राहत देते हुए हास्टल सुविधा में विशेष विस्तार का निर्णय लिया है। जेएनयू प्रशासन ने वर्ष 2020 बैच के टर्मिनल पीएचडी छात्रों को मई 2026 तक हास्टल में रहने की अनुमति दे दी है, जिससे शोध कार्य पूरा करने में छात्रों को स्थायित्व और सहूलियत मिलेगी।प्राधिकारी की मंजूरी के बाद यह विशेष व्यवस्था लागू की गई है। नोटिफिकेशन के अनुसार यह विस्तार केवल वर्ष 2020 बैच के उन पीएचडी छात्रों के लिए है, जो अपने शोध के अंतिम चरण में हैं। जेएनयू प्रशासन ने साफ किया है कि इस निर्णय को भविष्य के मामलों के लिए उदाहरण नहीं माना जाएगा और अन्य बैच के छात्रों को इस आधार पर हास्टल विस्तार नहीं दिया जाएगा। साथ ही हास्टल से संबंधित अन्य सभी नियम और शर्तें पूर्ववत लागू रहेंगी।शोधार्थियों का कहना है कि अंतिम वर्ष में थीसिस लेखन, प्रकाशन और वाइवा जैसी प्रक्रियाओं के कारण हॉस्टल सुविधा अत्यंत आवश्यक होती है। ऐसे में विश्वविद्यालय का यह निर्णय न केवल अकादमिक दृष्टि से महत्वपूर्ण है, बल्कि छात्रों के मानसिक और आर्थिक दबाव को भी कम करेगा। जेएनयू प्रशासन का मानना है कि यह विशेष प्रावधान शोध की गुणवत्ता बनाए रखने और छात्रों को बेहतर शैक्षणिक माहौल देने की दिशा में उठाया गया कदम है।

# बीआर मणि ने जमीन खोदकर निकाला था राम जन्मभूमि मंदिर का सच, अब भारत सरकार ने पद्मश्री देने का किया एलान



नईदिल्ली, 26 जनवरी [एजेंसी]।

जिन प्रख्यात पुरातत्वविद डॉ. बीआर मणि को पद्मश्री दिए जाने की घोषणा की गई है, यह पुरस्कार उनके उस काम को मिला है जिस काम ने हिन्दुओं की आस्था का केंद्र अयोध्या के राम जन्मभूमि मंदिर का पुरातात्विक सच जमीन से खोद कर निकाला था।उन्हें सम्मानित किया जाना केवल एक व्यक्ति को मिला सम्मान नहीं, बल्कि उस वैज्ञानिक प्रक्रिया की सार्वजनिक स्वीकृति है, जिसने दशकों से चले आ रहे इस राम जन्मभूमि विवाद को पुरातात्विक साक्ष्यों की ठोस जमीन पर ला खड़ा किया। डॉ. मणि ने इलाहाबाद हाईकोर्ट के आदेश पर वर्ष 2003 में राम जन्मभूमि परिसर में हुई खोदाई का नेतृत्व किया और विवाद के केंद्र में रही भूमि के नीचे छिपे ऐतिहासिक प्रमाणों को सामने रखा।भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) की इस खुदाई की जिम्मेदारी उस समय एएसआई के इन वरिष्ठ अधिकारी और अनुभवी पुरातत्वविद डॉ. मणि के कंधों पर थी। खोदाई न्यायालय की निगरानी में नियंत्रित वैज्ञानिक पद्धति से और कई स्तरों पर कराई गई। यह कोई आस्था आधारित अभ्यास नहीं था, बल्कि अदालत के निर्देशों के अनुसार की गई सुनियोजित पुरातात्विक जांच थी, जिसमें हर चरण का दस्तावेज़ीकरण किया गया।कई महीनों तक चली खोदाई में स्तंभों के आधार प्राचीन दीवारों और फर्श के अवशेष, स्थापत्य संरचनाओं के संकेत, मूर्तिकला से जुड़े खंड और धार्मिक परिसर के चिन्ह सामने आए। इन साक्ष्यों ने यह स्पष्ट किया कि स्थल पर इस्लामिक काल से पहले एक विशाल हिंदू धार्मिक संरचना मौजूद थी, जिसके अवशेष बाद की परतों के नीचे दबे हुए थे।

यह रिपोर्ट आगे चलकर न्यायिक प्रक्रिया का एक महत्वपूर्ण आधार बनी।अपने लंबे करियर में बी आर मणि ने एएसआइ में विभिन्न अहम जिम्मेदारियां निभाई, लेकिन राम जन्मभूमि की अदालत-आदेशित खोदाई उनके जीवन का वह अध्याय बनी, जिसने उन्हें इतिहास के निर्णायक मोड़ से जोड़ दिया। पद्मश्री सम्मान के साथ आज उन्हें उस भूमिका के लिए भी याद किया जा रहा है।हालांकि दिल्ली में पूर्व में हुईं राजा अनंगपाल तोमर के लालकोट से संबंधित दस्तावेज जुटाने की बात हो इस मामलें में भी डा मणि की अहम भूमिका रही है। डा मणि ने राजा अनंगपाल का ताल और उनका किला लालकोट 1993 से लेकर 1995 तक महरौली में खोदाई कर ढूंढ निकाला था। डॉ. मणि राष्ट्रीय संग्रहालय, नई दिल्ली के पहले ऐसे महानिदेशक रहे हैं, जिन्होंने अपने कार्यकाल के दौरान प्रारंभिक हड़प्पा स्थल कुणाल (हरियाणा) में उत्खनन कार्य का प्रत्यक्ष निर्देशन किया। वर्ष 2013-15 के दौरान उन्होंने कपिलवस्तु, राजघाट और सारनाथ (उत्तर प्रदेश) में पुनः उत्खनन कार्य का नेतृत्व किया। वर्तमान में वह उत्तर प्रदेश के बागपत जनपद में स्थित पीजीडब्ल्यू स्थल कुर्डी में वर्ष 2024-25 से उत्खनन कार्य से जुड़े हुए हैं।

## अमेरिकी परिवारों से अरबों डॉलर लूट रहे चीन से जुड़े स्कैम नेटवर्क, अब सख्त कानून लाने की तैयारी

**वाशिंगटन।** वाशिंगटन में अमेरिकी सीनेटरों ने एक चौंकाने वाली रिपोर्ट पेश करते हुए चेतावनी दी है कि चीन से जुड़े स्कैम नेटवर्क अमेरिकी परिवारों से अरबों डालर की ठगी कर रहे हैं। सीनेट की एजिंग कमेटी की सुनवाई के दौरान सीनेटरों ने इस खतरे को राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए एक बड़ी चुनौती बताया है। सीनेटर अब इस अंतरराष्ट्रीय धोखाधड़ी और मानव तस्करी को रोकने के लिए एक द्विदलीय कानून लाने की तैयारी कर रहे हैं, ताकि विदेशी धरती से संचालित होने वाले इन दानवों पर नकेल कसी जा सके।सीनेट कमेटी के अध्यक्ष रिक स्काट ने बताया कि साल 2024 में एफबीआइ के आंकड़ों के अनुसार, बुजुर्ग अमेरिकियों ने धोखाधड़ी में 4.8 अरब डालर से अधिक की राशि गंवाई है। उन्होंने कहा कि यह कोई मामूली अपराध नहीं है, बल्कि दशकों की मेहनत से जमा की गई बचत को छीनने वाला एक चौंकाने वाला आंकड़ा है।रिपोर्ट एज आफ फाड के मुताबिक, ये घोटालेबाज सेवानिवृत्त लोगों को निशाना बना रहे हैं, दशकों से जमा की गई उनकी बचत को चूना लगा रहे हैं और पूरे देश में परिवारों को तबाह कर रहे हैं। चीन की भूमिका और अंतरराष्ट्रीय नेटवर्क सीनेटर स्काट ने आरोप लगाया कि चीन इन आपराधिक बुनियादी ढांचों को फलने-फूलने का मौका दे रहा है।उन्होंने दावा किया कि ये नेटवर्क चीनी प्लेटफार्मों और भुगतान चैनलों पर निर्भर हैं और कई मामलों में इन्हें चीनी सरकार का समर्थन या मौन सहमति प्राप्त है। ये नेटवर्क म्यांमार, कंबोडिया और लाओस जैसे देशों में अपने ठिकाने बना रहे हैं। मानव तस्करी और क्रिप्टो का जाल सुनवाई में यह तथ्य भी सामने आया कि इन ठगी के केंद्रों (स्कैम कंपाउंड्स) में काम करने वाले कई लोग स्वयं मानव तस्करी के शिकार हैं। उन्हें जबरन बंधक बनाकर रखा जाता है और अमेरिकी नागरिकों को ठगने के लिए मजबूर किया जाता है।

# माओवाद विरोधी अभियान के दौरान दो प्रेशर IED विस्फोट, DRG के तीन जवान घायल



बीजापुर, 26 जनवरी [एजेंसी]।

छत्तीसगढ़ में बीजापुर जिले और तेलंगाना की सीमा पर स्थित माओवाद प्रभावित कर्रेगुट्टा की पहाड़ियों में रविवार को माओवाद विरोधी अभियान के दौरान दो अलग-अलग प्रेशर आईईडी विस्फोट हुए।इनमें राज्य पुलिस की डीआरजी (डिस्ट्रिक्ट रिजर्व गार्ड) के तीन जवान घायल हो गए।

घायल जवानों को एयरलिफ्ट कर रायपुर के एक निजी अस्पताल में उपचार के लिए ले जाया गया है। माओवादियों की मौजूदगी की गुप्त सूचना पर दंतेवाड़ा व बीजापुर पुलिस ने सीआरपीएफ और डीआरजी की टुकड़ियों के साथ मिलकर कर्रेगुट्टा के दुर्गम इलाके को रविवार सुबह से घेरना शुरू किया था।इसी घेराबंदी के दौरान रविवार सुबह लगभग 10 बजे और फिर दोपहर में दो अलग-अलग स्थानों पर दो प्रेशर आईईडी विस्फोट हुए। तीनों घायल जवान डीआरजी की टुकड़ी से हैं। बीजापुर के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक चंद्रकांत गवर्ना ने घटना की पुष्टि करते हुए बताया कि घायल जवानों को सुरक्षित निकाल लिया गया है।

## पत्नी की दूसरी शादी से नाराज जीजा ने साले की काटी नाक राजस्थान के जोधपुर का मामला

**जोधपुर ।** राजस्थान के जोधपुर में एक जीजा ने साले की नाक काट डाली। घटना का एक वीडियो भी इंटरनेट मीडिया पर प्रसारित हुआ है। जिसमें युवक एक कार में कटी नाक को दिखाता नजर आ रहा है। वीडियो में युवक कहता है कि मैं सहीराम मंडावर फिंच से हूं। मैंने ये नाक काट दी है। दरअसल, युवक की बचपन में ही शादी कर दी गई थी। चार महीने पहले ही युवक की पत्नी ने किसी और से शादी कर ली। युवक को शक था कि उसकी पत्नी की शादी करवाने में उसके साले का हाथ है। इसी शक में जीजा ने अपने साले की नाक काट दी। वीडियो के जरिये ही यह मामला पुलिस के संज्ञान में आया है। जिसके बाद से पुलिस आरोपित की तलाश में जुटी है।

# कांग्रेस में अंदरूनी घमासान! शकील अहमद के बाद अल्वी ने पार्टी नेतृत्व पर उठाए सवाल

नईदिल्ली, 26 जनवरी [एजेंसी]।

कांग्रेस में अंतर्कलह दिनों दिन बढ़ती ही जा रही है। तिरुअनंतपुरम के सांसद शशि थरूर और पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं पार्टी के महासचिव रह चुके शकील अहमद की टिप्पणी सेउपजा विवाद अभी पूरी तरह थमा भी नहीं था कि अब वरिष्ठ नेता राशिद अल्वी ने भी पार्टी नेतृत्व पर सवाल खड़ा कर दिया है।पार्टी के आंतरिक कामकाज पर चिंता जताते हुए अल्वी ने कहा कि पार्टी नेतृत्व से मिलने के लिए एड़ी चोटी एक करना पड़ता है, फिर भी उनसे मुलाकात नहीं होती है। उन्होंने कहा, मैंने शकील जी का बयान नहीं देखा है, लेकिन कांग्रेस पार्टी में एक बड़ी समस्या यह है कि मुद्दों पर चर्चा करने के लिए कोई मंच नहीं है। नेताओं से मिलना आम तौर पर मुश्किल होता है। अगर लोगअपनी चिंताएं व्यक्त करना चाहते हैं, तो वे कहां जाएं। हर कोई कांग्रेस वर्किंग कमेटी (सीडब्ल्यूसी) का सदस्य नहीं है। संवादहीनता की स्थिति निश्चित रूप से गंभीर है। यह कांग्रेस के भीतर एक बड़ी समस्याहै, और कई लोग शिकायत करते हैं कि पार्टी आला कमान से मिलना आसान नहीं है। संवाद की इस कमी को निश्चित रूप से दूर किया जाना चाहिए। अल्वी ने कांग्रेस छोड़ने वाले कई नेताओं पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा, इनमें से कोई भी मुस्लिम नेता भाजपा में शामिल नहीं हुआ है, जबकि सत्ता के लालच के कारण कई गैर-मुस्लिम नेता कांग्रेस छोड़कर भाजपा में शामिल हो गए। यह चिंता का विषय है, क्योंकि कांग्रेस पार्टी में मुस्लिम नेतृत्व की अनदेखी की गई है। अगर मुस्लिम नेतृत्व की अनदेखी की जाती है तो असदुद्दीन ओवैसी जैसे नेता देश में उभरते रहेंगे। गौरतलब है कि शकील अहमद ने शनिवार को राहुल गांधी को डरपोक और असुरक्षित नेता करार देते हुए आरोप लगाया था कि वह केवल उन युवा नेताओं को बढ़ावा दे रहे हैं जो पार्टी में उनका गुणगान करते हैं, उनकी चापलूसी करते हैं। इस बीच, रविवार को भाजपा नेता शहजाद पूनावाला ने कहा कि शकील अहमद की टिप्पणी से पता चलता है कि राहुल गांधी एक असुरक्षित नेता हैं। शकील अहमद की टिप्पणी पर तीखी प्रतिक्रिया देते हुए कांग्रेस सांसद प्रमोद तिवारी ने उनके बयानों को अहसानफरामोशी करार देते हुए उन्हें नसीहत दी है।उन्होंने याद दिलाया कि कांग्रेस ने शकील अहमद को सब कुछ दिया, उन्हें केंद्रीय मंत्री, संचार मंत्री और राज्य नेतृत्व की जिम्मेदारी सौंपी। इतना सम्मान मिलने के बाद भी ऐसी क्या नाराजगी थी कि वे पार्टी से अलग हो गए।

# लाल किला आतंकी हमले के साजिशकर्ता मुजफ्फर राथर की तलाश तेज, जांच एजेंसियों ने इंटरपोल से मांगी मदद



नईदिल्ली, 26 जनवरी [एजेंसी]।

सफेदपोश आतंकी नेटवर्क से जुड़े और लाल किले के धमाके के साजिशकर्ताओं में शामिल डा. मुजफ्फर राथर की गिरफ्तारी के लिए जांच एजेंसियों ने इंटरपोल से मदद मांगी है। बहुत जल्द राथर के खिलाफ रेड कार्नर नोटिस जारी हो सकता है। पेशे से बाल रोग विशेषज्ञ डा. राथर पर 10 नवंबर को लाल किला आतंकी हमले के लिए अफगानिस्तान से फंडिंग और हमले में शामिल लोगों को अन्य सहयोग उपलब्ध करवाने का आरोप है। अधिकारियों ने कहा कि सफेद कालर आतंकियों से पूछताछ से पता चला है कि राथर ने आतंकवादी माड्यूल के लिए फंड जुटाने में सहायता की और लगभग छह लाख रुपये का योगदान दिया।मूल रूप से दक्षिण कश्मीर का रहने वाला डा. मुजफ्फर सहारनपुर से पकड़े गए डा. अदील राथर का भाई है और माना जा रहा है कि वह इस समय कहीं अफगानिस्तान में छिपा हुआ है। उसे एनआईए की अदालत पहले से फरार अपराधी घोषित कर चुकी है। अधिकारियों के अनुसार राथर ने आत्मघाती आतंकी डा. उमर-उन-नबी के लिए लाजिस्टिक्स, फंडिंग के साथ षड्यंत्र में भी शामिल रहा। अधिकारियों का आरोप है कि राथर ने भारत छोड़ने के बाद विदेश से पूरी साजिश को अंजाम दिया था।जांच एजेंसियों ने एन्क्रिप्टेड संदेश और अन्य तरीकों से पकड़े गए संदेशों से पता चलता है कि यह सब अफगानिस्तान के किसी ठिकानों से चल रहा था।

अधिकारियों ने अनुसार, उमर ने राथर और अफगानिस्तान स्थित हैंडलरों के समर्थन से यह आत्मघाती हमला किया। राथर ने विशेष रूप से समन्वय और फंडिंग में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।उन्होंने बताया कि राथर आतंकवादियों के साथ लगातार संपर्क में रहा और बम बनाने और हमले को अंजाम देने के तरीकों के सथ अन्य तैयारी के बारे में अफगानिस्तान में छिपे हैंडलरों से मदद उपलब्ध करवाई। राथर पिछले साल अगस्त माह में भारत छोड़ा और दिल्ली विस्फोट से ठीक पहले वह दुबई गया और फिर अफगानिस्तान में जा छिपा।2021 में राथर ने मुजम्मिल अहमद गनई और डा. उमर के साथ तुर्की की यात्रा की थी। इसी दौरान व अपने हैंडलर के संपर्क में आए थे और अफगानिस्तान जाने का प्रयास किया था। हालांकि, वह उस समय अफगानिस्तान नहीं जा सका, लेकिन अधिकारियों के अनुसार यह यात्रा इसी षड्यंत्र का ही एक हिस्सा मानी जाती है।फरीदाबाद की अल-फलाह यूनिवर्सिटी में कार्यरत राथर, उमर और गनई ने यात्रा के बाद विस्फोटक पदार्थ को जुटाना शुरू कर दिया था। श्रीनगर पुलिस की जांच के बाद गनई की गिरफ्तारी और विस्फोटकों का जखीरा पकड़ा गया और उमर ने घबराहट में लाल किले के बाहर पूर्व-समय विस्फोट कर दिया।

# नोएडा छात्र सुसाइड केसः उदित सोनी की मौत से दहशत का माहौल, कई छात्रों ने छोड़ा हॉस्टल



ग्रेटर नोएडा 26 जनवरी [एजेंसी]।

नॉलेज पार्क कोतवाली क्षेत्र में टीजेड हास्टल मालिक शिखर व वार्डन धर्मपाल सिंह की पिटाई से आहत बीटेक के छात्र उदित सोनी के साथ हुई घटना से सभी छात्र डरे हुए हैं। कई छात्र हास्टल खाली कर चले गए हैं। घटना की जानकारी होने पर स्वजन के फोन आने के बाद शनिवार को ही कई छात्र घर भी चले गए थे। पुलिस ने पोस्टमार्टम के बाद छात्र का शव स्वजन को सौंप दिया था। पुलिस घटना के समय के सीसीटीवी फुटेज भी खंगाल रही है।झांसी जनपद के थाना मऊरानीपुर अंतर्गत गढ़ीफतेहपुर निवासी विजय सोनी का बेटा उदित सोनी गलगोटिया विश्वविद्यालय में बीटेक द्वितीय वर्ष की पढ़ाई ईजेड हास्टल के रूम नंबर 404 में रहकर कर रहा था। शनिवार दोपहर वह दोस्तों के साथ शराब पीकर हास्टल पहुंचा था। हॉस्टल मालिक शिखर और वार्डन धर्मपाल सिंह ने उससे 10 हजार रुपए जुर्माना भरवाने के बाद मारपीट भी की थी। इससे आहत उदित ने रात करीब 10 बजे हास्टल की चौथी मंजिल से कूद कर जान दे दी थी। घटना को लेकर हास्टल में रहने वाले कई छात्र आक्रोशित व डरे हुए थे। कुछ छात्रों ने घटना के बाद हास्टल संचालक की मनमानी का मीडिया के सामने पर्दाफाश किया था। स्वजन को इन बातों की भी जानकारी दी थी। स्वजन के कहने पर कई छात्र शनिवार को ही हॉस्टल से घर चले गए थे। वह स्वजन के साथ लौट कर जमा किया बाकी शुल्क वापस कराकर दूसरे हॉस्टल में रहने की तैयारी कर रहे हैं। कुछ छात्रों ने नाम नहीं छापने की शर्त पर बताया कि घटना के बाद पथराव व तोड़फोड़ से हॉस्टल में नुकसान हुआ है। आशंका है कि हास्टल संचालक नुकसान की भरपाई के लिए दबाव बनाएंगे। बात नहीं मानने पर मारपीट करने की भी आशंका है। ऐसे में कुछ छात्रों ने हास्टल के जिम्मेदारों को प्रार्थना पत्र देकर बकाया शुल्क वापस मांगा है।

## मणिपुर में मारे गए मैतेयी शख्स का किया गया अंतिम संस्कार, गोली मारकर की गई थी हत्या

**काकचिंग।** मणिपुर में मारे गए मैतेयी समुदाय के शख्स का अंतिम संस्कार रविवार को उनके गृह जिले काकचिंग में किया गया। संदिग्ध कुकी उग्रवादियों ने गोली मारकर चूड़चंदपुर जिले में उनकी हत्या कर दी थी।संयुक्त कार्रवाई समिति (जेएसी) के सह-संयोजक सुशील सिंह ने बताया कि मयांगलमबम ऋषिकांत सिंह का शव जवाहरलाल नेहरू चिकित्सा विज्ञान संस्थान (जेएनआइएमएस) के शवगृह से निकाला गया और काकचिंग के खुनौ गांव में उनका अंतिम संस्कार किया गया।21 जनवरी को चूड़चंदपुर में संदिग्ध कुकी उग्रवादियों ने ऋषिकांत और उनकी पत्नी का अपहरण किया था। उनकी पत्नी को चलती हुई गाड़ी से धकेल दिया गया, जबकि ऋषिकांत को कैमरे के सामने गोली मार दी गई थी।

# आपकी पसंदीदा खुशबू कहीं बन ना जाए आपकी दुश्मन, परफ्यूम लगाने से पहले जाने ये बातें

अधिकतर लोग परफ्यूम लगाते समय सबसे पहले गर्दन को चुनते हैं, क्योंकि यह खुशबू फैलाने की सबसे आम जगह मानी जाती है। लेकिन क्या आप जानते हैं कि आपकी पसंदीदा खुशबू गर्दन की त्वचा के लिए खतरनाक साबित हो सकती है? त्वचा विशेषज्ञों के अनुसार, गर्दन पर परफ्यूम लगाना कई स्किन समस्याओं की वजह बन सकता है।

**डॉक्टरों की चेतावनी**

चिकित्सकों के अनुसार परफ्यूम में मौजूद केमिकल्स और अल्कोहल त्वचा की प्राकृतिक नमी छीन लेते हैं और इससे एलर्जी और जलन पैदा हो जाती है। यह लंबे समय में पिग्मेंटेशन और दाग-धब्बों का कारण बनते हैं। दरअसल गर्दन की त्वचा चेहरे जितनी ही नाजुक होती है, यहां तेल ग्रंथियां कम होती हैं धूप, पसीना और रगड़ (कपड़ों/ज्वेलरी से) का असर ज्यादा पड़ता है। इस वजह से केमिकल्स जल्दी रिएक्शन करते हैं।

**परफ्यूम में मौजूद खतरनाक तत्व**

ज्यादातर परफ्यूम में अल्कोहल, होते हैं जो त्वचा को ड्राई बनाते हैं, जलन और



खुजली पैदा करते हैं, एलर्जी और रैशेज़ का कारण बन सकते हैं। त्वचा विशेषज्ञों का कहना है कि परफ्यूम लगाने के बाद धूप में निकलने से फोटो-डर्मेटाइटिस हो सकता है इससे गर्दन पर काले धब्बे, पिग्मेंटेशन, समय से पहले झुर्रियां, जलन और जलने जैसा एहसास हो सकता है

**इन लोगों को ज्यादा खतरा**

सेंसिटिव स्किन वाले लोग, जिनकी त्वचा पर जल्दी एलर्जी हो जाती है जो रोज़ाना परफ्यूम का इस्तेमाल करते हैं उन लोगों को सावधान रहने की जरूरत है। एक्सपर्ट्स के अनुसार परफ्यूम गर्दन की बजाय कपड़ों पर (हल्की मात्रा में) लगाएं, कलाई के अंदरूनी हिस्से पर भी लगा सकते हैं। अगर गर्दन पर परफ्यूम लगाना ही हो तो पहले मॉइश्चराइज़र लगाएं। Alcohol-free या Hypoallergenic perfume चुनें। धूप में निकलने से पहले परफ्यूम न लगाएं। ध्यान रखें आपकी पसंदीदा खुशबू आपको खुश तो कर सकती है, लेकिन अगर गलत जगह लगाई जाए तो यह गर्दन की खूबसूरती को नुकसान पहुंचा सकती है। इसलिए बेहतर है कि परफ्यूम का इस्तेमाल समझदारी से करें और गर्दन की नाजुक त्वचा की सुरक्षा करें।

## अनार के छिलकों को फेंकने की बजाय इन 5 व्यंजनों के लिए करें इस्तेमाल, आसान हैं रेसिपी



अनार के छिलकों को अक्सर लोग कचरे में फेंक देते हैं। हालांकि, इनसे कई स्वादिष्ट और सेहतमंद व्यंजन भी बनाए जा सकते हैं। अनार के छिलकों में फाइबर, विटामिन-सी और एंटी-ऑक्सीडेंट होते हैं, जो सेहत के लिए फायदेमंद होते हैं। इस लेख में हम आपको अनार के छिलकों से बनाए जाने वाले कुछ आसान और स्वादिष्ट स्नैक्स की रेसिपी बताएंगे, जिन्हें आप घर पर कुछ ही मिनटों में तैयार कर सकते हैं।

**अनार के छिलकों की चटनी**

अनार के छिलकों की चटनी एक बढ़िया व्यंजन है, जिसे आप खाने के साथ परोस सकते हैं। इसे बनाने के लिए सबसे पहले अनार के छिलकों को धोकर काट लें, फिर इन्हें मिक्सी में पीस लें। अब इसमें हरी मिर्च, धनिया, नमक और नींबू का रस डालकर दोबारा पीस लें। चटनी को चखें और अपने हिसाब से मसाले बढ़ा लें। यह चटनी न केवल स्वादिष्ट होती है, बल्कि इसमें मौजूद विटामिन-सी रोग प्रतिरोधक क्षमता को बढ़ाने में मदद करता है।

**अनार के छिलकों का हलवा**

अगर आप मीठा पसंद करते हैं तो अनार के छिलकों का हलवा आपके लिए एक अच्छा पकवान हो सकता है। इसे बनाने के लिए सबसे पहले अनार के छिलकों को धोकर काट लें, फिर इन्हें पानी में उबाल लें। ऐसा करने से इनका कड़वा स्वाद चला जाएगा। अब इनको मिक्सी में पीसकर पेस्ट बना लें। इस पेस्ट को घी में भूनें और उसमें चीनी और इलायची पाउडर मिलाकर पकाएं, जब तक कि हलवा गाढ़ा न हो जाए।

**अनार के छिलकों की खीर**

अनार के छिलकों की खीर एक अनोखी मिठाई है, जिसे आप खास मौकों पर बना सकते हैं। इसके लिए सबसे पहले अनार के छिलकों को धोकर काट लें। इसके बाद इन्हें पानी में उबाल लें, ताकि इनका कड़वा स्वाद चला जाए। अब इनको मिक्सी में पीसकर पेस्ट बना लें। इस पेस्ट को दूध में पकाएं और उसमें चीनी और इलायची पाउडर मिलाकर गाढ़ा होने तक पकने दें। स्वाद बढ़ाने के लिए इसमें काजू और बादाम जैसे मेवे मिला दें।

**अनार के छिलकों के नमकीन चिप्स**

अगर आप नमकीन स्नैक्स पसंद करते हैं तो अनार के छिलकों के नमकीन चिप्स आजमाएं। इसके लिए सबसे पहले अनार के छिलकों को पतले-पतले टुकड़ों में काट लें। अब इन्हें हल्का-सा तेल लगाकर बेक करें या एयर फ्राई करें। जब ये कुरकुरे हो जाएं तो उन्हें परोसे लें। इन पर थोड़ा नमक छिड़ककर इन्हें अच्छी तरह ठंडा होने दें। ये चिप्स आपके स्नैक टाइम को खास बना देंगे और इनमें फाइबर भी भरपूर मात्रा में मिलेगा।

**अनार के छिलकों का अचार**

अचार तो हर घर में बनता है, लेकिन क्या आपने कभी अनार के छिलकों का अचार आजमाया है? इसके लिए सबसे पहले अनार के छिलकों को धोकर काट लें। अब इनको सरसों के तेल में भून लें। इसमें सरसों के दाने, मेथी के दाने, हल्दी पाउडर और लाल मिर्च पाउडर आदि जैसे मसाले डालकर अच्छे से मिलाएं। इस मिश्रण को ठंडा होने दें और कांच की बोतल में भरकर रख दें। इसे धूप दिखाना न भूलें।

## पकाने से पहले पत्तागोभी को अच्छी तरह साफ करने के लिए अपनाएं ये तरीके



कभी-कभी पत्तागोभी में कीड़े या अन्य छोटे जीव हो सकते हैं, जिनकी वजह से वह खाने के लिए सुरक्षित नहीं रह जाती है। इसलिए, इसे सही तरीके से साफ करना जरूरी होता है। इस लेख में हम आपको कुछ आसान और प्रभावी तरीके बताएंगे, जिनसे आप पत्तागोभी को अच्छी तरह से साफ कर सकते हैं। इन तरीकों से पत्तागोभी में कीड़े रहने की संभावना काफी कम हो जाएगी और आप उसे बेफिक्र हो कर खान-पान में शामिल कर सकेंगे।

**पानी में भिगोएं**

पत्तागोभी को सबसे पहले पानी में 10-15 मिनट के लिए भिगो दें। इससे कीड़े और सारी गंदगी बाहर निकल आएगी। इसके बाद कुछ देर इसे सूख जाने दें और उसके बाद ही काटने की शुरुआत करें। इस तरीके से पत्तागोभी की ताजगी बनी रहती है और यह खाने लायक भी रहती है। आप चाहें तो इस प्रक्रिया को दोहरा सकते हैं, ताकि सभी कीड़े पूरी तरह से निकल जाएं और गंदगी मौजूद होने की कोई गुंजाइश न रहे।

**नमक का उपयोग करें**

पत्तागोभी को साफ करने के लिए नमक का उपयोग करना एक अच्छा तरीका हो सकता है। इसके लिए पत्तागोभी को आधे हिस्से में काटें और नमक छिड़क दें। कुछ मिनट बाद इसे पानी से धो लें। नमक की मदद से कीड़े और गंदगी आसानी से निकल जाती है। आप चाहें तो पत्तागोभी को कुछ देर तक नमक वाली पानी में भिगोकर भी रख सकते हैं। इस बात की चिंता न करें कि नमक का स्वाद पत्तागोभी में रह जाएगा।

**सिरका का इस्तेमाल करें**

पत्तागोभी को साफ करने के लिए सिरका भी एक अच्छा उपाय हो सकता है। इसके लिए सबसे पहले एक बड़े बर्तन में पानी भरें और उसमें थोड़ा-सा सिरका मिला लें। अब इस मिश्रण में पत्तागोभी को डालें और 5-10 मिनट तक छोड़ दें। जब आप पत्तागोभी को बाहर निकालेंगे तो वह अच्छी तरह साफ हो जाएगी। इसके बाद पत्तागोभी को निकालकर ठंडे पानी से धो लें, ताकि सिरके का स्वाद भी हट जाए।

**उबालकर धोएं**

अगर आप पत्तागोभी को उबालकर साफ करेंगे तो उसे स्टोर करना भी आसान हो जाएगा। इसके लिए सबसे पहले एक बड़े पैन में पानी उबालें और उसमें कटी हुई पत्तागोभी को डालें। 2-3 मिनट बाद इसे निकालकर ठंडे पानी से धो लें। इससे पत्तागोभी की ताजगी बनी रहती है और इसे तुरंत पकाकर खाया जा सकता है। इस तरीके से वे कीड़े भी मर जाएंगे, जो आसानी से नहीं निकलते।

## कश्मीर में शूटिंग से उत्साहित निहारिका चौकसे, बोलीं- अनु-आर्य का प्रपोजल सीक्वेंस होगा यादगार

टीवी एक्ट्रेस निहारिका चौकसे को जीटीवी के लोकप्रिय शो तुम से तुम तक में दर्शक काफी पसंद कर रहे हैं। शो में प्यारी और मासूम अनु का किरदार निभा रही निहारिका ने हाल ही में कश्मीर में हुई शूटिंग को लेकर अपनी खुशी और उत्साह जाहिर किया। यूनिट ने कश्मीर के खूबसूरत लोकेशन पर शूटिंग की, जहां बर्फ से ढके पहाड़, ठंडी हवा और शांत माहौल ने सीन्स को और भी शानदार बना दिया। निहारिका ने अपनी खुशी जाहिर करते हुए कहा, हमारी कश्मीर ट्रिप बहुत अच्छी चल रही है। हम यहां अभी तीन और दिनों के लिए हैं और यह शेड्यूल बहुत खास होने वाला है। इसमें शो के सबसे ज्यादा इंतजार किए जाने वाले पलों में से एक दिखाया जाएगा यानी अनु (निहारिका) और आर्य (शरद केलकर) का प्रपोजल। उन्होंने आगे बताया, आने वाले एपिसोड्स में दर्शक अनु को आर्य सर को बचाते हुए देखेंगे। सभी इमोशनल उतार-चढ़ाव के बाद, आर्य सर आखिरकार अपनी फीलिंग्स जाहिर करेंगे और अनु को प्रपोज करेंगे।



## बॉर्डर 2 में वरुण धवन के साथ प्रमुख भूमिका में आईं नजर मेधा राणा, लंदन फाइल्स सीरीज से की करियर की शुरुआत

साल 2026 की मच अवेटेड फिल्म बॉर्डर 2' आज सिनेमाघरों में रिलीज हो गई है। फिल्म में सनी देओल, वरुण धवन, दिलजीत दोसांझ और अहान शेट्टी प्रमुख भूमिका में नजर आए हैं। फिल्म को क्रिटिक्स और दर्शकों की अच्छी प्रतिक्रियाएं मिल रही हैं। इस वॉर ड्रामा फिल्म में नवोदित अभिनेत्री मेधा राणा भी नजर आई हैं। मेधा फिल्म में वरुण धवन के अपोजिट नजर आई हैं। फिल्म के टीजर के बाद से ही मेधा राणा सुर्खियों में हैं और अब रिलीज के बाद लोग मेधा राणा के बारे में जानना चाहते हैं। यहां जानिए मेधा राणा के शुरुआती जीवन, करियर की शुरुआत और पढ़ाई के बारे में

25 दिसंबर 1999 को जन्मी मेधा एक ऐसे परिवार में पली-बढ़ीं, जिसका सार्वजनिक क्षेत्र से गहरा संबंध था। उनके पिता सुनील राणा सरकारी कर्मचारी हैं। उनकी मां ऋतु राणा ने स्किल्स एकेडमी शख्सियत की सह-स्थापना की है और उनकी एक बहन हैं, जिनका नाम प्रियंका राणा है। मेधा ने चंडीगढ़ के कार्मेल कॉन्वेंट स्कूल से अपनी स्कूली शिक्षा पूरी की है। उसके बाद बेंगलुरु के आर्मी पब्लिक स्कूल में दाखिला लिया। बाद में उन्होंने बेंगलुरु के क्राइस्ट यूनिवर्सिटी



से बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन में डिग्री हासिल की। यहीं से उनके अंदर मॉडलिंग और एक्टिंग में जाने की जिज्ञासा बढ़ी।बॉर्डर 2' से सुर्खियां बटोरने वाली मेधा राणा ने अपने करियर की शुरुआत साल 2022 में आई वेब सीरीज लंदन फाइल्स' से की थी। इस सीरीज में उनके साथ अभिनेता अर्जुन रामपाल प्रमुख भूमिका में नजर आए थे। इसके बाद उन्होंने नेटफ्लिक्स की सीरीज फ्राइडे नाइट प्लान में बाबिल खान के साथ अहम भूमिका निभाई। इसके अलावा मेधा कई ब्रांड्स के विज्ञापनों में भी नजर आई हैं। अब बॉर्डर 2' जैसी बड़ी फिल्म में नजर आने के बाद मेधा के करियर को नई पहचान मिलने की उम्मीद है।मेधा सोशल मीडिया पर भी काफी एक्टिव रहती हैं। वो अक्सर प्रमोशनल पोस्ट के अलावा भी अपनी तस्वीरें इंस्टाग्राम पर साझा करती रहती हैं। 26 साल की अभिनेत्री के इंस्टाग्राम पर 212के फॉलोअर्स हैं।बॉर्डर 2' में मेधा राणा वरुण धवन के साथ प्रमुख भूमिका में नजर आई हैं। फिल्म में मेधा ने धन्नो देवी दाहिया का किरदार निभाया है। वो वरुण धवन के किरदार परमवीर चक्र विजेता होशियार सिंह दहिया की पत्नी की भूमिका में हैं। फिल्म में मेधा की मासूमियत को काफी पसंद किया जा रहा है।

## सुबह खाली पेट भूलकर भी न खाएं ये 5 चीजें न्यूट्रिशनिस्ट ने कहा नहीं तो पूरे दिन रहेंगे परेशान

नाश्ता करना बहुत जरूरी है. हमारा पूरा दिन सुबह के भोजन पर निर्भर करता है. तो आपको पता होना चाहिए कि सुबह क्या खाना चाहिए और क्या खाने से बचना चाहिए. सुबह के समय खाए गए गलत खान-पान से भी आपको कई स्वास्थ्य समस्याएं हो सकती हैं. इसलिए सही आहार लेना बहुत जरूरी है.

न्यूट्रिशन एक्सपर्ट के अनुसार सुबह के समय किन चीजों से परहेज करना चाहिए. उनका कहना है कि यदि आप इन खाद्य पदार्थों से परहेज नहीं करते हैं, तो आपके पाचन और एनर्जी लेवल पर असर पड़ सकता है.

**सुबह के खाने में भूलकर भी न खाएं ये 5 चीजें!**

खट्टे फल: खट्टे फल, विटामिन सी से भरपूर होने के बावजूद, आपके पेट की परत में जलन पैदा कर सकते हैं, जिससे सीने में जलन, एसिडिटी या अपच हो सकता है.


कॉफी: खाली पेट कॉफी पीने से तनाव हार्मोन बढ़ जाते हैं, जिससे आपको घबराहट और बेचैनी महसूस हो सकती है.

मीठा खाना: सुबह-सुबह मीठा खाना खाने से ब्लड शुगर लोवल बढ़ने का खतरा हो सकता है, मीठे खाद्य पदार्थ के सेवन से कम ऊर्जा और मूड में बदलाव हो सकता है.

पेस्ट्री: पेस्ट्री स्वादिष्ट होती है और बहुत से लोग इसे पसंद करते हैं, लेकिन यह ब्लड शुगर लेवल में वृद्धि का कारण बन सकती है, जिससे आपको बाद में सुस्ती महसूस हो सकती है. इसके बजाय साबुत अनाज चुनें!

कोल्ड ड्रिंक या आइसक्रीम: कोल्ड ड्रिंक या आइसक्रीम आपके पाचन तंत्र को खराब कर सकती है और आपके चयापचय को धीमा कर सकती है, जो आपके दिन की शुरुआत करने का सबसे अच्छा तरीका नहीं है.

दही और स्पाइसी फूड : कुछ न्यूट्रिशन एक्सपर्ट के अनुसार जब आप खाली पेट दही का सेवन करने से यह पेट के अच्छे बैक्टीरिया को मार देता है, जिसकी वजह से कब्ज-एसिडिटी



की समस्या हो सकती है. न्यूट्रिशनिस्ट खाली पेट ज्यादा मसालेदार खाना खाने से बचने की सलाह देते हैं. स्पाइसी फूड से दस्त व सूजन जैसी समस्याएं हो सकती हैं.

**सुबह की शुरुआत कैसे करें?**

सुबह का नाश्ता सबसे महत्वपूर्ण भोजन है क्योंकि यह आपको पूरे दिन ऊर्जावान बनाए रखता है. कई लोगों को यह तय करना काफी उलझन भरा लगता है कि कौन सा नाश्ता सही है. ऐसे में आपको बता दें कि ऊर्जा और बेहतर पाचन के लिए अपनी सुबह की शुरुआत गर्म पानी, हर्बल चाय या दलिया या अंडे जैसे संतुलित नाश्ते से करें..

न्यूट्रिशन एक्सपर्ट के अनुसार आदर्श नाश्ता ऐसा होना चाहिए जो पोषण से भरपूर हो और शरीर को जरूरी मात्रा में एनर्जी दें. इसलिए नाश्ते का चुनाव और संयोजन उस आहार से मिलने वाले पोषण के आधार पर करना फायदेमंद हो सकता है.

रिपोर्ट के अनुसार सुबह के नाश्ते में प्रचलित कुछ विशेष आहार और उनसे मिलने वाले पोषक तत्व इस प्रकार हैं.

कार्बोहाइड्रेट: रोटी, पराठा, ब्राउन ब्रेड, ओट्स, या पोहा.

प्रोटीन: उबले अंडे, पनीर, मूंगफली, या स्प्राउट्स.

फाइबर और विटामिन: हरी सब्जियां, फल, या सूखे मेवे.

तरल पदार्थ: दूध, नारियल पानी, या हर्बल चाय

सूची के आधार पर लोग यदि अपना ब्रेकफास्ट पैटर्न डिजाइन करें तो उन्हे कई फायदे मिल सकते हैं.

## शब्द सामर्थ्य -297


(भागवत साहू)

**बाएं से दाएं**

1. व्यर्थ, अकारण, बेवजह (उर्दू) 4. साथ में, सहित 5. वर्षा, बारिश, बरखा 8. कथा, किस्सा 9. चिड़चिड़ा, बदमिजाज 11. प्रलय, आफत, हलचल 12. लाख ढकने का कपड़ा 13. पिता, क्लर्क, सम्मानित व्यक्ति 14. वायु, पवन 16. निवास करना, उपस्थित होना, ठहरना 18. जिसे लात खाने की आदत हो गई हो 19. सेवक, दास, चाकर 21. भ्राता 22. मेघ, जलद, नीरद।

**ऊपर से नीचे**

1. विशेष, विशिष्ट 2. सुगंध, खुशबू 3. आदमी, मनुष्य, मानव 5. अपेक्षाकृत, अपेक्षया 6. कष्ट, दर्द, दिक्कत 7. पठन, पढ़ने का काम, शिक्षा 10. किस्मत, नसीब, भाग्यवान 12. एक पक्षी जो पुराने समय में संदेश वाहक का काम करता था 13. बाल, बच्चा, लड़का, छोकरा 17. वायु संबंधी, हवा में रहने, उड़ने या होने वाला, बिलकुल काल्पनिक और निर्मूल 19. नाव, कश्ती 20. वर्ष, बरस, एक इमारती वृक्ष।



**शब्द सामर्थ्य क्रमांक 296 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| पं | क्ति | | स्वा | द | | स | ब | ब |
| जा | | सु | हा | ना | | | ली | द |
| ब | हु | धा | | द | ल | ना | | ल |
| | | क | मा | न | | ग | ह | ना |
| भं | व | र | | | | वा | म | |
| गी | त | | म | ज | बू | र | | ट |
| | न | म | स्का | र | | | | र |
| | | यां | | | बी | | ना | का |
| सं | वि | दा | | ब | स | च | ल | ना |

भारत के 77वें गणतंत्र दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं

शिव प्रसाद सिंह - सरपंच

रवि प्रताप सिंह - सचिव

एवं समस्त पंचगण

ग्राम पंचायत सगरा, जनपद पंचायत भरतपुर

भारत के 77वें गणतंत्र दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं

लालसाय सिंह - सरपंच

लालू सिंह - सचिव

एवं समस्त पंचगण

ग्राम पंचायत जैती, जनपद पंचायत भरतपुर

भारत के 77वें गणतंत्र दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं

नानबाई बैगा - सरपंच

प्रेमवती वास्कले- सचिव

एवं समस्त पंचगण

ग्राम पंचायत बड़वाही, जनपद पंचायत भरतपुर

भारत के 77वें गणतंत्र दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं

मालती सिंह गोंड़ - सरपंच

मार्तण्ड सिंह- सचिव

एवं समस्त पंचगण

ग्राम पंचायत बेला, जनपद पंचायत भरतपुर

भारत के 77वें गणतंत्र दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं

कौशिल्या सिंह गोंड़ - सरपंच

गोरेराम अहिरवार- सचिव

एवं समस्त पंचगण

ग्राम पंचायत नौढ़िया, जनपद पंचायत भरतपुर

भारत के 77वें गणतंत्र दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं

दुधेश्वर सिंह - सरपंच

इंद्रपाल यादव- सचिव

एवं समस्त पंचगण

ग्राम पंचायत डोंगरीटोला, जनपद पंचायत भरतपुर

भारत के 77वें गणतंत्र दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं

गायत्री सिंह - सरपंच

गुलाब सिंह - सचिव

एवं समस्त पंचगण

ग्राम पंचायत बरहोरी, जनपद पंचायत भरतपुर

भारत के 77वें गणतंत्र दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं

लालजीत सिंह - सरपंच

रघुनाथ सिंह - सचिव

एवं समस्त पंचगण

ग्राम पंचायत सेमरिहा, जनपद पंचायत भरतपुर

भारत के 77वें गणतंत्र दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं

कलावती बैगा - सरपंच

प्रभाकर सिंह - सचिव

एवं समस्त पंचगण

ग्राम पंचायत पतवाही, जनपद पंचायत भरतपुर

भारत के 77वें गणतंत्र दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं

प्रेमलाल सिंह गोंड़ - सरपंच

ललुआ सिंह - सचिव

एवं समस्त पंचगण

ग्राम पंचायत मलकडोल, जनपद पंचायत भरतपुर

भारत के 77वें गणतंत्र दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं

रामफल पंडो - सरपंच

टकेश्वर सिंह - सचिव

एवं समस्त पंचगण

ग्राम पंचायत गढ़वार, जनपद पंचायत भरतपुर

भारत के 77वें गणतंत्र दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं

सुभाष सिंह - सरपंच

बीरन सिंह - सचिव

एवं समस्त पंचगण

ग्राम पंचायत कोटाडोल, जनपद पंचायत भरतपुर

भारत के 77वें गणतंत्र दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं



राजकुमार सिंह टेकाम
सरपंच

बलदेव सिंह
सचिव

एवं समस्त पंचगण

ग्राम पंचायत देवशिल, जनपद पंचायत भरतपुर

भारत के 77वें गणतंत्र दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं



सी.एम.ओ.
डी.एल.बर्मन

अध्यक्ष
कौशल पटेल उर्फ कक्कू

एवं समस्त पार्षदगण व समस्त स्टॉप

नगर पंचायत जनकपुर, जिला एम. सी. बी.

भारत के 77वें गणतंत्र दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं



सरपंच
अजय बहादुर सिंह

सचिव
गया प्रसाद यादव

एवं समस्त पंचगण

ग्राम पंचायत मैनपुर

भारत के 77वें गणतंत्र दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं



राजाराम

पार्क परिक्षेत्र अधिकारी व समस्त स्टॉफ

पार्क परिक्षेत्र जनकपुर एवं कमर्जी

भारत के 77वें गणतंत्र दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं



भूपेंद्र यादव

वन परिक्षेत्र अधिकारी

वन परिक्षेत्र कुंवारपुर जिला एम. सी. बी.

भारत के 77वें गणतंत्र दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं



इंद्रभान पटेल

वन परिक्षेत्र अधिकारी

वन परिक्षेत्र बहरासी जिला एम. सी. बी.

भारत के 77वें गणतंत्र दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं



राम सागर गुप्ता

वन परिक्षेत्र अधिकारी

वन परिक्षेत्र कोटाडोल जिला एम. सी. बी.

भारत के 77वें गणतंत्र दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं



चरणकेश्वर सिंह

वन परिक्षेत्र अधिकारी

वन परिक्षेत्र जनकपुर जिला एम. सी. बी.

गणतंत्र दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं



शिव प्रसाद सिंह
सरपंच

मार्तण्ड सिंह
सचिव

एवं समस्त पंचगण, ग्राम पंचायत पूंजी
जनपद पंचायत भरतपुर, जिला एम. सी. बी.

गणतंत्र दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं



राकेश सिंह कंवर
सरपंच

सुरेश कुमार गुप्ता
सचिव

एवं समस्त पंचगण, ग्राम पंचायत डोम्हरा
जनपद पंचायत भरतपुर, जिला-एम.सी.बी.

गणतंत्र दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं



श्रीमती शांति बैगा
सरपंच

राजू प्रसाद गुप्ता
सचिव

लाल बहादुर सिंह
उप सरपंच

एवं समस्त पंचगण, ग्राम पंचायत देवगढ, जनपद
पंचायत भरतपुर, जिला-एम.सी.बी.

गणतंत्र दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं



श्रीमती शकुंतला सिंह
सरपंच

विकास मिश्रा
सचिव

जगदीश प्रसाद भुर्तिया
उप सरपंच


एवं समस्त पंचगण, ग्राम पंचायत जोलगी













रायपुर साहित्य उत्सव
आदि से अनादि तक

# संस्कृति का संस्कार रूप साहित्य अमर है

## साहित्य, संस्कार, सिनेमा और राष्ट्र बोध के नाम रहा रायपुर साहित्य उत्सव



इस तीन दिवसीय साहित्य उत्सव में विचारों का खुलकर आदान प्रदान हुआ, जिससे लोगों को बहुत सारी बातें सीखने का मौका मिला, पाठकों को नई पुस्तकें पढ़ने का मौका मिला। शब्द का रूप ब्रम्ह है, आजादी के आंदोलनों के समय वंदेमातरम के दो शब्दों ने देश के स्वतंत्रता संग्राम में सभी को बांधने का कार्य किया। मन में अनुभूति से ही साहित्य बनता है, कविता में संदेश होना चाहिए। साहित्य हमें आगे बढ़ने का रास्ता दिखाता है, सभी को साहित्य को अपने जीवन का हिस्सा बनाना चाहिए।

— श्री रमेन डेका
माननीय राज्यपाल



साहित्य किसी राष्ट्र की आत्मा और विकास की दृष्टि से महत्वपूर्ण होता है। छत्तीसगढ़ के साहित्यों का इतिहास बहुत समृद्ध रहा है। यहां महाकवि कालिदास द्वारा मेघदूतम की रचना की गई, यहां पदुम लाल पुन्नालाल बख्शी, मुक्तिबोध, विनोद कुमार शुक्ल के द्वारा हमारे साहित्य की अविरल धारा को प्रवाहित किया गया है। साहित्य में मानवीय चेतना के अभिन्न अंग रहते हैं, उनको जीवंत करने का कार्य इस उत्सव में किया गया है।

— श्री ओपी चौधरी
माननीय वित्त मंत्री



आज फिल्म के हिट और फ्लॉप होने की बात अधिक होती है। सिनेमा को देखने का मापदंड बदल गया है। सिनेमा का सामाजिक सरोकार नहीं रहा। सिनेमा आपके प्रश्नों को तभी उठाएगा, जब उससे सिनेमा को बड़ा लाभ होगा। आज के समय में आप चाणक्य नहीं बना सकते। हिंदी सिनेमा में हिंदी का स्तर कहां तक पहुंचा है, यह एक बड़ी चुनौती है। सभी सिनेमा को सरल करने की बात करते हैं, हिंदी में अंग्रेजी शब्दों का प्रयोग होता है।

— डॉ चंद्रप्रकाश द्विवेदी
अभिनेता, निर्देशक
प्रसिद्ध धारावाहिक चाणक्य



सिनेमा एक ऐसा औजार है जो बिगड़े हुए समाज को शेप दे सकता है। अगर हम सिनेमा से सामाजिक सरोकार की अपेक्षा करते हैं, तो बहुत से लेखक-निर्देशक आज भी इस दायित्व को निभाते आ रहे हैं। हम जब भी फिल्मों की बात करते हैं, तो पसंद-नापसंद की बात अपने आप ही सामने आ जाती है। फिल्में समाज का जरूरी हिस्सा है।

— श्री अनुराग बसु
फिल्म निर्देशक

छत्तीसगढ़ की माटी की महक से रचा-बसा नवा रायपुर स्थित पुरखौती मुक्तांगन इन दिनों शब्द, संवेदना और संस्कृति की त्रिवेणी में स्नात होकर एक विराट वैचारिक तीर्थ के रूप में प्रतिष्ठित हो उठा है। तीन दिवसीय 'साहित्य, संस्कार और स्वाध्याय' के इस महाकुंभ में विचारों की अविरल धारा समाज, राष्ट्र और मनुष्यता को आलोकित कर रही है। उत्सव के तीसरे दिन भी साहित्यप्रेमियों का उत्साह देखते ही बनता रहा, जहां नागरिकों, छात्रों और शोधार्थियों की सक्रिय सहभागिता ने आयोजन को जन-संवाद का जीवंत स्वरूप प्रदान किया

सुबह से ही सत्रों और परिचर्चाओं के लिए पंजीयन काउंटरों पर दिखाई देती लंबी कतारें साहित्यिक गतिविधियों के प्रति समाज की गहरी रुचि का प्रमाण थीं। उत्सव के विविध सत्रों में साहित्य, संस्कृति, कला, मीडिया और तकनीक जैसे समकालीन विषयों पर सार्थक विचार-विमर्श हुआ, जिसे प्रख्यात वक्ताओं और लेखकों की गरिमामयी उपस्थिति ने और अधिक समृद्ध बनाया।

चिंतन, संवाद और सृजन का यह विराट आयोजन आज 'आदि से अनादि तक' की शाश्वत चेतना को आत्मसात कर संपन्न हुआ। विभिन्न सत्रों में देश के शीर्ष विद्वानों द्वारा झंकृत सामाजिक चिंतन के ये स्वर भारत की बौद्धिक विरासत की ही गूंज हैं। यह आयोजन नई पीढ़ी को अपनी जड़ों की ओर लौटने के लिए प्रेरित करेगा और साहित्य के 'अमर संस्कार' को सदैव ज्ञान, अध्यात्म एवं चेतना की सरिता से अभिसिंचित करता रहेगा।

समापन समारोह छत्तीसगढ़ के माननीय राज्यपाल रमेन डेका की गरिमामय उपस्थिति में सम्पन्न हुआ, जहाँ विशिष्ट अतिथि के रूप में वित्त मंत्री ओ.पी. चौधरी, विख्यात फिल्मकार डॉ. चंद्रप्रकाश द्विवेदी और अनुराग बसु ने कार्यक्रम की गरिमा को नई ऊँचाइयों तक पहुँचाया।

### उत्सव की मुख्य झलकियां

वैचारिक विमर्श: विनोद कुमार शुक्ल, लाला जगदलपुरी और श्यामलाल चतुर्वेदी जैसे मनीषियों के नाम पर बने मंडपों में संविधान, भारतीय मूल्य, सिनेमा, पत्रकारिता और शासन जैसे विषयों पर गंभीर संवाद हुए।

### सांस्कृतिक चेतना

उत्सव के केंद्र में 'नव युग में भारत बोध' और छत्तीसगढ़ी काव्य पाठ की गूंज रही, जिसने स्थानीय कला और राष्ट्रीय चेतना को एक सूत्र में पिरोया।

### लोक नृत्य ने जीता दर्शकों का दिल

पंडवानी गायिका दुर्गा साहू, रायपुर की प्रस्तुति और पंथी नृत्य में वेदप्रकाश माहेश्वरी की प्रस्तुति ने बांधा समा



### ओपन माइक में नवोदित कलाकारों ने दी मनमोहक प्रस्तुति



### नाट्यशास्त्र और कला परम्परा पर हुआ सार्थक संवाद

राजा चक्रधर सिंह को समर्पित इस सत्र में प्रख्यात वक्ता डॉ. सच्चिदानंद जोशी, डॉक्टर लवली शर्मा,कुलपति और राजेश गनोदवाले हुए शामिल



### चित्रकला प्रदर्शनी

प्रदेश की सांस्कृतिक विरासत, प्राकृतिक सौंदर्य और जनजीवन को दर्शाती विविध चित्रकृतियां प्रदर्शित की गईं



### छत्तीसगढ़ी काव्य पाठ

लोकभाषा और संवेदना से सजा साहित्यिक मंच



S-46675/ 88